3 बस्तर संभाग
भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल : अरुण साव

6 अभिमत
समानता के लिए जारी है संघर्ष

10 संस्कारधानी
आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित...

11 छत्तीसगढ़
दो साल के इंतजार बाद शुरू हुआ एनसीसी कैडेट्स का...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 25 सितम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 36 मूल्य 3.00 ₹

# पीएफआई ने रची थी मोदी पर हमले की साजिश

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पॉपुलर फ्रंट इंडिया के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि संगठन ने बिहार के पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को निशाना बनाने की योजना तैयार की थी। साथ ही जांच एजेंसी ने बताया कि पीएफआई टेरर मॉड्यूल तैयार करने और अन्य हमलों की भी तैयारी कर रहा था। केरल से गिरफ्तार हुए पीएफआई सदस्य शफीक पायेथ के रिमांड नोट में ईडी ने सनसनीखेज दावे किए हैं। एजेंसी का कहना है कि पीएफआई ने इस साल 12 जुलाई को पीएम मोदी के पटना दौरे पर हमला करने के लिए ट्रैनिंग कैंप लगाया था। खास बात है कि साल 2013 में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े आतंकियों ने भी उनकी रैली में धमाका किया था। गुरुवार को देश के करीब 13 राज्यों में ईडी और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के साथ मिलकर रेड की थी। उस दौरान एनआईए ने 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। जबकि, ईडी ने चार लोगों को हिरासत में लिया था। इनमें परवेज अहमद, मोहम्मद इलियास और अब्दुल मुकीत का नाम शामिल है। ईडी इससे पहले भी इन सभी से मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान पूछताछ कर चुकी है।

# पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से नाराज भाजपाई

## लगाया 'निजी थाना' (कांग्रेस) का बैनर


पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भाजपाई लगातार सवाल खड़े कर रहे है। इसी बीच धमतरी जिले के कुरूद थाने में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'निजी पुलिस थाना' (कांग्रेस) का बैनर लगा दिया। जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। भाजपाईयों का आरोप है कि धमतरी जिले में लगातार पुलिस आम लोगों पर कहर बरपा रही है। पिछले दिनों शराब दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने सेल्समैन को पीटा। भाजपा का कहना है कि थाने में पीड़ित की शिकायत तक नहीं लिखी गई। क्योंकि मारपीट करने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ता थे। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस कांग्रेस के इशारे पर काम कर रही है इसलिए थाने को कांग्रेस का निजी थाना कहा जाना चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार नाराज भाजपाई थाने की दीवार में पोस्टर लगाकर सेल्फी ले रहे थे। पुलिस को भनक लगी तो आनन-फानन में पोस्टर को हटवाया गया। तब तक लोगों ने सोशल मीडिया में उसे वायरल कर दिया।

# 2जी एथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना के लिए सीएम भूपेश ने अमित शाह को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर धान की फसल के अवशेष से राज्य में एथेनॉल उत्पादन के लिए तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से एक वाणिज्यिक एवं एक प्रदर्शन परियोजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए राज्य में 2जी एथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना की कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। बघेल ने पत्र में मध्यक्षेत्र अंतरराज्यीय परिषद की 22 अगस्त 2022 को आयोजित बैठक का उल्लेख करते हुए कहा है कि मेरे द्वारा राज्य में, प्रधानमंत्री 'जी-1' योजना (जैव ईंधन-वातावरण अवशेष निवारण) के अंतर्गत फसल अवशेषों के निवारण के लिए लिग्नों सेल्यूलॉजिक बायोमॉस आधारित बायो एथेनॉल उत्पादन हेतु नासिरेजलर (2जी) के संबंध में भारत सरकार की तेल विपणन कम्पनी द्वारा रिफाइनरी स्थापित किए जाने का अनुरोध किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि फसलों विशेषकर, धान का अनुमानित वार्षिक उत्पादन 137 लाख मि.टन (खरीफ विपणन वर्ष 2022-23) है। इससे प्राप्त होने वाले बायोमॉस के निष्पादन के लिए (2जी) लिग्नों सेल्यूलॉजिक बायोमॉस आधारित रिफाइनरी के लिए राज्य में समस्त अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध है। उन्होंने आगे लिखा है कि राज्य सरकार के नगरीय निकाय और गौठान समितियों के द्वारा बैकवार्ड लिंकेज के माध्यम से लिग्नों सेल्यूलॉजिक बायोमॉस उपलब्ध कराने के लिए **BaStrategic Partenership** किया जा सकता है। इसके माध्यम से योजना के उद्दश्यों की पूर्ति के लिये निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कृषि अवशेषों को जलाने से उत्पन्न पर्यावरण प्रदूषण एवं नगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कमी की जा सकेगी।

# अंकिता हत्याकांड के आरोपी की फैक्टरी में भीड़ ने आग लगाई, विधायक की कार तोड़ी

वार्ता ‹ ऋषिकेश/देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखण्ड में ऋषिकेश के अंकिता भंडारी हत्याकांड में आरोपी पुलकित आर्य की फ़ैक्टरी को शनिवार दोपहर आक्रोशित भीड़ ने आग लगा दी। फ़ैक्टरी रिजॉर्ट के ठीक पीछे स्थित है। इस बीच आरोपी पुलकित के पिता और भाई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निकाल दिया गया है। उधर, हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पार्टी विधायक रेनू बिष्ट की कार पर हमला किया गया। रिसेप्शनिस्ट हत्याकांड के आरोपी रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य की दो साथियों के साथ शुक्रवार को गिरफ़्तारी के बावजूद स्थानीय लोगों का गुस्सा शान्ति नहीं हुआ है। देर रात को प्रशासन द्वारा रिजॉर्ट के कुछ भाग को बुलडोज़र से गिराने के बाद, शनिवार दोपहर कुछ लोग इसके पीछे स्थित फ़ैक्टरी में घुस गए और उसमें आग लगा दी। आग से हुये क्षति का आकलन नहीं हो सका है। दूसरी ओर आरोपी के पिता भाजपा नेता विनोद आर्य और भाई अंकित आर्य को पार्टी ने निष्कासित कर दिया है। साथ ही, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अंकित आर्य को उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया है। प्रमुख सचिव एल फैनई ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

# आधुनिक समस्याओं के समाधान के लिए गांधी प्रासंगिक : धनखड़

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आधुनिक समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को प्रासंगिक करार देते हुए कहा है कि सबका साथ, सबका विकास का दर्शन गांधीवाद विचार से प्रेरित है। धनखड़ ने हरिजन सेवक संघ के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का दृष्टिकोण गांधीवादी विचार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि गांधीवादी आदर्श संविधान के मौलिक अधिकारों और निर्देशक सिद्धांतों में व्याप्त हैं। बापू की शिक्षाएं मानवता के लिए हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। उन्होंने कार्यक्रम से पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और आचार्य विनोबा भावे को पुष्पांजलि अर्पित की।

# विकासशील पहुंचे पाटन, गांवों का किया दौरा

## जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई सराहना



पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय के एडीशनल सेक्रेटरी और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर विकासशील शनिवार को पाटन ब्लाक के गांवों में जलजीवन मिशन और स्वच्छता का काम देखने पहुंचे। उन्होंने देर तक यहां प्रोजेक्ट्स को देखा। उनकी बारीकियों के बारे में पूछा। मिशन से जुड़े लोगों से बातचीत की और हितग्राहियों से बात की। इसके लिए वे पतोरा, तर्रा और देवादा गये। तर्रा में वे जलवाहिनी के सदस्यों से मिले और पूछा कि पानी टेस्ट कैसे करते हो। सदस्यों ने बताया। उन्होंने कहा कि यदि सैंपल खराब आये तो क्या करोगे। पीएचई के अधिकारियों ने बताया कि इसका ट्रीटमेंट करेंगे। श्री विकासशील ने कहा कि पानी खराब आने पर क्या करेंगे इसके लिए स्टैंडर्ड प्रोसिजर सबको बता दें। फिर उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्थानीय लोगों की सहभागिता भी होनी है। इसके लिए क्या किया है। इस पर सदस्यों ने बताया कि प्रति कनेक्शन सौ रुपए लिया जा रहा है। इससे आपरेटर को छह हजार रुपए भुगतान किया जा रहा है। यहां 311 घरों में कनेक्शन है। उन्होंने कनेक्शन वाले परिवारों से बात की। परिवारों ने संतुष्टि जताई। मिशन डायरेक्टर ने जिले में और पाटन ब्लाक में अब तक हुए जलजीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और पर्याप्त जल प्रदाय करना सबसे अहम कार्य है। इसके लिए जलजीवन मिशन बनाया गया है ताकि सबके लिए यह सुनिश्चित किया जा सके। इसका काम बढ़िया होता रहे, इसकी अधिकारी निरंतर मानिटरिंग करते रहें।



# श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने दोंदेकला में राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा के सामुदायिक चिकित्सा विभाग व्दारा शनिवार को प्राथमिक शाला दोंदेकला में राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. किरण माकड़े, प्राध्यापक डा. प्रियंका साहू, सह-प्राध्यापक डा. मनीष प्रसाद, सहायक प्राध्यापक डा. राहुल पाल, स्टेटिशियन मनीष साहू, मेडीको सोशल वर्कर मनोज कुमार साहू, उर्मिला अजय कुर्रे तथा स्त्री रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नीरजा अग्रवाल और उनकी सहायक खुशबू राजपूत व अन्य 55 महिलाओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के व्दारा नियुक्त महिला चिकित्सा अधिकारी डा. समृद्धि शर्मा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन की महत्ता की जानकारी दी। इसके पश्चात विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल पाल ने संतुलित आहार पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य रूप से किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को विटामिन, कैल्शियम, आयरन तथा पोषक तत्वों के स्रोतों के बारे में जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डा. प्रियंका साहू ने स्तनपान के महत्व व स्तनपान कराने के सही तरीके के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रसव के तुरंद बाद मां का पहला पीला गाढ़ा दूध शिशु के लिए अमृत के समान है जो रोगों से लड़ने में सहायक होता है। 6 माह तक केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। विभाग के सह प्राध्यापक डा. मनीष प्रसाद ने टीकाकरण के महत्व को समझाया, जिसमें जन्म से लेकर 10 वर्ष तक विभिन्न टीकों जैसे पोलियो, रूबेला, टिटनेस, खसरा व विटामिन-ए की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीके रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते है तथा रोगों से लड़ने में सहायक होते है। विभाग के विभागाध्यक्ष डा. किरण माकड़े ने बच्चों में होने वाले कृमि को दूर करने तथा रक्त की कमी से होने वाले एनीमिया रोग को दूर करने के लिए आवश्यक स्रोतों जैसे गुड़, अनार, चुकंदर व हरी पत्तेदार सब्जियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नीरजा अग्रवाल ने गर्भधारण से लेकर प्रसव तक की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने गर्भधारण के दौरान आयरन, कैल्शियम, पोलिक एसिड के महत्व को विस्तार बताया । साथ ही सोनोग्राफी कब कराना चाहिए तथा इसके लाभ को समझाया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के मनीष साहू ने विभाग के सभी सदस्यों तथा प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष व गर्भवती महिलाओं का कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही उनको पोषण हार के लिए गुड़ व फल्ली से बनी चिक्की व केला वितरित किया। श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस परिवार ने ग्राम दोंदेकला के ग्राम प्रमुख व जनमान्यगणों ने पोषण माह कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया उनके प्रति आभार जताया।

# पैराडाइज स्कूल में हुआ पालक सम्मेलन



पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

पैराडाईज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई स्कूल में दो यूनिट टेस्ट के बाद पालक शिक्षक सम्मेलन रखी गई जिसमें सैकड़ो पालको ने भाग लेकर अपने बच्चो के यूनिट टेस्ट एवं सर्वागीण विकास के लिये परामर्श किया पैराडाईज स्कूल केवल पाठ्यक्रम की गहन शिक्षा ही नही प्रदान करता है बल्कि योग, ध्यान, सम्पूर्ण इनडोर आउटडोर गेम्स, म्यूजिक क्लास, डांस क्लास मार्सल आर्टस, नैतिक एवं बौद्धिक कक्षा का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों में शारीरिक, आध्यात्मिक, नैतिक, मानसिक विकास, भाषा, गणित एवं विज्ञान के ज्ञान के अलावा गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक विकास उत्तरोत्तर परिलक्षित हो रहा है। पैराडाईज स्कूल बच्चो को बहुमूल्य रत्नो के समान समझता है जिसके गुणों का सम्पूर्ण विकास शिक्षण एवं प्रशिक्षण द्वारा हो सकता है। पैराडाईज स्कूल मे पाठ्यक्रम के अध्ययन अध्यापन के अलावा किसी बच्चों मे अंतर्निहित कला कौशल, खेलकूद प्रतिभा, गीत संगीत एवं नृत्य के अलावा बौद्धिक एवं नेतृत्व प्रतिभा के विकास के लिये हमेशा अपने विषय में परांगत शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे विद्यार्थियों को अपने अध्ययन अध्यापन से अपनी प्रतिभा को निखारने का सम्पूर्ण अवसर प्राप्त हो रहा है। शिक्षक पालक मिटिंग मे पालको को शिक्षक द्वारा उनके बच्चों के विकास के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये पालको द्वारा भी अपने बच्चो के विकास एवं उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिये शिक्षको से परामर्श किया गया। पालक अपने बच्चो को पैराडाईज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई. स्कूल में अध्यापन कराकर उनके व्यक्तित्व को उत्कृष्ठ बनाना चाहते है। पैराडाईज हायर सेकेण्डरी सी.बी.एस.ई. स्कूल प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, सब मैनेजर हामीद खान के मार्गदर्शन में, संगीत शिक्षक मृनाल पाण्डे, नृत्य शिक्षक गौरव टांडिया एवं वरिष्ठ विषय शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ई, दुष्यंत यदुराज, अरबिंद मेहतो, लक्ष्मी देबनाथ, भारती पटेल, दीपांजली गोगोई, रिया सोनी, दीप्ती सोनी, शिखा मेहरा, दीपा व्यास, वर्षा रमानी, शबाना परवीन, एस. मर्सी, मेघा सेवा, तीरथ साहू, कृष्णपद कुंभकार, अवतार सिंग, सुचितस्मिता खान, ग्लोरिया रजक, मुस्कान वाल्यानी, सरिता मिश्रा, स्वाति गुप्ता, रामेश्वरी साहू, सरिता यादव, नीरज रजक, जीतूदास माण्डले, टाकेश्वर साहू, नोमान साहू, प्रतीक सिंग ठाकुर, रविशंकर पटेल, आदित्य रजक आदि शिक्षकों के अध्ययन अध्यापन द्वारा सफलतापूर्वक बच्चों को वास्तव में उत्कृष्ट शिक्षण प्रदान कर रहा है।

# छ.ग. पीएससी भृत्य परीक्षा–2022 आज जिले के10 परीक्षा केन्द्रों में होगी परीक्षा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा भृत्य परीक्षा-2022 रविवार 25 सितम्बर 2022 को मध्यान्ह 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक आयोजित की गई है। जिला बेमेतरा अंतर्गत उक्त परीक्षा में कुल 3603 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरु कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शास. कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शास. बालक उच्चतर महाविद्यालय, शास. कन्या उच्चतर महाविद्यालय, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा, शास. उच्चतर मा. स्कूल बावामोहतरा, शास. उ.मा. विद्यालय जेवरी, शास. उ.मा. विद्यालय जेवरा एवं शास. उ.मा. विद्यालय कठियारांका कुल 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने हीरा गवर्ना डिप्टी कलेक्टर को सम्पूर्ण परीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया एवं पुलिस अभिरक्षा में परीक्षा दिनांक को परीक्षा सामग्री पहुंचाने एवं केन्द्रों में नकल अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने व आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन की ओर से 04 उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र की मूलप्रति सहित परीक्षा के 01 घण्टा पूर्व उपस्थित हो जाए। पहचान पत्र हेतु मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ड/ड्राईविंग लायसेंस/पैन कार्ड/आधार कार्ड एवं आयोग द्वारा निर्धारित अन्य पहचान पत्र ही मान्य होगा।

## स्कूली शिक्षकों को शिक्षा सत्र के अंत तक पात्रतानुसार मिलेगी पुनर्नियुक्ति

**बेमेतरा।** प्रदेश में स्कूली शिक्षकों को शिक्षा सत्र के अंत तक पात्रतानुसार पुनर्नियुक्ति दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, सभी संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय एवं शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षकों (सहायक शिक्षक से प्राचार्य तक) को पुनर्नियुक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संबंधितों जारी पत्र में कहा गया है कि विभाग द्वारा 15 जून 2012 के माध्यम से शिक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष शिक्षा सत्र के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय एवं शत प्रतिशत अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षकों (सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक) को उस शैक्षणिक सत्र के अवसान 30 अप्रैल तक पुनर्नियुक्ति किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे।

# जिला मेडिकल बोर्ड में 7 बच्चों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता < गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों को चिन्हित कर उनका प्रमाण पत्र एवं यूनिक आईडी बनाने का कार्य लगातार चल रहा है, ताकि दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके। इसी क्रम में आज जिला मेडिकल बोर्ड ने 7 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया है। जिला मेडिक बोर्ड के समक्ष उपस्थित 17 बच्चों में से श्रवण बाधित 6 बच्चों को जिला हॉस्पिटल बिलासपुर रिफर किया गया। तीन बच्चों को आंखों में डालने के लिए दवाई दिया गया तथा एक बच्चे को सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। दृष्टि बाधित बच्चों को अगले शनिवार को फिर से बुलाया गया है। इस अवसर पर बीआरपी प्रवीण कुमार चौधरी गौरेला एवम बीआरपी वंदना तिवारी पेंड्रा उपस्थित थे।

## जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द को दी गई श्रद्धांजलि

**बेमेतरा।** लिनेस क्लब समाज सेवी संस्था प्रेरणा के द्वारा ब्रह्मलीन धर्मसम्राट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूज्यपाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड चौक बेमेतरा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं डॉ निधि बनाफर सह सचिव के द्वारा भिक्षुक भोजन कराया गया एवं पीआरओ रामेश्वरी साहू के द्वारा वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया गया जिसमें क्लब की अध्यक्ष विनोद राघव,रश्मि ताम्रकार, शारदा तिवारी ,ममता ताम्रकार, निधि बनाफर, रामेश्वरी साहू ,आरती साहू कनक लता मिश्रा, नीलम साहू, नित्या साहू, वर्षा गौतम उपस्थित थे।



# अंतागढ़ पिछड़ा वर्ग समाज ने रेल्वे प्रबंधन के नाम एसडीएम कार्यालय में अंतागढ़ से रायपुर ट्रेन चालू करने का सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ पिछड़ा वर्ग समाज द्वारा रेल्वे प्रबंधन के नाम एसडीएम कार्यालय में सुबह के समय अंतागढ़ से रायपुर ट्रेन चालू करने सौंपा गया ज्ञापन। सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ब्लाक इकाई अंतागढ़ के पदाधिकारियों द्वारा रेल्वे प्रबंधन रायपुर के नाम से अंतागढ़ एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में सुबह के समय अंतागढ़ से रायपुर यात्री ट्रेन चालू करने का मांग किया गया है बता दे की अंतागढ़ क्षेत्र के लोगो को रेल सेवा 13 अगस्त से मिलना शुरू हो गया है जिसमे यात्री ट्रेन रोजानः दोपहर 1:30 को आती है और दुर्ग के लिए वापस हो जाती है जिससे क्षेत्र के लोगो को रेल सेवा राजधानी रायपुर तक नही मिल पा रही है सर्व पिछड़ा वर्ग समाज अंतागढ़ के पदाधिकारी विजय साहू एवं मधेश्वर जैन ने बताया की क्षेत्र के लोगो को हर काम के लिए राजधानी रायपुर जाना जरूरी हो जाता है ऐसे में अंतागढ़ से चलने वाली ट्रेन दुर्ग तक ही जाती है जिससे क्षेत्र के लोगो को ट्रेन का सेवा अधूरा सा लग रहा है जबकि सुबह रायपुर के लिए ट्रेन अंतागढ़ से मात्र 25 की. मीटर दूर केवटी तक आती है और वही से वापस हो जाती है ऐसे में सुबह रायपुर जाने के लिए क्षेत्र के लोगो को 25 की.मीटर दूर केवटी जाना पड़ता है जिसके चलते आज सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ब्लाक इकाई अंतागढ़ द्वारा रेल्वे प्रबंधन रायपुर के नाम अंतागढ़ एसडीपी कार्यालय में ज्ञापन सौप गया है जिसमे प्रतिलिपि कांकेर कलेक्टर, विधायक अनूप नाग एवम कांकेर सांसद मोहन मंडावी को दिया गया है ज्ञापन सौंपने वालों में मधेश्वर जैन, विजय साहू, राकेश गुप्ता, राजेंद्र यादव, पुनीत पटेल, मुकेश निषाद, सूर्यकांत यादव, बिरझु उईके, बद्री जैन, रामशुख यादव, भानु पटेल, देवलाल दर्रो, दिलीप यादव, नरेश यादव, आदि उपस्थित रहे।

# वेदवती शांडिल्य के निधन पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने शोक संवेदना व्यक्त की

पायनियर संवाददाता < अंतागढ़
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता व कलगांव उपसरपंच गोपाल शांडिल्य की धर्मपत्नी वेदवती शांडिल्य के निधन पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने शोक संवेदना व्यक्त की।

आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता व कलगांव उपसरपंच गोपाल शांडिल्य की धर्मपत्नी वेदवती शांडिल्य के निधन पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं बुराड़ी दिल्ली के विधायक संजीव झा ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

संजीव झा ने गोपाल शांडिल्य को पत्र लिखकर कहा कि वेदवती शांडिल्य जी का असमय निधन बेहद दुःखद व पीड़ादायक है।इस संकट की घड़ी में यद्यपि मैं उपस्थित नहीं हो सका पर इसका सदैव मुझे अफसोस रहेगा।असहनीय दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार को पीड़ा सहने की शक्ति प्राप्त हो, ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेण्डी ने संजीव झा द्वारा प्रेषित पत्र गोपाल शांडिल्य को भेंट की तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष हरेश चक्रधारी,यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तराम सलाम,नारायणपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र नाग,जिला सचिव मुकेश निषाद, भानुप्रतापपुर विधानसभा सचिव रोहित केमरो सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत में संपन्न हुई राजीव युवा मितान क्लब की कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल जनपद पंचायत के बिहान सभागार में राजीव युवा मितान क्लब की ओर से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में राजीव युवा मितान के पदाधिकारी शामिल हुए।

इस प्रशिक्षण में युवाओं को जिला समन्वयक श्रीपाल कटारिया ने राजीव युवा मितान के अंतर्गत सभी ग्रामों में खेलकूद, स्वच्छता अभियान, श्रमदान, सामाजिक, कार्यक्रमों को किस तरह से किया जाना है व राजीव युवा मितान का उद्देश्य क्या है इससे अवगत कराया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को लगातार राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम, उपाध्यक्ष गिरधारीलाल सिन्हा, सीईओ रामेश्वर महापात्र, राजीव युवा मितान जिला समन्वयक श्रीपाल कटारिया, पार्षद पंकज नाग, आईटी सेल जिला अध्यक्ष रवि गोयल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष दुष्यंत राणा, एनएसयूआई प्रदेश सचिव कोनेन कुरैशी भी मौजूद रहे।

# अग्रसेन जयंती के मुख्य कार्यक्रम अग्रसेवा ब्लड डोनेशन मेडिकल कैंप के साथ प्रारंभ

**अग्रसेन जयंती के उपलब्ध में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस आज अग्रसेन धाम में सिजलिंग प्लेयर**

**लड्डू गोपाल एक रूप अनेक**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






रिलमेकिंग के साथ ही अंताक्षरी के कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें अग्रवाल सभा के 18 मोहल्ला समिति के अग्र बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही अग्रसेन जयंती के अवसर पर पहली बार 25 सितंबर को अग्रसेन कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में पारिवारिक सदस्यों हेतु मनोरंजक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है साथ ही महिलाओं वरिष्ठ जनों एवं बच्चों के लिए विशेष खेलकूद सेल्फी जोन विशेष साज-सज्जा पारंपरिक व्यंजन एवं विभिन्न पारिवारिक प्रतियोगिताएं होगी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल जयंती प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने बताया कि उद्घाटन समारोह का कार्यक्रम बृजमोहन अग्रवाल रामगोपाल अग्रवाल गौरीशंकर अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के द्वारा अग्रवाल सभा के अट्ठारह मोहल्ला समितियों को सम्मानित किया गया साथ ही अग्रवाल सभा की महिला मंडल युवा मंडल युवती मंडल को भी सम्मानित किया गया अग्रवाल सभा की इकाइयों को सम्मानित किए जाने पर अग्रवाल समाज के सभी मोहल्ला अगर बंधुओं द्वारा अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया, उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा महाराज अग्रसेन को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया की अग्रवाल सभा द्वारा अगर सेवा दिवस के रूप में भी मनाया गया जिसमें 18 महिला समितियों में जन सेवा के कार्य के साथ ही सर्वधर्म मंदिर स्टेशन रोड में ब्लड डोनेशन कैंप के साथ चिकित्सा की जांच शिविर लगाई गई जिसमें अगर बंधुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में अग्रवाल सभा के संरक्षक नवल अग्रवाल ईश्वर प्रसाद अग्रवाल सियाराम अग्रवाल रामकुमार अग्रवाल जगदीश प्रसाद अग्रवाल चतुर्भुज अग्रवाल हनुमान प्रसाद अग्रवाल रामानंद अग्रवाल के साथ ही कैलाश मुरारका मनमोहन अग्रवाल योगेश अग्रवाल जयंती प्रभारी विनय बजाज संजय चौधरी कर्तव्य अग्रवाल प्रमोद जैन कैलाश मित्तल आनंद गोयल संजय संघी विशंभर अग्रवाल मनीष अग्रवाल सुभाष अग्रवाल कमल अग्रवाल योगी अग्रवाल पप्पू अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष कविता अग्रवाल महामंत्री श्रद्धा अग्रवाल युवती मंडलअध्यक्ष रिचा डोकानिया महामंत्री कविता अग्रवाल युवा मंडल अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल महामंत्री अभिषेक अग्रवाल प्रेमचंद अग्रवाल महेश अग्रवाल राजेश हेलीवाल के साथ ही अग्रवाल सभा के महिला समितियों के संयोजक सहसंयोजक ओं के साथ युवा मंडल महिला मंडल यूपी मंडल की पूरी टीम कार्यक्रम में उपस्थित थी।

## यूनियन बैंक ने स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाया

पायनियर संवाददाता < रायपुर



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा केयर हेल्थ इंश्योरेंस एवम राम कृष्ण केयर अस्पताल के सहयोग से 23 सितम्बर को यूनियन बैंक की राजबंधा मैदान शाखा में स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं रक्त दान शिविर लगाया गया जिसमें स्टाफ एवं ग्राहकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई एवं रक्त दान किया। इस शिविर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की क्षेत्र प्रमुख कविता श्रीवास्तव ने भी रक्त दान किया एवम रक्त दान से होने वाले लाभ और उससे समाज को मिलने वाले सहयोग के बारे में भी विस्तार से सबको अवगत कराया।

## ताराबाई बरलोटा का निधन



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी ताराबाई बरलोटा (धर्मपत्नी स्व. मानिकलाल बरलोटा) का शनिवार 24 सितम्बर प्रातः 8 बजकर 43 मिनट पर पूरी धर्मप्रभावना (संथारा पूर्वक) के साथ निधन हो गया है वे शुभकामना स्टूडियो बैजनाथपारा के संचालक विनोद, प्रवीण बरलोटा की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2:45 बजे उनके निवास स्थान, c/o, विनोदकुमार, प्रवीणकुमार बरलोटा, C 316, शैलेंद्र नगर से मुक्तिधाम मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकली जहा उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# भूपेश सरकार हर मोर्चे पर विफल : अरुण साव

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

शनिवार को अपने नारायणपुर प्रवास मे पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के प्रथम नगर आगमन पर नारायणपुर के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व मे सैकड़ों भाजयूमो नेता व कार्यकर्त्ताओ ने मोटरसाइकिल रैली निकाल जिन्दाबाद के नारो के साथ आतिशबाज़ी कर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन मे पहुचें जहा महिला मोर्चा के द्वारा पुष्पवर्षा व तिलक लगाकर प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का स्वागत किया। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् अपने नारायणपुर प्रवास मे पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुये कहा की आप सभी जिन विषम परिस्थिति मे पार्टी का कार्य । कर रहे वह सराहनीय है ।देश मे भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जहां कार्यकर्ताओ का सम्मान सर्वोपरि होता है।यही कारण है की यहा कार्यकर्ताओं को देवतुल्य कहा जाता है।आज भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन




कहा जाता है। भाजपा के विस्तार और करोडों कार्यकर्ताओं को गढ़ने में हमारे पित्र पुरुषों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया उन्ही महापुरुषो के आदर्शो पर चलकर हमारे कार्यकर्ता संगठन के विस्तार और राष्ट्र सेवा के लिये समर्पण भाव से कार्यरत है।मुझे पूर्ण विश्वास है आप सभी समर्पणभाव से संगठन कार्यो के विस्तार और जनसेवा के लिये सदैव तत्पर रहेगे। वही उन्होंने प्रदेश की भुपेश सरकार की विफलताओं को जन जन तक पहुचाने की बात कहते हुये कहा की भुपेश सरकार ने न तो किये वादे निभाये है न ही करने का इरादा रखती है। कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है,प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से अपने को ठगा महसूस कर रहा है। आगे साव ने संगठनात्मक चर्चा करते बूथ समिति गठन व सरल पोर्टल का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा चुनावी रणनिति के लिये बूथ समिति का होना बहुत जरुरी है,जनता के बीच पहुंचने की पहली सीढ़ी बूथ समिति ही है ।वही बैठक को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने सम्बोधित करते हुये कहा की देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे विकास के कई कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जिसकी चर्चा देश सहित विश्व पटल पर हो रही है,हर वर्ग की चिंता कर मोदी सरकार अपनी योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है जिसका लाभ भी देशवासियो को मिल रहा है। वही दुसरी ओर प्रदेश की भुपेश सरकार लोगों को छलने का काम कर रही है। प्रदेश मे विकास के सारे कार्य ठप्प पड़े हुये है लोगों को मूलभूत सुविधाओ से वंचित होना पड़ रहा है और भूपेश बघेल कुर्सी के चक्कर मे दिल्ली दरबार मे हाजरी लगाने मे मस्त है। वही सरकार सिर्फ कर्ज लेकर प्रदेश को गर्त मे ले जाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है तत्पश्चात बैठक को भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने भी सम्बोधित करते कहा की हम सभी पार्टी की विचार धारा पूर्व की की भाजपा सरकार की 15 सालों की उपलब्धियों व वर्तमान मे केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यो का प्रचार प्रसार करते हुये प्रदेश की लबरी भुपेश सरकार की नाकामियों व विफलताओं को आमजन के बीच जाकर प्रचारित करे व पार्टी को पोलिंग बूथ स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा मे करे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन,भाजपा नेता गौतम गोलछा, रुपसाय सलाम, नारायण मरकाम, संजय पाण्डेय सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संजय नंदी व आभार जिलाउपाध्यक्ष रतन दुबे ने किया।

# कलाकृति प्रदर्शनी छात्रों की रचनात्मक, वैचारिक और मानसिक क्षमता को बढ़ाता है : प्रो.पटेल

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर आज दिनांक 24 सितम्बर को शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कॉंकेर के राष्ट्रीय सेवा योजना, होम साइंस डिपार्टमेंट और अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आरती मरकाम के समन्वय व्यवस्था में व्याख्यानमाला, पारंपरिक खेलकूद, श्रमदान और स्वच्छता ही सेवा शपथ के अंतर्गत निबंध, नारा लेखन, रंगोली, 'बेस्ट फ्रॉम द वेस्ट' इत्यादि विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य बी.समुंद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं के व्यक्तिव विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है। एक व्यक्ति का व्यक्तित्व उसकी उपस्थिति, विशेषताओं, दृष्टिकोण, मानसिकता और दूसरों के साथ व्यवहार को दर्शाता है। व्यक्तित्व विकास एक व्यक्ति को समय की पाबंदी, लचीला रवैया, सीखने की इच्छा, मैत्रीपूर्ण स्वभाव, दूसरों की मदद करने की उत्सुकता आदि जैसे सकारात्मक गुणों को विकसित करने में मदद करता है। इस दौरान छात्राओं द्वारा 'बेस्ट फ्रॉम द वेस्ट' कलाकृति की प्रदर्शनी रखी गई । वेस्ट मटेरियल से कलाकृति प्रदर्शनी का निर्देशन एवं



प्रेरणास्त्रोत होम साइंस विभागाध्यक्ष अजय कुमार पटेल के द्वारा हुआ जिसमें 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । इस कलाकृति प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में प्रो.पटेल ने बताया कि बेकार चीजों के प्रति छात्राओं की रचनात्मक, वैचारिक, मानसिक क्षमता को बढ़ाना है । प्रदर्शनी में छात्राओं ने पेपर क्राफ़्ट, प्लास्टिक मटेरियल, न्यूज पेपर बास्केट, फोटोफ्रेम, फ्लॉवर पॉट इत्यादि बनाकर प्रस्तुत किये । उक्त प्रतियोगिता में गीतांजलि दर्रो बीए द्वितीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेखनी कुंजाम बीए सेकंड व पूनम ठाकुर बीएससी थर्ड संयुक्त द्वितीय स्थान लाया । इसी तरह कीर्ति कुंजाम एलुमिनी छात्रा व करिश्मा हिचामी ने संयुक्त तीसरे स्थान प्राप्त किया । इसी तरह खिलेश्वरी, मिनेश्वरी, सरस्वती पददा, सुरेखा नाग को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। कलाकृति प्रदर्शनी को निर्णायक सदस्य वरिष्ठ प्राध्यापक सुनील कुमार साहू, रश्मि नाग, दीप्ति सोनी, राजकुमारी गढ़पाले ने अलग-अलग बिंदुओं पर परख कर अंक प्रदान किये। कार्यक्रम संचालन एनएसएस कैडेट्स मोनिका साहू बीएससी द्वितीय ने एवं आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आरती मरकाम ने किया। कार्यक्रम के शुरू में लक्ष्य गीत व अंत में छत्तीसगढ़ राज्यगीत अरपा पैरी के धार का गायन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.आर.पी.टण्डन, रीना जामुनकर, क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र रजक, डॉ.क्षमा ठाकुर ग्रंथपाल, गौरीशंकर बघेल, विमला नाग, आनंद कावड़े, यामिनी कौशिक इत्यादि का महत्वपूर्ण व सराहनीय योगदान रहा।

# पुनीत सागर अभियान के तहत तालाब की सफाई की गई

पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

एनसीसी डीजी के मार्गदर्शन में पूरे भारत वर्ष पुनीत सागर अभियान चलाया जा रहा हैं।जिसमें एनसीसी के केडेट्स द्वारा सभी सागर,नदी,तालाब एवं नाले में सफाई कार्यक्रम चलाकर साफ सफाई की जाती है।बता दें पुनीत सागर अभियान के तहत शनिवार को किरन्दुल नगरपालिका के सहयोग से शासकीय अरविंद महाविद्यालय, बीआईओपी स्कूल,डीएवी पब्लिक स्कूल एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बचेली के एनसीसी केडेट्स द्वारा बंगाली कैम्प स्थित तालाब की



साफ सफ़ाई की गई।बीआईओपी स्कूल के एनसीसी चीफ़ ऑफिसर राजनाथ ने बताया कि एनसीसी का उद्देश्य है कि पुनीत सागर अभियान के तहत देश में स्थित सभी जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखा जाएं क्योंकि जल ही जीवन है और जल स्वच्छ होने से ही हम सब भारतवासी स्वस्थ रहेंगें।

इस संकल्प के साथ आज तालाब की सफ़ाई की गई एवं तालाब से निकाले गए कचरे का पुनःचक्रण हेतु नगरपालिका को दिया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से नगरपालिका सहायक राजस्व निरीक्षक गौरी शंकर तिवारी,सेकंड ऑफिसर अजय कुमार झा,भरत सिंह वट्टी, सुखराज नरेटी सहायक प्राध्यापक,10 सीजी एनसीसी हवलदार राकेश कुमार उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को मिला अवार्ड

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस को नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने हेतु आदेश दिए गए थे। इस क्रम में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के निर्देशानुसार व पुलिस महानिरीक्षक बस्तर पी सुंदरराज के मार्गदर्शन, पुलिस उपमहानिरीक्षक बालाजी राव के दिशानिर्देश में कोंडागांव पुलिस द्वारा लगातार तस्करी रोकने करवाई की जा रही है।

इस क्षेत्र में प्रभावी कारवाई के फल स्वरूप कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को वर्ष 2021-22 के लिए स्मगलिंग के विरुद्ध लगातार करवाई करने के लिए दिल्ली में फिक्की के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कॉल के हाथो अवार्ड प्रदाय किया गया।



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में जून 2021 से जून 2022 तक महासमुंद एवं कोंडागांव में पदस्थापना दौरान कुल 65 प्रकरण में 7900 किग्रा गांजा कीमती करीब 16 करोड़ रुपए का बरामद किया गया। इस उपलब्धि के लिए विशेष सम्मान के रूप में अवार्ड प्रदाय किया गया।

# कांग्रेस नेताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को कोंडागांव से दंतेवाड़ा तक धार्मिक पदयात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के प्रतिनिधि मंडल ने सर्किट हाउस कोंडागांव पहुंचकर छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को 26 सितंबर से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम के नेतृत्व में कोंडागांव से माँ दन्तेश्वरी के पावन धाम दंतेवाड़ा तक छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली उन्नति और विकास की मंगलकामना लेकर किए जा रहे पदयात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। विदित हो कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वे राहुल गांधी के साथ चर्चा करते हुए कह रहे थे कि कोंडागांव से दंतेवाड़ा तक पिछले पांच वर्षो से पदयात्रा



सादर निमंत्रण

प्रति,
माननीय अरुण साव जी
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ भा.ज.पा.

मान्यवर,
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह कोण्डागाँव विधायक माननीय मोहन मरकाम जी 26 सितम्बर, दिन सोमवार को प्रातः 6:00 बजे से नवरात्रि के पावन अवसर पर कोण्डागाँव की ग्राम देवी माँ शीतला से आशीर्वाद प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए व छत्तीसगढ़वासियों की खुशहाली एवं उन्नति की कामना लेकर कोण्डागाँव से दंतेवाड़ा तक 170 किलोमीटर की पदयात्रा कर माँई दंतेश्वरी के दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे क्षेत्रवासी चाहते हैं कि आप भी छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली व छत्तीसगढ़ के विकास की मनोकामना लेकर इस धार्मिक पदयात्रा में सहभागी बनें।

धन्यवाद!

- विनीत -
जिला कांग्रेस कमेटी
कोण्डागाँव, छत्तीसगढ़

करते आ रहे हैं जिसमें 1 दिन में लगभग 50 किलोमीटर की यात्रा करते हैं और 3 से 4 दिन में दंतेवाड़ा पहुंच जाते हैं जिस पर अरुण साव ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि मोहन मरकाम झूठ बोल रहे है। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव को कोंडागांव से दंतेवाड़ा तक किये जा रहे धार्मिक पदयात्रा के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा और उनसे निवेदन किया है की पदयात्रा में शामिल होकर वे भी माँ दन्तेश्वरी से प्रदेश व प्रदेशवासियों की खुशहाली उन्नति व विकास की मंगलकामना करे साथ ही अपनी शंका को भी दूर कर ले लेकिन अरुण साव जी ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है ना ही आमंत्रण को स्वीकार किया है अब देखना यह है कि वे इस धार्मिक पदयात्रा में शामिल होंगे या नहीं जिला प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, जिला महामंत्री गीतेश गांधी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तबस्सुम बानो, शकूर खान मीडिया प्रभारी रितेश पटेल, रंजीत गोटा प्रवीण मिश्रा, गीतेश बघेल आई टी सेल प्रदेश सचिव निश्छल लाहोरिया विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र दीवान आदि उपस्थित रहे।

# जब रौशन हुआ आशियाना तो मुरकुराने लगे चेहरे

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास पहुँचाने पुलिस के द्वारासफल प्रयास किया जा रहा है घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पोटकपल्ली मेंआजादी के बाद पहली बार बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है।

पुलिस व प्रशासन के सतत् प्रयासों से ग्राम पोटकपल्ली में बिजली पहुंचाई गई,बिजली पहुंचने के प्रथम दिन गांव के 33 घरों से अंधकार को दूर किया गया। जिला सुकमा में एसपी सुनील शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पुलिस के सतत् प्रयासो से छग विद्युत वितरण विभाग से समन्वय स्थापित कर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बिजली स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम पोटकपल्ली में विद्युतीकरण कार्य संपन्न हुआ व पुलिस के प्रयासों से फिर एक गांव रौशन हुआ, उल्लेखनीय है कि ग्राम पोटकपल्ली एक संवेदनशील क्षेत्र में होने के कारण बिजली की सुविधा आज पर्यन्त नही पहुंच पाई थी। ग्रामीण अंधकारमय जीवन जीने को मजबूर थे।

जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ग्राम पोटकपल्ली सहित आसपास के ग्रामीणों की लगातार बैठक लेकर ग्रामीणों को नक्सली कृत्यों से अवगत कराकर ग्रामों के



विकास में सहभागी बनने तथा ग्रामीणों को नक्सलवाद से दूर रहने हेतु प्रोत्साहित करते रहे हैं। व गांव के विकासात्मक कार्यो में सहयोग करने हेतु पुलिस द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

जिला पुलिस के प्रयासो से ग्राम पोटकपल्ली में कुल 33 ग्रामीणो के घरो में विद्युतीकरण होने से ग्राम जगमगा उठा है। ग्रामीणों के चेहरे में वर्षो बाद घरो में बिजली की रोशनी की जगमगाहट से खुशी का माहौल है। ग्रामीण शासन-प्रशासन की प्रशंसा कर रहे है एवं भविष्य में नक्सलवाद से दूर रहने कृतसंकल्पित हैं। विदित हो कि ग्राम पोटकपल्ली में छः माह पहले ही सुरक्षाकैम्प स्थापित किया गया है। कैम्प लगने के पश्चात् पोटकपल्ली के विकासात्मक कार्यो में तेजी आई है,अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीणों तक अन्य सुविधाएं पहुंचाई जायेगी।

# एएमएनएस कंपनी ने किया छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित



पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

मुख्य रूप से दूरस्थ आदिवासी स्थानों में शिक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सीएसआर के तहत आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड द्वारा ज्ञानज्योति कार्यक्रम आयोजित की गई।जिसमें विशेष रूप से पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के वंचित छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहन तौर पर शनिवार को हायर सेकण्डरी स्कूल पालनार में फूलपाड़, चोलनार, कलेपाल, पालनार एवं पेंटा पंचायत के कुल 39 छात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया।बता दें इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों को अपने उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। मौके पर पालनार सरपंच एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी,जनपद सदस्य लक्ष्मी लेकाम,फूलपाड़ सरपंच भूमिका मण्डावी,एएमएनएस कंपनी के महाप्रबंधक जी राघवेलु,सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश,शिक्षा समिति अध्यक्ष उदय सिन्हा, बीआरसी आर के मोहंती, प्राचार्य चितरंजन शर्मा, सीआरसी सजल सरकार, संगीता नाग,राजकुमार कुंजाम, सुनीता सिन्हा, सरिता ठाकुर, कोमल सिन्हा, अनु अमितेश, रवि गुप्ता राजकुमार माड़िया एवं अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

# आय सृजन में उत्कृष्टता एवं वृहद उत्कृष्टता के लिए एनएमडीसी बचेली ने फिर से जीते दो राष्ट्रीय सीएसआर पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ∢ बचेली
www.dailypioneer.com

अपने उन्नत सामाजिक कार्यो के लिए प्रसिद्ध भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक व नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने 21 सितंबर को बेंगलुरु में ईटी एसेंट द्वारा आयोजित पुरुस्कार समारोह में सीएसआर अंतर्गत किसानों की आय सृजन एवं वृहद उत्कृष्टता के लिए राष्टीय पुरुस्कार प्राप्त किए हैं।

इस पुरुस्कार को प्राप्त करने के लिए एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद से दिलीप कुमार मोहंती निदेशक (उत्पादन) कार्यक्रम में मौजूद हुए थे तथा उन्होंने एनएमडीसी की ओर से दोनों पुरुस्कार प्राप्त किए। ईटी एसेंट द्वारा



इस आयोजन के पूर्व विभिन्न कपनियों द्वारा श्रेणी अनुसार नॉमिनेशन फॉर्म भरने के साथ-साथ एक आलेख ईमेल द्वारा प्रस्तुत करने को कहा गया था जिसमें एनएमडीसी, बचेली को हज़ारों आवेदनों के बीच सतत विकास में उत्कृष्टता पुरुस्कृत किया गया है। एनएमडीसी, बचेली सीएसआर विभाग द्वारा चलाये जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे केंचुआ खाद निर्माण द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देना, फलदार वृक्षारोपण के तहत स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि करना तथा अन्य विकासशील योजनाओं का समावेश कर विवरण प्रस्तुत किया था। इन्हीं योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वन के फलस्वरूप ही यह उत्कृष्ट पुरुस्कार एनएमडीसी को दिए गए हैं। दिलीप कुमार मोहंती ने ईटी एसेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएसआर द्वारा स्थानीय लोगों का विकास, खनिज सुरक्षा, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता के हमारे राष्टनिर्माण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एनएमडीसी अथक और निरंतर प्रयास कर रही है। सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री सुमित देब सीएमडी, एनएमडीसी ने कहा कि देश के प्रमुख खनन कंपनी होने के नाते एनएमडीसी भारत के लिए एक स्थायी और उज्जवल भविष्य निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हर कदम पर अपने हितधारकों के साथ परामर्श कर रहे हैं तथा अपनी कंपनी एवं सीएसआर अंतर्गत अपने समुदायों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए अपनी खानों में प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग कर रहे हैं। एनएमडीसी सामाजिक विकास को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विभिन्न समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने तथा उचाईयों पर ले जाने के लिए दशकों से निवेश करती आई है और शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, आधारभूत संरचना इत्यादि बुनयादी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कार्य कर रही है और इसी लक्ष्य के साथ ही एनएमडीसी, बचेली भी अपने आस-पास के क्षेत्रों के विकास के प्रतिबद्ध है।

# वृक्षों की कटाई कर अतिक्रमण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

दक्षिण वन मंडल कोण्डागांव अंतर्गत वन परिक्षेत्र मुलमुला के उपपरिक्षेत्र चिपावंड परिसर चिपावंड में ग्रामीणों के द्वारा कक्ष क्रमांक आर. एफ. 562 में 37 नग मिश्रित जलाऊँ वृक्षों की अवैध कटाई कर 0.955 हेक्टेयर क्षेत्र खेती करने के उद्देश्य से अतिक्रमण किया गया था। वन विभाग के कर्मचारी, अधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को अवैध कटाई एवं अतिक्रमण करने से रोका गया तथा ढूंठो की गणना एवं अतिक्रमण क्षेत्र का सर्वे करने के बाद उमेश पिता लक्ष्मण उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया ग्राम चिपावंड, बरातु पिता कमलु कोर्राम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी चिपावंड एवं सुरजु पिता जंगलु मरकाम उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया ग्राम चिपावंड के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17338/22 को 06सितम्बत 2022 जारी किया गया। उत्तम कुमार गुप्ता वनमंडलाधिकारी दक्षिण कोण्डागांव, केजूराम पोयाम



उपवनमंडलाधिकारी पूर्व कोंडागांव व धीरेन्द्र कुमार मिश्रा परिक्षेत्र अधिकारी मुलमुला के निर्देशानुसार न्यायालयीन प्रकरण तैयार कर 23सितम्बर 2022 को न्यायालय कोंडागांव में प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्यवाही मैं संबंधित वन अपराधियों को राजेन्द्र देवांगन परिक्षेत्र सहायक चिपावंड, पीलाराम दीवान परिक्षेत्र सहायक मुलमुला, ईश्वर सिंह कश्यप परिसर रक्षक चिपावंड, पारेश्वर नाईक वनरक्षक के द्वारा कार्यवाही कर जिला जेल जगदलपुर में दाखिल करवाया गया।

# प्रतिबंधित मार्ग होने के बावजूद प्रवेश करती हैं बड़ी गाड़ियां आम राहगीरों को करना है पड़ता दिक्कतों का सामना

## यातायात प्रशासन के सुझाये पार्किंग व्यवस्था का नहीं हो रहा पालन

■ दुकानदार पार्किंग व्यवस्था का नहीं रखते ख़याल

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नवरात्रि त्यौहार के लगते ही शहर के अंदर यातायात के दबाव के साथ भीड़भाड़ का माहौल बना रहता है जो दीपावली के अंत तक रहता है परंतु इन सबके बीच शहर के व्यस्त भरे बाजार सदर व हटरी बाजार भीड़-भाड़ के दृष्टि से सबसे ज्यादा जद्दोजेहद वाला स्थल रहता है ऐसे स्थल पर चार चक्का व तीन पहिये गाड़ियों के लिये सुबह 11 से 6 बजे तक के लिये प्रतिबंधित मार्ग घोषित भी किया गया है परंतु कई बार लापारवाह व स्वार्थी तत्वों के कारण प्रतिबंधित मार्ग मे गाड़ी प्रवेश किये जाने के चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे लोगों पर पुलिसिया कार्यवाही किया जाना भी बहुत जरुरी होगा वरना आज का समय देखा देखी का होने के कारण तु चल मे आया के तर्ज पर बाजार की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करते है और अव्यवस्था का आलम घर कर जाता हैं।




### मार्ग के बोर्ड बेअसर प्रवेश करती है बड़ी गाडियां

गौरतलब है कि यातायात विभाग के द्वारा शहर के व्यस्ततम बाजार व चौक चौराहों मे प्रवेश करने हेतु एक निश्चित समय सीमा के लिये प्रबंधित मार्ग घोषित कर रखा है उसके बावजूद कुछ लापरवाह व स्वार्थी तत्व बेधड़क होकर तय समय निर्धारित होने के उपरांत भी प्रवेश कर रहे है जिसके कारण आम राहगीरों को भारी दिक्क तों का सामना करना पड़ता है।

### त्यौहारों में बाजार में पैदल चलना मुश्किल

गौरतलब है कि त्यौहारी सीजन मे स्थानीय लोग भी छोटी छोटी बातों के लिये चार चक्का गाड़ी लेकर व्यस्त भरे बाजार मे प्रवेश कर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करते है जबकि अच्छे सभ्य नागरिक होने के नाते शहर के प्रति हमारी जवाबदारी बनती है कि ऐसे भीडभाड़ वाले बाजार के अंदर हम बायसाईकिल या पैदल जाकर खरीदारी करे ताकि यातायात से सम्बंधित किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो।

**दुकानदार पार्किंग का नहीं देते ध्यान :** गौरतलब है कि सदर बाजार व हटरी बाजार से पूर्वजों के कहने के अनुसार 70 साल पहले बाजार से खड़े होकर रेल्वे स्टेशन को देखा जा सकता था परंतु शहर की आबादी पहले के तुलना मे 10 गुणा बढ़ी जिसके कारण यातायात का भी दबाव शहर पर बढ़ा परंतु समय के चाल के हिसाब से हटरी बाजार व सदर बाजार की जो चौडाई बढ़नी चहिये वह चार इंच नहीं बढ़ पाया जबकि इसके विपरीत यहाँ दुकानदार समान को बाहर निकालकर व अपने दुकान के सामने बिना पार्किंग के व्यवस्था दिये उक्त मार्ग को सकरी गली के समान प्रतिबिंबित कर देते है जिसके कारण यातायात व्यवस्था की धज्जियां भी उड़ जाती है। एक अच्छे यातायात व्यवस्था के लिये स्थानीय प्रशासन के साथ साथ आम शहर वासीयों व दुकानदारों की भी जवाबदारी होती है जिसके सहयोग से यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलती रहे।

**यातायात प्रशासन के सुझाव का नहीं होता पालन :** गौरतलब है कि यातायात प्रशासन ने भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश कर समानों के लोड अनलोड को लेकर एक निश्चित पार्किंग स्थल दे रखा है परंतु कुछ स्वार्थी दुकानदार अपने लोड अनलोड के खर्चे को बचाने के चक्कर में अपने दुकान के सामने गाड़ी को खड़ा कर प्रतिबंधित समय व मार्ग का उल्लंघन करते है जिससे उक्त अव्यवस्था बदस्तुर बनी रहती है जहां यातायत नियमों का खुला उल्लंघन होता है और राजनीतिक प्रभाव के चलते प्रशासन पर दबाव भी बनाया जाता है।

# नवरात्रि एवं दशहरा के सबंध में शांति समिति की बैठक शहर थाना में आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुविभागीय दंडाधिकारी भाटापारा नरेश बंजारा की अध्यक्षता एवं तहसीलदार भाटापारा ज्योति मसियारे, थाना प्रभारी भाटापारा शहर मंजूलता राठौर, थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण विनोद मंडावी, यातायात शाखा भाटापारा के सउनि कन्हैया लाल सिदार की उपस्थिति में नवरात्री पर्व एवं दशहरा के सबंध में शांति समिति बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में भाटापारा शहर के पत्रकार बंधुगण, जनप्रतिनिधि गण, शहर के गणमान्य नागरिक, दुर्गा उत्सव के अध्यक्ष, सदस्यगण एवं डीजे संचालकगण उपस्थित हुए। जिन्हें नवरात्र पर्व, रात्रि जगराता, अन्य धार्मिक कार्यक्रम, दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन एवं दशहरा पर्व शांति पूर्वक मनाये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही दुर्गा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित हो ऐसा कार्य नही करना है वरना सम्बंधित जवाबदारी समिति की होगी। वही दुर्गा विसर्जन समरिया घाट मे होगा इसके विसर्जन के दौरान डीजे लगाने पर प्रशासन की अनुमति अनिवार्य किया गया है समय का निर्धारण रात्रि 10 बजे तक रखा गया है। वही हाई डेसिबल मे डीजे चलाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने की भी बात हुई।

# शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कोरोनाकाल खत्म होने के बाद काफी उत्साह के साथ शासकीय महाविद्यालय पर राष्ट्रीय सेवा योजना एनएनएस स्थापना दिवस मनाया गया इस बीच बच्चो ने सामाजिक कुरीतियां को दुर करने पेड़ पौधा लगाने स्वच्छता बनाए रखने के लिए संकल्प लिया कार्यक्रम के बौतर मुख्यातिथि लाटापारा सरपंच योगेंद्र यादव सहित टेकलाल प्रधान एवम महाविद्यालय प्राचार्य टीएस मरकाम प्रोफेसर रमेश कुमार लहरे बसंत पटेल मीना ठाकुर निर्मला कवर युवराज जगत हितेश वारसे राकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे इस दौरान योगेंद्र यादव बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस को अपने जीवन में सभी को उतरने की जरूरत है यह एनएसएस देश सेवा के लिए काफी ज्यादा प्रेरित करता है इसके अलावा सामाजिक कुरीतियां को दूर करने पेड़ पौधे लगाने के साथ सुरक्षित रखने और स्वच्छता की प्रेणा माना जाता है बच्चे इससे काफी कुछ सीखते है ऐसे में शत प्रतिशत बच्चे एनएसएस से जुड़ कर अपने उपर यह भावना जगाने की पहल करें ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण करते अपने आस पास स्कछता बनाए साथ ही योगेंद्र यादव ने प्राचार्य सहित बच्चो से अपने पंचायत पर एनएसएस शिविर लगाने की अपील भी किया इसी कड़ी में प्राचार्य मरकाम ने भी बच्चो का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि एनएसएस से कपड़े का पहनावा बोलने की भाषा शैली सहित देश प्रेम की ओर प्रेणा देता है इसलिए बच्चो ज्यादातर एनएसएस शिविर का हिस्सा बनना चाहिए इसके अलावा मरकाम ने आगे कहा की कोरोना के चलते बीते साल से एनएसएस शिविर आयोजित नही होता रहा लेकिन अब लगातार इसके लिए एनएसएस कैंप लगाया जाएगा ताकि बच्चो मे देश प्रेम स्वच्छता सामाजिक कुरीतियां को दूर करने की पहल करे और अंतिम मे एनएनएसएस बच्चों के साथ मिलाकर महाविधालय प्रगाण में वृक्ष रोपण भी किया गया।

# पटपर खार का नक्शा नहीं है उपलब्ध, परेशान हो रहे लोग

■ आशीष जायसवाल ने राजस्व विभाग के काम में बड़ी लापरवाही का आरोप लगाया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने राजस्व विभाग के काम में बड़ी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र के पटपर राजस्व खार का नक्शा वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में है इसके कारण भूमि नाप, भूमि सीमांकन, उपलब्ध कराने जैसे प्रकरण सालों से लंबित पड़े हैं। ज्ञात हो कि भाटापारा राजस्व नगरीय क्षेत्र को मूलतः चार भागों में बांटा गया है हथनीपारा, पटपर वार्ड, भाटापारा और अवरेठी पारा। सभी खारों के अलग-अलग पटवारी कार्यरत हैं इनके ऊपर राजस्व निरीक्षक विभागीय कार्य देखते हैं लेकिन पूरे राजस्व क्षेत्र में केवल पटपर खार एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां राजस्व का नक्शा वर्षों से उपलब्ध नहीं है। इतनी बड़ी लापरवाही होने के बाद भी अब तक किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। आवेदक आज भी भटक रहे हैं लेकिन सुनवाई कही नहीं हो रही है। जानकारी लेने पर पता चला कि नक्शा निर्माण का कार्य रूढ़की -विश्वविद्यालय को वर्षों पूर्व दिया गया था, जो नक्शा तैयार हुआ वह त्रुटिपूर्ण था।

### नक्शा सर्वे का काम अंतिम चरण में है : एसडीएम

इस संबंध में एसडीएम नरेंद्र बंजारा ने कहा कि रुड़की विश्वविद्यालय में नक्शा सर्वे की अंतिम प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में अभी तक किसी की शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नियमितीकरण के संबंध में कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम, 2002 संशोधन अधिनियम, 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर 20 सितम्बर 2022 को नगरीय निकाय के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को नियमितिकरण के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बलौदाबाजार, पलारी, भाटापारा, सिमगा, टुण्डरा, लवन, कसडोल एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। आम जनता से अपील की है कि 13 जुलाई 2023 तक पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरीय निकाय सीमा के अंदर संबंधित नगरीय निकाय सीमा के बाहर नगर तथा नगर निवेश बलौदाबाजार के कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार में संपर्क कर सकते है।

# बारह सौ स्क्वेयर फीट में निर्मित भूमि का होगा नि:शुल्क नियमितीकरण

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पुराने भवन मकान अथवा व्यवसायी दुकान व गोदाम जैस निर्माण को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा नियमितीकरण किये जाने हेतु प्राप्त आदेश के अनुरूप नगर पालिका के द्वारा कार्यवाही की गयी। अनाधिकृत विकास के प्रकरणों का निराकरण करने के लिये छत्तीसगढ़ असाधारण राजपत्र 14 जुलाई 2022 के अनुसार दिये गये निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करने पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जा सकेंगी। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने शासन के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 के अंतर्गत नगर पालिका सीमा क्षेत्र में जिन लोगों ने भवन का निर्माण कर चुके है।

# जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी, 40 लीटर महुआ शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश में आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा 23 सितम्बर को गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के ग्राम भैंसा मुड़ा सबरिया डेरा में 20 लीटर क्षमता वाली 02 प्लास्टिक जारीकेन में भरी 40 बल्क लीटर महुआ मदिरा जप्त की गई, तालाब में डूबी विभिन्न बोरियों में भरी लगभग 1000 कि.ग्रा. महुआ लाहन कीमत 50 हजार रूपये, बरामद जिसे मौके पर नष्ट किया गया।

अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का प्रकरण आबकारी वृश्र कसडोल में कायम कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अजय पाण्डेय,आबकारी उपनिरीक्षक, गोविंद कुमार ध्रुव, सुकांत पाण्डेय, आबकारी मुख्य आरक्षक गोपाल साहू, भुवनेश्वर सिन्हा, नगर सैनिक तामेश्वर ध्रुव, गौकरण मानिकपुरी, जायसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण, चौर्यनयन के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

# लच्छा, ककनी, तोड़ा, करधन पहनकर आई पोषण परी ने दिया पोषण का संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले की समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंदिर हसौद परियोजना के खौली सेक्टर की ग्राम टेकारी में सेक्टर स्तरीय पोषण जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से लोगों को पोषण आहार के बारे जागरूक किया गया एवं प्रदेश से कुपोषण को समाप्त करने का संदेश देने का प्रयास किया गया । इस सम्बन्ध में खौली सेक्टर की पर्यवेक्षक अल्का सक्सेना ने बताया आंगनबाड़ी केंद्र की लाभार्थी बालिकाओं ने सब्जियों का लच्छा, ककनी, तोड़ा, करधन बनाकर एवं पोषण परी बनकर समुदाय को सही पोषण देश रोशन का संदेश दिया। पोषण परी को सोयाबड़ी, सब्जियों, भाजियों से बने गहनों से सजाया गया। केले के पत्तों के पंख लगाए गए। पोषण परी ने पौष्टिक आहार, और संतुलित आहार को अपने भोजन में शामिल करने का संदेश दिया। जिसमें मौसमी फलों, सब्जियों, भाजियों और अनाज के पौष्टिक गुणों के बारे में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और किशोरियों को दैनिक जीवन में पौष्टिक तत्व युक्त आहार को शामिल करने, अपने गांव को कुपोषण मुक्त करने के बारे में जागरूक किया गया। कुपोषण पर विजय अगर पाना है तो पौष्टिक अनाज,सब्जियों और भाजियों का उपयोग करना होगा। प्रत्येक दिन सभी को एक मौसमी फल और भाजियों को खाने के लिए प्रेरित किया।

पर्यवेक्षक अल्का सक्सेना ने आगे बताया पोषण जाग्रति शिविर में सभी लोगों को मिलकर कुपोषित बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए आगे आने की सलाह दी गई। स्वस्थ रहने के लिये अपने आहार में प्रतिदिन सुबह भीगा और अंकुरित चना, खाने में मुनगा, उसकी भाजी, सुखा पावडर खाने में डालकर या खाना खाने के बाद गुड़ खाने से अनीमिया से बचाव की जानकारी भी लाभार्थियों को दी गई।आकर्षक रंगोली के बाद भाजियों बरबटी ,खीरे का उपयोग कर पोषण छतरी भी बनाई गई।

इस अवसर पर पौष्टिक अनाज, सब्जियों, भाजियों का उपयोग कर आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। पोषण शिविर में ग्राम सरपंच नंदा यादव के साथ खौली सेक्टर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ग्राम की मितानिन, समूह की महिला सदस्य बच्चों की माताएं, गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माताएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी को अंकुरित अनाज का सलाद भी दिया गया।

## लगभग डेढ़ एकड़ भूमि पर अवैध विकास पाया गया

# समृद्धि कॉलोनी में हुए अवैध विकास की जांच करने पहुंची संयुक्त टीम

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में प्रशासन के नाक के नीचे कुछ वैध कॉलोनी के अंदर अवैध प्लॉटिंग कर हो रहे अवैध विकास, जिस पर लगातार शिकायतों का ताता लगा हुआ है, जिसके बावजूद प्रशासन चुप्पी बांधे बैठा था द्य हाल ही में एक प्रार्थी महिला कंचन पंजवानी ने नगर तथा ग्राम निवेश सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि के. के. कंस्ट्रक्शन उर्फ समृद्धि कॉलोनी के भागीदार नितेश शर्मा पिता दिनेश शर्मा ने उनके पति से आपसी संबंधो का फायदा उठाकर कूट रचना रचकर उक्तकॉलोनी का गेट, पक्की सड़क, गार्डन, पक्की नाली, पक्की बाउंड्रीवाल, विद्युत पोल आदि दिखाकर मनमोहित कर अपने बुने जाल में फंसा कर बिना स्वीकृत कॉलोनी की भूमि अपने भागीदार शिवजी शुक्ला द्वारा विक्रय करा दी गई उक्त हुई रजिस्ट्री में स्वयं नितेश शर्मा गवाह भी है द्य प्रार्थी महिला को जब जानकारी हुई की उनके साथ छल हुआ है तो तत्काल उसने जिला कलेक्टर, नगर तथा निवेश, नगरपालिका सहित उच्च अधिकारी आदि को अवगत कराकर मांग की है कि उक्त भूखंड उन्हें धोखे से बेचा गया है जिसमें प्रार्थी महिला द्वारा बताया गया कि उसमें उसका कोई दोष नहीं है, अतएव वर्तमान व भविष्य में नियमितीकरण सहित जो भी कार्यवाही होनी है वह विक्रेता व उक्त कॉलोनी के भागीदारों के ऊपर होनी चाहिए ।



प्रार्थियां के शिकायत पत्र को गंभीरता से लेते हुए के. के. कंस्ट्रक्शन उर्फ समृद्धि कॉलोनी, रिसदा रोड, बलौदाबाजार में जांच हेतु नगर तथा ग्राम निवेश एवं नगरपालिका की संयुक्त टीम पहुंची द्य जॉच टीम में नगर तथा ग्राम निवेश के उपअभियंता के. के. कोरी, नगरपालिका के उपअभियंता राकेशकुमार सोनी सहित पहुंचने से वहाँ खलबली सी मच गई एवं वही प्रार्थी महिला के अलावा अन्य शिकार हुए लोग भी इकठ्ठा होकर अपनी-अपनी बातें जॉच टीम के सामने रखने लग गये, चूंकि उक्त कॉलोनी के बाउंड्रीवाल को बढ़ाकर अतिरिक्त भूमि को बिना कॉलोनाइजर एक्ट के बिना विधि पालन व स्वीकृति के यहां कई लोगों को भूमि बेची गई है जिसकी लिखित शिकायत भूमि क्रेता उक्त महिला द्वारा की गई है कि उन्हें नियमानुसार स्वीकृत कॉलोनी की भूमि बताकर कूट-रचना रचकर उन्हें प्लॉट बेचा गया है द्य जॉच टीम ने मौका मुआयना कर हुए अवैध विकास का नाप-जोक कर मौखिक रूप से बताया कि मामला बहुत ही गंभीर है नियम विरुध्द कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल को बड़ाकर लगभग डेढ़ एकड़ भूमि में अवैध विकास कर कई लोगों को भूमि बेची गई है द्य वही जॉच टीम से पंचनामा के संबंध में पूछे जाने पर मौखिक रूप से बताया गया कि मामला गंभीर है इसलिए अभी आधा अधूरा पंचनामा बनाया गया है शेष पंचनामा संयुक्त रूप से ऑफिस में बैठकर बनाया जायेगा द्य फिलहाल अवैध विकास का नाप-जोक अधिकारियों ने किया है, अब सारा दारोमदार संबंधित अधिकारियों की ईमानदारी पर है । उक्त संबंध में वक्तव्य हेतु कलेक्टर महोदय से संपर्क करने की कोशिश की गई किंतु उनकी व्यस्तता के चलते उनसे चर्चा नहीं हो पाई द्य वही नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक बी. एल. बांधे व मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल से उक्त संबंध में पूछे जाने पर हमेशा की तरह खानापूर्ति करते हुए बताया गया कि अभी जॉच चल रही है ।

# क्वांटिफिएबल डाटा आयोग ओबीसी ईडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की समीक्षा करने पहुंचा बलौदाबाजार



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का सर्वे कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ क्वांटिफिएबल डाटा आयोग के अध्यक्ष छबि लाल पटेल एवं सचिव बी सी साहू सर्वेक्षण की समीक्षा करने बलौदाबाजार पहुंचे। जिला पंचायत के बैठक हॉल में हुई समीक्षा की शुरुआत श्री पटेल के संबोधन से हुआ। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वेक्षण के महत्व, प्रक्रिया एवं अब तक किए गए सर्वेक्षण उपरांत के नतीजों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सर्वे के लिए ईडब्ल्यूएस के मानदंड तथा ओबीसी वर्ग में सम्मिलित जातियों के बारे में भी बताया। उन्होंने विशेष रूप से मुस्लिम संप्रदाय में सम्मिलित ओबीसी वर्ग के जातियों के बारे में भी बताया तथा सर्वे में शामिल करने के निर्देश दिए। सचिव साहू ने सर्वेक्षण के नतीजों में पाए गए त्रुटियों पर बारीकी से चर्चा की तथा उन्हें दूर करने की प्रक्रिया भी बताई। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारीयों एवं कर्मचारियों तथा छूटे हुए लोगो के सर्वे शीघ्र करने सभी ग्रामीण एवं नगरीय नोडलो को निर्देश दिया। उन्होंने बताया की आयोग द्वारा छूटे हुए लोगो के सर्वे हेतु नवीन पंजीयन की समयसीमा 30 सितंबर तक बढ़ाई है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था के नहीं सुधरने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

# भाजपा ने सीएमएचओ को ज्ञापन देकर दोषी चिकित्सक सहित मेडिकल स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नसबंदी ऑपरेशन के दौरान दुर्ग ब्लाक के ग्राम कोलिहापुरी निवासी दिलेश्वरी पति राजेश साहू की आकस्मिक मृत्यु स्वास्थ्य विभाग की लचर और खराब व्यवस्था एवं लापरवाही को दर्शाती है, इसी मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग द्वारा जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी जे.पी. मेश्राम से मुलाकात कर चर्चा की और दुर्ग जिले की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर प्रखर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। सीएमएचओ से मुलाकात के दौरान आक्रोश व्यक्त करते जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में लचर व्यवस्था और लापरवाही इस कदर हावी है कि मामूली से नसबंदी के ऑपरेशन में 28 वर्षीय स्वस्थ महिला की मृत्यु हो जा रही है, इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है? प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की उच्च कार्यप्रणाली को लेकर बड़ी बड़ी बातें करते हैं लेकिन वास्तविकता में सच्चाई बिल्कुल अलग है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सको के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। यह मुख्यमंत्री का गृह जिला है जब उनके गृह जिले की स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली इतनी लचर है तो दीगर जिलों की क्या स्थिति होगी इसका आंकलन सहज किया जा सकता है।

सीएमएचओ के सामने स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी अन्य मुद्दों को रखते हुए जितेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग जिला अस्पताल परिसर स्थित ऑक्सीजन प्लांट जो कि कोरोना कॉल के समय स्थापित किया गया था, वह पूरी तरह से ठप्प पड़ा है, वही मोतियाबिंद संबंधी ऑपरेशन पर भी जिला अस्पताल में रोक लगा दी गई है। जिला अस्पताल सहित पूरे दुर्ग जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बेहाल है। दुर्ग जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीएमएचओ को आगाह किया गया कि यदि दुर्ग जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया तो स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ आगामी समय में प्रखर विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलन किया जाएगा। जितेंद्र वर्मा ने सीएमएचओ के सामने यह मांग भी रखी थी नसबंदी के दौरान काल कवलित हुई महिला दिलेश्वरी की मृत्यु की गहराई से जांच कर दोषी चिकित्सक एवं स्टाफ को दंडित करने की कार्यवाही करें एवं पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपये मुआवजा दिलवाने हेतु कार्यवाही करें। सीएमएचओ से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने वालों में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के साथ महामंत्री ललित चंद्राकर और नटवर ताम्रकार, कांतिलाल बोथरा, अजय तिवारी, कांतिलाल जैन, दिनेश देवांगन, सुरेन्द्र कौशिक, दिलीप साहू, फत्ते साहू, नितेश साहू, विनायक नातू, अविनाश शर्मा, साजन जोसेफ, लता ठाकुर, गायत्री वर्मा, अलका बाघमार, चंदू देवांगन, कृष्णा निर्मलकर, नीलेश अग्रवाल, विजय ताम्रकार, रजनीश, आशा ठाकुर, जय राजपूत, सुधा सिंह, सतीश साहू, आशीष निमजे, राहुल पाटिल मौजूद थे।

# प्लास्टिक पर आधारित 'नो प्लास्टिक' कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगा दिया है ताकि इसके दुष्प्रभावों से बचा जा सके। राजधानी रायपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर अपने स्थापना दिवस के अवसर पर प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चला रहा है। शनिवार को मोवा में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसके रोकथाम को लेकर चर्चा हुई। जिसमें चिकित्साविद, शिक्षाविद, तथा पर्यावरण मामलों के जानकारों के साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर मूर्तिकार मूर्ति को दे रहे हैं अंतिम रूप

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्र पर्व 26 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है जिसे लेकर शिवरीनारायण नगर के देवी मंदिरो एवं देवालयों, की साफ सफाई और रंगरोगन का कार्य चल रहा है साथ ही नगर के विभिन्न चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों के रंगमंचों में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए व्यापक तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। वही नगर में पश्चिम बंगाल और शिवरीनारायण के मूर्तिकार माँ दुर्गा की आकर्षक मूर्तियां बना रहे हैं जिसकी संख्या लगभग 500 होगी इस वर्ष सभी मूर्तिकारों को अच्छे मार्केट होने की उम्मीद है।

पश्चिम बंगाल से आए मूर्तिकार डॉ विश्वास पवन पॉल, मनीमोहन पाल शिवरीनारायण के लखन कुंभकार विगत 20-25 वर्षों से नगर में गणेश जी एवं मां दुर्गा की मूर्ति बनाने का काम कर रहे है 26 सितम्बर से नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है।

इसलिए ये सभी मूर्तिकार अब मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं । वही इस बार दुर्गा उत्सव समिति में बढ़ोतरी हुआ है नगर के बॉम्बे मार्केट, बाबा घाट रंगमंच, गौरा चौर चौक, रामायण चौक, लंबा दुकान महावीर चौक, पुल चौक, सेठी नगर महिला समिति, शीतबाबा चौक सहित कई जगह पर नवरात्रि पर्व में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने हेतु भव्य पंडाल बनाया जा रहा है।

# विषम परिस्थितियों में भी छात्रों को बेहतर शिक्षा दे रहा है कॉलेजः रमेशकुमार

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़।
www.dailypioneer.com



दूरस्थ वनप्रांतर में स्थित आपका कालेज बहुत सी विषम परिस्थितियों से जूझने के बाद भी छात्रों को बेहतर शिक्षा, सामाजिक संस्कार देने का कार्य कर रहा है और साथ ही आपका पीपीपी मॉडल का जिम और बैडमिंटन, बालीबाल, कबड्डी आदि अद्भुत है. नैक पियर टीम के चेयरपर्सन प्रो.रमेश कुमार, प्रो.वाइस चांसलर तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर, बिहार ने शा.नवीन महाविद्यालय, जनकपुर में अपने विदाई समारोह के अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों, प्राचार्य को संबोधित करते हुए कहा कि आपके महाविद्यालय के छात्र भी बहुत लगनशील हैं जो सुबह 8 बजे घर से चलकर कालेज आते हैं और शाम 7 बजे तक घर पहुंचते हैं श्री कुमार ने इसी तारतम्य में कहा कि आपका वनों को आग से बचाने, जल संरक्षण, महुआ, डोरी तेल, कोदों, गमले बनाने के कार्य भी सराहनीय हैं ध्यातव्य है कि शा.नवीन महाविद्यालय,जनकपुर के मूल्यांकन हेतु दो दिवसीय नैक पियर टीम का दौरा था जिसके अध्यक्ष प्रो.वाइस चांसलर, तिलका मांझी विश्व विद्यालय, भागलपुर, बिहार व सदस्य प्रो.संजय राय, अगरतला, त्रिपुरा एवं प्रो.दिपेन्दु दास,समन्वयक असम विश्वविद्यालय, सिलचर, असम थे। उद्बोधन के तारतम्य में प्रो.संजय राय ने कहा कि लगभग 900 छात्र,छात्राओं के महाविद्यालय के सभी छात्रों का अनुशासित होना और ड्रेस कोड का पालन करना महत्वपूर्ण बात है खासतौर से आपके महाविद्यालय का लोक नृत्य, लोकगीत का सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत बढ़िया है और राष्ट्रीय सेवायोजना के छात्रों का कार्य भी बहुत अच्छा लगा। इसी तारतम्य में समन्वयक असम विश्वविद्यालय, सिलचर, असम प्रो.दिपेन्दु दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपके महाविद्यालय में आपकी ओर से कोई कमी नहीं है और जो कमियाँ हैं उन्हें शासन की सहायता से दूर कर सकते हैं इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवायोजना की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अतुल वर्मा के आग्रह पर आगंतुक नैक पियर टीम ने लाल चंदन का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डा.एसपी त्रिपाठी के अलावा प्राध्यापक अतुल वर्मा,परमानंद डा.अवनीश पटेल महावीर पैकरा, बीएल सोनवानी, डा.इफरा जूनी, ऋषभ कुमार बोरकर,विनीत पाण्डेय, हेमंत बंजार, धीरेन्द्र गुप्ता,रामप्रसाद बैगा, सुरजीत सिंह, महरोज बेगम, कमलेश, शमीम खान, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उजाला सोनी, मानसिंह, दुर्गेश सिंह, द्वारिका, अंशुल, पंकज मौर्य, तारकेश्वर राजवाड़े, संजय पांडे,यमराज सिंह,ओम प्रकाश,हीरा सिंह टेकाम, काजल सोनी,रूपाली वर्मा,ज्योति उपाध्याय,प्रेम लाल सिंह, आनंद सिंह, प्रभिका सिंह, आरती केवट, उपेंद्र केवट,कोमल सोनी, कांताबाई, नैंसी केसरी, निहारिका तिवारी, ज्योति किरण, नूर शबा, हिमांशी जैन, अनारकली, निर्मला, उजाला सोनी सहित छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

# मां सर्वमंगला देवी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन कराने वाले भक्तों की मनोकामना होगी पूर्ण

## कल से प्रारंभ होने वाली शारदीय नवरात्रि की तैयारियां हुई पूरी

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com





कल से प्रारंभ हो रही शारदीय नवरात्रि की तैयारियां लगभग सभी देवी मंदिरों में पूरी कर ली गई हैं जिले के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला देवी मंदिर मैं ईश्वर भक्तों को मां के नौ रूपों का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होगा इस वर्ष नवरात्रि प्रारंभ आज मुहूर्त में होने के कारण मां सर्वमंगला देवी मंदिर में ज्योति प्रोबलम कराने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं मां सर्वमंगला पूरी करेंगी जिले के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला देवी मंदिर के राजपुरोहित और प्रबंधक तथा व्यवस्थापक नमन पांडे नन्हा महाराज ने बताया कि बीते 2 वर्ष कोविड के कारण लगभग सभी पर्वों में प्रतिबंध के कारण भक्तों में मेरा साथी जो कि इस वर्ष स्थितियां सामान्य होने की वजह से पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है इसी कड़ी में जिले के प्रसिद्ध मां सर्वमंगला देवी मंदिर हमें भी शारदीय नवरात्रि की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ पूरी की गई है। मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है साथ ही पूरे मंदिर परिसर में भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे लेकर पूरी तैयारियां की गई हैं मंदिर परिसर के कोने कोने में सीसीटीवी कैमरा असामाजिक तत्वों की निगरानी करेगा साथ ही मंदिर के सुरक्षा प्रहरी भक्तों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहेंगे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां सर्वमंगला देवी मंदिर में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे इसे लेकर भी तैयारियां पूरी कर ली गई है कल से शुरू हो रही नवरात्र को लेकर मां सर्वमंगला देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने वालों भक्तों के लिए तेल ज्योति 701 और 2100 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने मंदिर परिसर सहित चिन्हित स्थानों में भक्त रसीद कटा सकते हैं यह सुविधा कल पूरे दिन भर मंदिर परिसर में उपलब्ध रहेगी।

# बच्चों के आकलन शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़।
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आकलन शिविर का आयोजन जनपद सभाकक्ष मनेंद्रगढ़ में गुलाब कमरों के मुख्य आतिथ्य, बी एस ध्रुव कलेक्टर, एमसीबी की अध्यक्षता, डॉ. विनय शंकर सिंह, अध्यक्ष, जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़, विशिष्ट अतिथि, मनोज कुमार पांडे, जिला मिशन समन्वयक कोरिया, विशिष्ट अतिथि,कोरिया, राजाराम कोल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत - खोंगापानी, अजय जयसवाल पार्षद, नागेंद्र सिंह, पार्षद, जमील शाह, पार्षद, विवेक चतुर्वेदी पार्षद, कमलभान सिंह चौधरी पार्षद, रंजीत सिंह विधायक मीडिया प्रभारी, गोपाल गुप्ता संवाददाता पत्रिका के गरिमामय उपस्थिति में गिरीश कुमार कुरचनिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अजय कुमार राय विकास खंड स्रोत केंद्र समन्वयक के नेतृत्व में किया गया। इस आकलन शिविर में कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के विशेष आवश्यकता वाले 58 छात्र-छात्राओं का आकलन कर आवश्यकतानुसार उपचार, प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र नवीनीकरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में डॉ सेंगर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हेला, नाक, कान, गला, रोग विशेषज्ञ, शालिनी पांडे बीआरपी, समावेशी शिक्षा मनेंद्रगढ़ राजकुमार वर्मा शैक्षिक समन्वयक - नागपुर, वीरांगना श्रीवास्तव, नर्मदा सिंह, महाई अमोल चंद्र झा नई लेदरी, कंचन कुमार सिंह सी ए सी झगड़ाखांड, कंचन सिंह सी ए सी नागपुर धर्मेंद्र सिंह पैकरा, बेलबहरा उपस्थित होकर कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

**नौ दिन होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# दूसरे वर्ष विराजेंगी विराट नगर बोरसी में मां दुर्गा

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जन जागरण दुर्गोत्सव समिति विराट नगर प्रदीप्ति नगर बोरसी समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार शर्मा एवं सचिव महावीर साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व में यहां कॉलोनी में लगातार दूसरे वर्ष मां दुर्गा की भव्य मूर्ति की स्थापना की जायेगी। वहीं नवरात्र में नौ दिनों तक विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

समिति के द्वय पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्र उत्सव में महिलाओं व बच्चों द्वारा गरबा एवं अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। 26 सितंबर सुबह 11 बजे मूर्ति स्थापना कि जाएगी वही गरबा का आयोजन प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से किया जाएगा। 28 सितंबर को महिलाओं एवं बच्चों द्वारा खेल प्रतियोगिता शाम आठ बजे से रखा गया है। संस्कृतिक आयोजन के तहत 29 सितम्बर को चेतन देवांगन का शाम 6 बजे से पंडवानी रखा गया है। 30 सितंबर पंचमी को माता का श्रृंगार सुबह 8 बजे से तथा खिचड़ी प्रसाद संध्या 7.30 से एवं नृत्य प्रतियोगिता शाम 8 बजे रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों के साथ ही गरबा प्रतियोगिता 1अक्टूबर को शाम 8 बजे से, 2 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता सुबह 8 बजे एवं नृत्य प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें 13 से 18 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं यह कार्यक्रम शाम 7 बजे होगा। 3 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से महाष्टमी हवन तथा दोपहर 4 बजे से कन्या भोज एवं 5 बजे महाभण्डारा किया जाएगा। 4 ता को चित्रकला प्रतियोगिता, भक्ति संध्या, पुरस्कार वितरण रात्रि 9 बजे एवं 5 अक्टूबर शोभायात्रा एवं मूर्ति विसर्जन दोपहर 12 होगी।

इस दौरान संस्था के सदस्य गण सरंक्षक ए. डी. टंडन, पोषण साहू, उपाध्यक्ष शंकर लाल यादव, खिलु राम साहू, विनोद कुमार साहू, विजय यादव, राकेश कुमार, भोजलाल हिरवानी, शशि कुमार साहू, हेमलता साहू, हरिताभ सिन्हा, प्रवीण यादव, वर्षा साहू, मनेंद्र साहू, खिलेश साहू, पन्ना लाल साहू, बिसौहा लाल साहू, सुरेश साहू, भोला राम, संतोष कुमार, अनुज राम साहू, शैलेश देवांगन, निखिल साहू, श्रेयस साहू, अभिषेक साहू व विनय गजपाल आदि शामिल थे।

# अमृत मिशन योजना के तहत बोरसी जोन व मीनाक्षी नगर की पानी टंकी में नया वाल्व लगाने का आयुक्त ने लिया जायजा

- **दो दिन सुबह व शाम के शट डाउन,निगम का पूरा प्रयास, शटडाउन समय के पूर्व ही कार्य कर कल सुबह सप्लाई दी जा सके**

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत अमृत मिशन योजना के तहत बोरसी जोन व मीनाक्षी नगर की पानी टंकी में वॉल्व लगाने के कार्य प्रारंभ किया गया,आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे के साथ पहुंचकर का निरीक्षण किया, उन्होंने बोरसी जोन एवं मीनाक्षी नगर की पानी टंकी में नया वाल्व कार्य स्थल पर उपस्थित सहायक अभियंता आर.के.जैन,उपअभियंता भीमराव एवं जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर तथा टीम को जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया! अमृत मिशन योजना के तहत बोरसी जोन एवं मीनाक्षी नगर की पानी टंकी में वाल्व लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्य 24 सितम्बर के मध्य तक किया जाना है। जिससे वार्ड 49,50,51 एवं 52 में 2 दिन सुबह एवं शाम के शट डाउन लिया गया है नगर निगम का पूरा प्रयास है कि इसे लिए गए शटडाउन समय के पूर्व ही कार्य कर कल सुबह सप्लाई दी जा सकेगी।प्रभावित क्षेत्रों वार्डो में आवश्यकता अनुसार टैंकरो के पेयजल प्रदाय किया जाएगा। महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त प्रकाश सर्वे व जलकार्य प्रभारी संजय कोहले ने प्रभावित क्षेत्रो के वार्ड की जनता से पानी सप्लाई में रुकावट के लिए खेद व्यक्त किया है।

संपादकीय

# घृणापूर्ण भाषण समाज के लिए ज़हर

**सर्वोच्च** न्यायालय ने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया है जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। जब सार्वजनिक विमर्श विकृत हो जाता है तब नारेबाजी को यथार्थ तथा लफ्फाजी को विवेक समझा जाने लगता है। भारत में यही स्थिति है और अब बेलगाम उग्र बयानों को शक्तिशाली तर्क समझा जाने लगा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि घृणापूर्ण भाषण की घटनायें बढ़ रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय को उचित ही इस नकारात्मक प्रवृत्ति से चिन्ता है। बुधवार को उसने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे विधिक ढांचे की अनुपस्थिति पर भी निराशा प्रकट की है जिससे टेलीवीजन बहसों में घृणापूर्ण टिप्पणियों को रोका जा सके। उसने केन्द्र से दो महीने में जवाब मांगा है कि क्या वह घृणापूर्ण भाषण को दंडात्मक अपराध घोषित करने का कानून बनाने पर विचार कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि खबरिया टीवी चैनल 'घृणा व अन्य सभी मसालेदार चीजों' को अपनी रेटिंग बढ़ाने का माध्यम मानते हैं। अदालत ने आश्चर्य प्रकट किया कि सरकार 'खामोश तमाशबीन' कैसे बनी हुई है, जबकि टीवी एंकरों द्वारा घृणापूर्ण भाषणों से रोकने के कदम उठाना उसका दायित्व है। जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस ऋषिकेश राय की पीठ ने कहा, 'यदि हम घृणापूर्ण भाषणों को स्वीकार करते रहे तो हमारा देश कहां जाएगा? घृणापूर्ण भाषण पूरी तरह सामाजिक ढांचे में जहर घोल रहे हैं।' उन्होंने यह बात अनेक याचिकाओं की सुनवाई करते समय कही जिनमें घृणापूर्ण भाषण पर नियंत्रण के दिशानिर्देश देने की प्रार्थना की गई थी।

कुछ दिनों पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीवी चैनलों की बहसों में संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया था। वे चाहते थे कि 'खबरों में पुनः तटस्थता लाई जाए।' वास्तव में उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्यधारा मीडिया को खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय मुख्यधारा खबरिया चैनलों से है। उनका यह कहना उचित है कि यदि कोई खबरिया चैनल ऐसे अतिथियों को आमंत्रित करता है जो ध्रुवीकरण का काम करते हैं तो वे झूठे विमर्शों का प्रसार करेंगे जिससे खबरिया चैनल की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। दुर्भाग्य से अनेक खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता बहुत खराब है और उनको व्यापक रूप से एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी का समर्थक माना जाता है। राजनीतिक विषयों पर बहसें न केवल विभिन्न सहभागियों के गलत तरीकों और अर्धशिक्षित लफ्फाजी से प्रभावित होती हैं, बल्कि इनसे एंकरों के जिम्मेदार व्यवहार के बजाय उनके पूर्वाग्रह दिखाई देते हैं। ऐसे टीवी कार्यक्रम काफी गरमी व तूफान पैदा करते हैं, लेकिन इनसे कोई सच्ची बात सामने नहीं आती है। राजनीतिक पार्टियों को सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक बहसों का स्तर और न गिरे। इसमें सत्तारूढ़ दल की भी भूमिका है। मीडिया की ओर से की जाने वाली कार्रवाई आत्मनियंत्रण की दिशा में होनी चाहिए। खबरिया चैनल, प्रेस क्लब आफ इंडिया, प्रेस कौंसिल तथा मीडिया से जुड़े अन्य संगठनों को सामने आ कर खबरिया चैनलों के एंकरों व अन्य मीडिया कर्मियों के व्यवहार पर नियंत्रण करने वाले दिशानिर्देश बनाने चाहिए। उनको ऐसी सीमारेखायें निर्धारित करनी चाहिए जिनको पत्रकारों द्वारा कभी पार न किया जाए। इसके साथ ही सरकार व मीडिया के बीच संवाद विकसित कर खबरों में फिर से नम्रता व निष्पक्षता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। वैकल्पिक रूप से देखा जाए तो सरकार या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियम बनाना बहुत आकर्षक नहीं लगता है। ऐसे नियमों से भले ही घृणापूर्ण भाषणों पर लगाम लगे, पर इनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी प्रभावित हो सकती है।

# समानता के लिए जारी है संघर्ष

## समानता का अधिकार केवल कागजों पर है क्योंकि अनेक कारणों से संविधान में व्यक्त सपना पूरा होने की दिशा में बाधायें आ रही हैं।



ईशानी शर्मा
(लेखिका, पेशे से अधिवक्ता हैं)



भारत में समानता का विचार वैदिक विवेक के युग से है जिसमें सभी लोगों में ईश्वरीय आत्मा का वास माना गया है। आध्यात्मिक व दार्शनिक रूप से समानता का सिद्धान्त मनुष्यों में दैवत्व के सिद्धान्त पर आधारित है। उपनिषदों व धर्मशास्त्रों में जोर दिया गया है कि सभी लोगों को समान अवसर मिलने चाहिए ताकि वे राज्य समेत किसी बाहरी एजेंसी द्वारा किसी मनमाने हस्तक्षेप के बिना चार आयामों वाले पुरुषार्थ की ओर बढ़ सकें जो जीवन का लक्ष्य है। ऐसा कर ही कोई महिला या पुरुष अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सकता है। संभवतः विधिक समानता की अवधारणा स्टोइक्स के प्राकृतिक नियम सिद्धान्त से निकलती है जिसके अनुसार सर्वव्यापी तर्क के आधार पर व्यक्तियों, नस्लों व देशों के बीच समानता की अवधारणा पेश की गई थी। लेकिन यह केवल आध्यात्मिक या दार्शनिक आधार पर थी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि सभी लोग समान हैं, पर भौतिक व सामाजिक जीवन की असली दुनिया में शायद ऐसा नहीं होता है।

समाज में लोगों तथा लोगों के समूहों के बीच प्राकृतिक असमानतायें हो सकती हैं और इनके साथ ही कृत्रिम रूप से पैदा की गई सामाजिक व आर्थिक असमानताओं की रचना भी की जा सकती है। ऐसे समाज में औपचारिक या विधिक समानता का अर्थ कानून द्वारा सभी लोगों के साथ समान व्यवहार पर जोर देना है। इसका अर्थ वर्तमान असमानताओं के रहते हुए भी बैल व शेर के लिए समान कानून होना है। इस प्रकार समानता की अवधारणा तभी सार्थक व समझ में आने योग्य हो सकती है जब यह मूलतः एक गतिशील व तुलनात्मक अवधारणा हो। इसमें आवश्यक समानीकरण रणनीतियों को शामिल करना जरूरी है जिनसे वर्तमान सामाजिक व आर्थिक असमानताओं को हटा कर समानता व सामाजिक न्याय का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। आज हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहे हैं, पर समाज में हमारे चारों ओर भयानक असमानतायें दिखाई देती हैं। इस प्रकार संविधान निर्माताओं का प्रिय स्वप्न अभी प्राप्ति से बहुत दूर है। हमारे संविधान को स्वीकार करने का एक अर्थ ऐसे समाज का निर्माण भी था जहां सबको शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, अभिव्यक्ति एवं विरोध की स्वतंत्रता, रोजगार व राजनीतिक सहभागिता प्राप्त हो। कुछ लोगों को शुरुआत से ही असमानता का अनुभव होता है क्योंकि वे जन्म से अंधता, शारीरिक दिव्यांगता या मानसिक दिव्यांगता का शिकार होते हैं। लेकिन यदि हम जन्म से असमानता का सामना नहीं करते हैं तो भी हमें समान अवसर, बुद्धि, शक्ति, स्वास्थ्य व धन में समानता मिलनी चाहिए।

एथेंस के गणराज्य में विधिकता न्याय का पर्याय थी क्योंकि इसका जन्म यूनानी-लैटिन शब्द 'ईक्वेलिस' से होता है। इसका अर्थ है कि धन या मूल्य या इस्लामी गणित में दो वस्तुएं समान होती हैं जिसका प्रयोग आज भी होता है। बाद में इसका प्रयोग परिवर्तनशील रूप से स्वतंत्रता की अवधारणा से होने लगा जिसे सबसे पहले 18वीं व 19वीं शताब्दी में प्रभावशाली विचारकों जान लाक, थामस होब्स, फ्रेडरिक हेगेल तथा बाद में फ्रांसीसी मोन्टेस्क्यू, वोल्टेयर व जीन-जैक्वीस रूस ने विस्तार दिया। रूसो का यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ कि 'मनुष्य जन्म से स्वतंत्र होते हैं।'

इन अवधारणाओं का हमारे पूर्वजों पर काफी प्रभाव पड़ा। इनका उन समाजों पर भी भारी प्रभाव पड़ा जो ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेश थे। उन्होंने विद्रोह के माध्यम से अपने उत्पीड़कों का विरोध किया, युद्ध में विजय प्राप्त की तथा बाद में यह अवधारणा विकसित की जिसके अनुसार, 'सभी मनुष्यों को समान बनाया जाता है।' जब हम कहते हैं कि समानता होनी चाहिए तो भयानक गरीबी में रहने वाले लोग ज्यादा उम्मीद नहीं करते हैं। लेकिन यदि यह उम्मीद पूरी नहीं होती है तो समाज में 'अमीरों व गरीबों' के बीच असंतोष पैदा होता है। कार्ल मार्क्स के अनुसार इससे समाज में अव्यवस्था पैदा होती है जिसका परिणाम क्रांति को जन्म दे सकता है। भारत ने संभवतः मूल रूप से सामाजिक असमानता को स्वीकार किया था जिसका अर्थ अंतर्निहित रूप से टकराव का विचार स्वीकार करना है। व्यापक रूप से समानता के सिद्धान्त को संविधान के अनुच्छेद 14 में दर्ज किया गया है जो कानून के समक्ष समानता तथा कानूनों द्वारा समान संरक्षण की बात करते हुए व्यक्तियों के बीच अनुचित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है।

इसे भारतीय संविधान में मूलाधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। किसी आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। 'कानून द्वारा समान संरक्षण' अच्छी अवधारणा है। सरल भाषा में कहें तो इसका अर्थ यह है कि तुलनात्मक स्थितियों में सबके समान अधिकार व दायित्व होने चाहिए। मूलतः इसका अर्थ है कि सबके साथ समान व्यवहार किया जाएगा। समानता व असमानता का समान रूप से सह-अस्तित्व नहीं हो सकता है या उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जा सकता है। विधि के समक्ष समानता की इस अवधारणा का अर्थ मनुष्यों में संपूर्ण समानता है जिसे प्राप्त करना संभव नहीं है। इस अवधारणा का अर्थ जन्म, नस्ल या किसी अन्य आधार पर किसी व्यक्ति के पास कोई विशेषाधिकार न होना है। इसके साथ ही देश के कानून में सभी व्यक्ति व वर्ग समान हैं। कानूनों द्वारा समान संरक्षण में बिना खास पहचान के सभी लोगों से समान व्यवहार की कल्पना नहीं की गई है। इसमें कल्पना की गई है कि समान कानूनों का समान प्रयोग समान स्थिति वाले सभी लोगों के लिए समान रूप से किया जाएगा। इसका अर्थ समान परिस्थितियों में समान व्यवहार है।

डाइसी के विचार से कानून का शासन कानून के समक्ष समानता है। इसका अर्थ है कि कोई कानून से ऊपर नहीं है तथा सामान्य अदालतों का क्षेत्राधिकार सभी पर है, भले ही उनका दर्जा या परिस्थितियां चाहे जो हों। समान परिस्थितियों में सभी लोगों के साथ समान व्यवहार उनको मिले अधिकारों तथा उनके दायित्वों के संदर्भ में होना चाहिए। एक व दूसरे व्यक्ति के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा समान परिस्थितियों में सब पर समान कानून लागू होने चाहिए। इस प्रकार नियम यह है कि असमान चीजों के साथ समान व्यवहार के बजाय समान चीजों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

स्टीफेन कालेज बनाम दिल्ली विश्वविद्यालय मामले में अदालत ने कहा था कि 'कानूनों द्वारा समान संरक्षण' का अर्थ अब राज्य की सकारात्मक जिम्मेदारी से समझा जाता है कि वह कानून द्वारा समान संरक्षण सुनिश्चित करेगा तथा ऐसे आवश्यक सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन सुनिश्चित करेगा जिनसे सभी कानून द्वारा समान संरक्षण का लाभ उठा सकें तथा किसी को ऐसे संरक्षण से वंचित न किया जाए। यदि राज्य वर्तमान असमानता को अनदेखा करे तो वह सबको कानून द्वारा समान संरक्षण के दायित्व का उल्लंघन करेगा। इस प्रकार भारत के सभी नागरिकों तथा गैर-नागरिकों को राज्य से समान संरक्षण प्राप्त होगा। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन 'कानून द्वारा समान संरक्षण' की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अनुसार भारत में रहने वाले सभी लोगों को समान विधिक संरक्षण मिलना चाहिए ताकि वे बिना किसी अपवाद या पक्षपात के बिना अपने विधिक अधिकारों का प्रयोग कर सकें।

इसके अनुसार राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह सभी नागरिकों द्वारा इसकी प्राप्ति की गारंटी के कदम उठाए। इसका अर्थ राज्य द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाइयां यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि सबके साथ समान व्यवहार सुनिश्चित हो सके। इस नियम के अनुसार सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए, लेकिन वह यह भी कहता है कि असमान लोगों के साथ समान व्यवहार नहीं होना चाहिए। किसी जीवन्त समाज के लिए सभी लोगों के साथ समान व गरिमापूर्ण व्यवहार जरूरी है ताकि सभी लोग अपना पूर्ण विकास कर सकें। इसका अर्थ सामाजिक न्याय व समानता पर आधारित विवेकपूर्ण सकारात्मक कार्रवाई नीति भी है। हालांकि, पहुंच सुनिश्चित करने के अनेक रास्ते हो सकते हैं, पर अवसरों की समानता किसी अन्य चीज की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसके लिए अनेक चीजों, जैसे पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र, विभिन्नतापूर्ण निवेश, मूल्यांकन, सुधार, फीडबैक, दृष्टिकोण, संस्थागत देखभाल, आदि पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# बच्चों के साथ क्रूरता है बाल विवाह



राकेश कुमार कौशिक
(लेखक, राजस्थान महिला कल्याण मंडल के निदेशक हैं)

आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मु आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। उद्यमी किरण शॉ ने अपने दम पर हजारों करोड़ की कंपनी बॉयोकॉन खड़ी की है। महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला ने अंतरिक्ष तक का सफर तय किया था। साल 2018 में अवनी चतुर्वेदी अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, फोगाट बहनें, हिमा दास और न जाने कितनी लड़कियां खेल की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले दिनों ही नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2022(नीट) में तनिष्का ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये बदलते भारत की तस्वीर है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है जिसके बारे में हम जानते तो हैं लेकिन बात नहीं करते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की साल 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 20 से 24 साल की हर चौथी महिला का बाल विवाह हुआ है। ये सब बाल विवाह नाम की सामाजिक कुरीति और दशकों से चली आ रही रूढ़ीवादी परंपरा का शिकार हो गईं। शिक्षा हासिल करना इनके लिए सपना बनकर रह गया और खेलने-कूदने की उम्र में यह पारिवारिक जिम्मेदारियां उठाने को अभिशप्त हो गईं। ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि कम उम्र में ही गर्भधारण करने की वजह से अनेक नाबालिग लड़कियां प्रसव के दौरान असमय मौत का शिकार हो गईं।

यकीन नहीं होता कि इसी भारत में आजादी से पहले से बाल विवाह के खिलाफ अनेक आंदोलनों ने जागरूकता फैलाने का काम किया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद और राजाराम मोहन रॉय जैसे समाज सुधारकों ने बाल विवाह को रोकने के लिए जीवन भर काम किया लेकिन यह सामाजिक बुराई आज भी हमारे समाज में गहराई तक जड़ें जमाए हुए है।

आखिर एक नाबालिग बच्ची की शादी कैसे की जा सकती है। विडंबना यह है कि कानून के तहत बाल विवाह अपराध तो है लेकिन शिकायत न होने की स्थिति में वह भी मूकदर्शक बनकर रह जाता है। अधिकतर बाल विवाह के मामलों में शिकायत ही नहीं की जाती और समाज की इस कुरीति पर मौन सहमति सी रहती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की सामाजिक बुराई विकराल रूप लेती जा रही है। रूढ़ीवादी परंपराएं, अशिक्षा, आर्थिक तंगी और बेटी को बोझ समझना इस समस्या के मूल में है। एक और प्रमुख कारण बेटियों की सुरक्षा भी है। मां-बाप को लगता है कि जितनी जल्दी वो वैवाहिक बंधन में बंधकर एक परिवार का हिस्सा बन जाएंगी, उतनी ही जल्दी वे सुरक्षित भी हो जाएंगी। ग्रामीण इलाकों में यह सोच बलवती है क्योंकि कमजोर एवं गरीब वर्ग की बच्चियों के साथ निरंतर दुष्कर्म एवं यौन शोषण की घटनाएं दशकों से होती आ रही हैं।



सामाजिक ताना-बाना ऐसा है कि अगर कोई अपनी बेटी के बालिग होने पर शादी करना चाहे तो समाज के लोग ही उस परिवार और उसकी बेटी के बारे में अनाप-शनाप बातें फैलाने लगते हैं। नतीजा बेटी नाबालिग उम्र में विदा करना बेहतर विकल्प माना जाता है। परंपरा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर अपराध किया जा रहा है।

यह समस्या इतनी भयावह हो चुकी है कि इसके विनाश के लिए 'भागरथी प्रयास' करना होगा। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) इसके लिए लंबे समय से काम कर रही है। केएससीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्रामों में से एक बाल मित्र ग्राम(बाल मित्र ग्राम) और सर्वाइवर-लेड इंटेलीजेंस के जरिए कई साल से निरंतर गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल मित्र ग्राम, कैलाश सत्यार्थी का एक अभिनव प्रयोग है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि इस गांव में कोई भी बाल विवाह न हो और न ही कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित रह जाए। किसी बच्चे का किसी भी तरह से शोषण न हो। लेकिन यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। यह तभी पूरा हो पाएगा जब हम सबकी इसमें सामूहिक भागीदारी होगी। कैलाश सत्यार्थी जैसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। केएससीएफ ने पिछले दिनों ही कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में बाल विवाह के खिलाफ एक देशव्यापी मुहिम चलाने का ऐलान किया है। बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।


समस्या के खात्मे के लिए जरूरी है कि समाज, सरकारी एजेंसियां, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अमला, सभी समुदाय, युवा वर्ग एवं हर जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो तो जरूरी है कि पहले हम 'बाल विवाह' नाम की कुरीति का अंत करें। ऐसा करके ही हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित बचपन और खुशहाल भविष्य दे सकते हैं। इसके बाद ही हमारी हर बेटी अपने सपनों की उड़ान को पंख दे सकेगी और अवनी, पीवी सिंधु, हिमादास व द्रौपदी मुर्मु और कल्पना चावला जैसे ही दुनियाभर में देश का नाम रोशन कर सकेगी।

## फरमाया



अच्छा होता कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत गुजरात से करती जहां इस वर्ष के अंत में चुनाव हैं।

– प्रशांत किशोर
चुनाव रणनीतिकार



हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पैदा होने पर हम रूस व उसकी जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह धोखा नहीं है।

– व्लादीमिर पुतिन
रूसी राष्ट्रपति



मीडिया में भाषण बेलगाम हैं। यह एंकरों की जिम्मेदारी है कि ऐसे भाषणों को रोका जाए।

– के.एम. जोसेफ
सुप्रीम कोर्ट के जज

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

# संघ का तो नहीं मालूम मगर 'संग' है तो राष्ट्र सुरक्षित है



उचित शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

**देश** बदलाव से गुजर रहा है, इस बीच बदलाव की एक खबर देश की राजधानी के बाड़ा हिंदूराव के 74 साल पुराने मदरसा ताजबीदूल कुरान पुरानी दिल्ली से भी निकली। जब पहली बार RSS के सर संघचालक मोहन भागवत वहां पहुंचे और बच्चों से पूछ लिया- बड़े होकर क्या बनोगे।

वो भी ऐसे वक्त, जब उत्तर प्रदेश सरकार के मदरसों के सर्वेक्षण को लेकर विवाद बना हुआ है और सरकार की नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दक्षिण में केरल से लेकर आंध्रप्रदेश, तामिलनाडु जैसे राज्य साम्प्रदायिकता की आग में झुलस रहे हैं।

ऐसे वक्त पर RSS के सरसंघचालक मोहन भागवत का मदरसे में पहुंचना क्या भगवा विचार धारा में कहीं ना कहीं बदलाव की शुरुआत है इस बदलाव के पीछे संघ की सोच क्या है ये तो नहीं मालूम मगर ये तय है कि 'संग' है तो राष्ट्र सुरक्षित है।

मदरसे में बेशक दुनियावि तालीम कम है, शायद इसलिए वो अल्फाज कम और मोहब्बत ज्यादा समझते हैं। ये भी गौर करने वाली बात है कि संवाद में उन्होंने छात्रों को इंसानियत, देशप्रेम व नारी सम्मान का पाठ पढ़ाया। संघ प्रमुख ने मदरसों के आधुनिकीकरण और छात्रों के लिए आधुनिक शिक्षा पर भी जोर दिया। तकरीबन दो घंटे वो वहां रहे। इस दौरान मदरसा 'भारत माता की जय' और 'वंदेमातरम' के जयकारों से गूंजता रहा।

मदरसे में 'वंदेमातरम' की इस गूंज में कहीं न कहीं बदलते भारत की तस्वीर दिखाई देती है। हालांकि जमात के कुछ लोगों ने भागवत के मदरसे में आने को राजनीतिक चश्में से देखा, पर इससे क्या देश का भला होने वाला है।

वहां उनके साथ मौजूद आल इंडिया इमाम आर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डा. उमेर अहमद इलियासी ने मदरसे में जल्द ही गणित, विज्ञान, अंग्रेजी के साथ संस्कृत और गीता की शिक्षा दिए जाने की बात संघ प्रमुख को बताई। तर्क दिया कि इस्लाम के साथ आधुनिक शिक्षा से यहां छात्र भारत और यहां की संस्कृति को अच्छी तरह से जान-समझ सकेंगे। तो इसमें हर्ज ही क्या, अच्छी तालीम हिन्दुस्तान के हर बच्चों का वाजिब हक है, इससे देश का ही भला होना है।

मदरसा ताजबीदूल कुरान में उस वक्त कई मुस्लिम स्कालर भी उनके साथ थे। संवाद जब आगे बढ़ा तो सभी धर्मों के सम्मान की बात भी हुई। संवाद 'सबसे पहले सभी भारतीय हैं' पर जाकर ठहर गया। यानि बदलाव की बात दोनों ओर से हुई, इसे अच्छा संकेत माना जा सकता है।

भागवत के मदरसे में पहुंचने की पहल का स्वागत करने वाले डा. उमेर अहमद इलियासी का ये कहना कि नजर बदल जाए तो नजिरया भी बदल जाएगा। यानि कहीं न कहीं बात आगे बढ़ती दिखी है। भारत विविधताओं का देश है, देश में सैकड़ों सालों से साथ साथ पली बढ़ी हिन्दू और मुस्लिम संस्कृति देश की दो आंखें हैं, मगर शर्त वही है देश की दोनों आंखों की नजरें एक होनी चाहिए तभी नजर के साथ नजरिया बदलने की बात हो सकती है।

अगर देश की दोनों आंखें देश को अलग-अलग नजरों से देखने लगी तो नजरिया बदलने की बात फिर अटक जाएगी। खैर देर आए दुरुस्त आए पर इतना तो तय है 'संग' है तो राष्ट्र सुरक्षित है।

# ऑनलाईन सट्टा एवं सटोरियों के विरूद्ध दुर्ग पुलिस की लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही

## सट्टा से जुड़े 21 व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, 47170 रू नगदी, मोबाइल एवं सट्टा पट्टी बरामद

### एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट व थानों की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com





जिले में व्यापक पैमाने पर ऑन-लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी चलाने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) नसर सिद्धीकी को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। जिसके तारतम्य में एण्टी क्राईम व सायबर युनिट एवं थानों की संयुक्त टीम को ऑन-लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी से जुड़े लोगों को चिन्हांकित करते हुए उनकी पतासाजी किये जाने हेतु लगाया गया। टीम द्वारा ऑन लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी हेतु सूत्र लगाये गये थें, उक्त व्यक्तियों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी क्रम में सूत्रों से ज्ञात हुआ कि थाना दुर्ग क्षेत्रांतर्गत सदीप यादव पिता प्रकाश यादव 22 वर्ष सा. शिवपारा चंदी मंदिर के पीछे दुर्ग, राजू महार पिता चरण दास महार 55 वर्ष सा उरला काली मंदिर के पास दुर्ग, पूनम भारती पिता दशरथ भारती 44 वर्ष सा गया बाई धर्मशाला दुर्ग, थाना पद्मनाभपुर क्षेत्रांतर्गत मनोज आचार्य पिता शिव आचार्य 30 वर्ष सा.न्यू बोरसी कालोनी दुर्ग, लाल चंद पिता सुदर्शन 19 वर्ष सा. बोरसी दुर्ग, राकेश वर्मा पिता मूलचंद वर्मा 53 वर्ष सा. स्कूल चौक बोरसी, डोमन वर्मा पिता देबूलाल वर्मा 22 वर्ष सा. डिपरा पारा दुर्ग, सुनिल विश्वकर्मा पिता रंधीर विश्वकर्मा 33 वर्ष सा.डिपरा पारा दुर्ग, घनश्याम मानिकपुरी पिता किशुनदास 30 वर्ष सा. रामनगर आजाद चौक सुपेला थाना वैशाली नगर थाना मोहन नगर क्षेत्रांतर्गत बिशेश्वर साहू पिता तुलाराम साहू 33 वर्ष सा. शक्ति नगर दुर्ग, आकाश चंद्राकर पिता हीरालाल चंद्राकर 30 वर्ष सा. शक्ति नगर दुर्ग थाना भिलाई नगर क्षेत्रांतर्गत बलजीत सिंह पिता चरण सिंह 36 वर्ष सा.सेक्टर 06 भिलाई नगर, थाना सुपेला क्षेत्रांतर्गत राम सोना पिता माछू सोना 24 वर्ष सा. गौतम नगर सुपेला, थाना नेवई क्षेत्रांतर्गत विनय यादव पिता गोपाल यादव सा. प्रगति नगर रिसाली भिलाई, थाना उतई क्षेत्रांतर्गत मिथलेश यादव पिता पुनीत राम 39 वर्ष सा. डूमरडीह उतई, तिलक कुमार पिता गजाधर प्रसाद 26 वर्ष सा. बस स्टैण्ड डूमरडीह उतई, थाना छावनी क्षेत्रांतर्गत बलदेव गौर पिता टेकचंद गौर 57 वर्ष सा. सर्कुलर मार्केट छावनी, राजू राव पिता चिंतामणी राव 48 वर्ष सा. गौतम नगर खुर्सीपार, मोह. सलमान पिता मोह. इरफान 30 वर्ष सा. केम्प 2 इमामबाड़ा छावनी, उत्तम राव पिता भीमराव 40 वर्ष सा. कॉंट्रेक्टर कालोनी सुपेला, मोह. दानिश पिता मोह. इकबाल 20 वर्ष सा. इमामबाड़ा केम्प 2 छावनी ऑन लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी का काम कर रहे है । जिन्हें टीम द्वारा पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को गुमराह करते रहें निरंतर पूछताछ करने ऑन लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी का काम करना स्वीकर किया गया । हिरासत में लिये गये व्यक्तियों पर वैधानिक कार्यवाही थाना दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर, छावनी, भिलाई नगर, सुपेला, नेवई एवं उतई से की जा रही है। ऑन लाईन सट्टा एवं सट्टा पट्टी के विरूद्ध दुर्ग पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।थाना का नाम, आरोपियों का नाम दुर्ग थाना सदीप यादव पिता प्रकाश यादव राजू महार पिता चरण दास महार पूनम भारती पिता दशरथ भारती मनोज आचार्य पिता शिव आचार्य लाल चंद पिता सुदर्शन राकेश वर्मा पिता मूलचंद वर्मा डोमन वर्मा पिता देबूलाल सुनिल विश्वकर्मा पिता रंधीर विश्वकर्मा घनश्याम मानिकपुरी पिता किशुनदास बिशेश्वर साहू पिता तुलाराम साहू 33 वर्ष सा. शक्ति नगर दुर्ग चंद्राकर पिता हीरालाल चंद्राक बलजीत सिंह पिता चरण सिंह राम सोना पिता माछू सोना विनय यादव पिता गोपाल यादव मिथलेश यादव पिता पुनीत राम तिलक कुमार पिता गजाधर प्रसाद बलदेव गौर पिता टेकचंद गौर राजू राव पिता चिंतामणी रावमोह. सलमान पिता मोह. इरफान मोह. दानिश पिता मोह. इकबा उत्तमराव पिता भीमराव शामिल है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सरकारी दफ्तरों में पीएम की छायाचित्र भेंट कर मनाया सेवा सप्ताह पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ थानखमरिया
www.dailypioneer.com




विधानसभा मुख्यालय साजा थान खमरिया में 21 सितम्बर को भारतीय जनता पार्टी के दिशानिर्देश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को मनाने के लिए स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सामुहिक रूप से एकत्रित हुए। जहां सभी भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा पीएम नरेन्द्र मोदी के छायाचित्र को सरकारी दफ्तरों एवं कार्यालयों में लगाने के लिए सम्बन्धित आला-अफसरों को भैंट किया गया। यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय इकाई के आह्वान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव निर्देश एवं जिलाध्यक्ष-ओमप्रकाश जोशी के मार्गनिर्देश में आज विधानसभा स्तर पर आयोजित हुआ। जिसमें पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह पखवाड़ा के रूप में बनाया जाना है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम साजा में आयोजित हुआ। जिसमे सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा सामुहिक रूप सेएसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय, पुलिस थाना कार्यालय में पहुँचकर पीएम मोदी का छायाचित्र प्रदान किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों में मूलचंद शर्मा, नथमल कोठारी (ज़िला संयोजक-आर्थिक प्रकोष्ठ), हरिशंकर टावरी, ज्वाला सिंह ठाकुर, जयसिंग राजपूत (ज़िला उपाध्यक्ष-भारतीय जनता पार्टी दुर्ग), साहू समाज जिलाध्यक्ष-रामकुमार साहू, प्रशांत अग्रवाल, साजा मण्डल अध्यक्ष-बल्लू साहू, विष्णु राम साहू, ईश्वर पटेल, विनोद शर्मा, चन्द्रशेखर साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर गौ रक्षा विभाग के जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राजपूत मनोज वर्मा उपस्थित थे अधिवक्ता-कन्नौजे सहित इत्यादि मौजूद रहे। इस सम्बंध में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के किसान मोर्चा सदस्य मूलचंद शर्मा ने बताया कि पार्टी के दिशानिर्देश प्रदेशाध्यक्ष-अरुण साव के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष-ओमप्रकाश जोशी के मार्गदर्शन में सेवा सप्ताह पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छायाचित्र को सभी शासकीय दफ्तरों में लगाना अनिवार्य है।

जिसे सभी कार्यकताओं के माध्यम से हमारे विधानसभा मुख्यालय में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों में पीएम की छायाचित्रित फ्रेम अफसरो एवं अधिकारियों को भेंट किया गया। जिसमें भाजपा के सभी स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की सहभागिता रही इस कार्यक्रम की जानकारी अनिल सिंघानिया ने दिया।

# थाना छावनी का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, नशेड़ियों की धर-पकड़



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

गुरुवार की रात्रि पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा अपराध की रोकथाम व नशेड़ियो की धर-पकड़ अभियान के तहत थाना छावनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ व अपराध से संबंधित जानकारी ली गयी। छावनी अनुभाग के सभी थानेदारों को तलब कर रात्रि में अचानक फ्लैंग मार्च कराया गया। फ्लैंग मार्च के दौरान थाना छावनी थाना जामुल थाना खुसीपार थाना पुरानी भिलाई के औद्योगिक क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कराया गया व फ्लैग मार्च के दौरान नशेड़ियो पर कार्यवाही की गयी तथा वृद्ध व आमजनों को समझाईश दिया गया। फ्लैग मार्च में समस्त थाना छावनी, खुसीपार, जामुल, पुरानी भिलाई, कुम्हारी के थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

# प्रेरणा विद्यालय में वार्षिक अकादमी उत्कृष्ट श्रृंखला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




प्रेरणा विद्यालय में 21 सितंबर से 24 सितंबर तक वार्षिक अकादमी उत्कृष्ट श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से कक्षा 10 के छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्पेलिंग बी प्रतियोगिता और स्पीड मैथ्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा 24 सितंबर को कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों द्वारा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, गणित और सामाजिक विज्ञान पर बनाए गए 20 और 3D मॉडल का प्रदर्शन किया गया। हमारे इस प्रदर्शन के मुख्य अतिथि ओ.पी. टंडन (प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठिया रांका और नोडल अधिकारी अशासकीय विद्यालय संकुल रांका) थे। इनके साथ वंदना सिंघल, बेंगलुरु, प्रेरणा विद्यालय की मेंटर है। यह एक वैदिक गणितज्ञ है और उन्होंने एक किताब लिखी है जिसका नाम है सभी उम्र के लिए वैदिक गणित- एक शुरुआती गाइड। उन्होंने भारत और अमेरिका में वैदिक गणित की विश्व एकेडमी की एक संकाय सदस्य के रूप में कई वैदिक गणित कार्य शालाओं का आयोजन किया है, जिन्होंने बच्चों के रिजल्ट की समस्या के साथ-साथ आगे के लिए मार्गदर्शन दिए। इस प्रदर्शनी में सारे बच्चों के द्वारा बहुत ही बेहतरीन परफॉर्मेंस रहा प्रदर्शनी के साथ हमारे प्रेरणा विद्यालय मे PTM का आयोजन किया गया था। जिसमें अभिभावक के द्वारा अच्छा रिस्पॉन्स रहा जिसमें नरोत्तम मदारिया के द्वारा हमारे बच्चों को छोटे वैज्ञानिक से संबोधित किया उन्होंने कहा कि अगर बच्चे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि लेते हैं, तो आगे विज्ञान के क्षेत्र में अपना रुचि दिखाते हैं। साथ ही प्रेरणा विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकागण को कहा कि वे ऐसे ही प्रोग्राम कराएं और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करें। इसके बाद मोहम्मद इज़ाजुल्लाह खान के द्वारा कहा गया कि मेहनत से ही बच्चे सीखते हैं तथा सफल होते हैं। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए ताकि वे आगे और बेहतर प्रयास करें इसलिए प्रतिभा को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य अतिथि ओ. पी. टंडन, वंदना सिंघल, अवधेश पटेल तथा प्रेरणा विद्यालय की डायरेक्टर मृदु पोगुला के द्वारा सम्पन्न हुआ।

# धमधा ब्लॉक सहकारी सोसायटी समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ धमधा
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के सेवा सहकारी सोसायटी नवनियुक्त अध्यक्षों के- - ज्ञात हो कि विगत महीने धमधा ब्लॉक में क्षेत्रीय विधायक एवम मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देश पर 18 धान खरीदी केंद्र,सहकारी सोसायटी समिति का गठन किया गया था जिसमे कल 13 सोसायटियों में क्षेत्र के किसान नेताओ को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामन्त्री ने 13 नवनियुक्त अध्यक्षो को नियुक्ति की आदेश कॉपी सौंपी एवम उन्हें बधाई दी, साथ ही जानकारी दी कि सभी 13 नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षो को नवरात्रि के पहले दिन सोमवार के पदभार ग्रहण के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि अविनाश चौबे, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, शमशीर कुरैशी, जीवन वर्मा, मधुसूदन राणा सहित क्षेत्र के सभी वरिष्ठ कॉंग्रेसिजन, कार्यकर्ता, किसान साथी और ग्रामीण जन उस्थित रहेंगे। समस्त नवनियुक्त अध्यक्षगण-अनिल साहू, कामदेव साहू, मनहरण वर्मा, बिसाहूराम बारले, चंद्रिका पटेल,धर्मेंद्र साहू, कमलकिशोर चंदेल, रोमन पटेल, केशवदास वैष्णव, रोमन पटेल, रोहित वर्मा,डामन वर्मा, राधेश्याम वर्मा ने कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, अविनाश चौबे, राजीव गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, शमशीर कुरैशी सहित कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

# विसर्जन पर निर्धारित तिथि-समय पर विसर्जन कराए जाने के पहल पर दिया गया जोर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन में, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अरविंद एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव के द्वारा दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली गई। बैठक में 50 से अधिक विभिन्न दुर्गा पंडाल उत्सव समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नागरिकगण उपस्थित हुए। जिसमें धार्मिक आयोजनों के लिए शासन प्रशासन के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों की जानकारी साझा किया।

समितियों को मंदिर/ पंडाल में व्यवस्था बनाए रखने के नियमों का पालन करवाने के संबंध में जिम्मेदारी के रूप में कार्य करने के लिए कहा गया।नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गा समितियों के द्वारा पृथक पृथक स्थान पर पण्डाल लगाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया जाना है, विभिन्न विभाग के अधिकारियों तथा दुर्गा समितियों का बैठक आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया।

उक्त दिशा निर्देशों का समस्त समितियों के द्वारा अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य रहेंगा पालन नहीं किए जाने पर किसी भी प्रकार की घटना अथवा अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर उपरोक्त की सम्पूर्ण जिम्मेदारी समिति की होगी। उपरोक्त बैठक में एसडीएम भिलाई जागेश्वर कौशल, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी कौशलेंद्र पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर नसर सिद्धकी, निगम दुर्ग से एसडी शर्मा, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम भिलाई रमाकांत साहू, थाना प्रभारी दुर्ग, सुपेला, छावनी, भिलाई नगर, भिलाई भट्टी, जामुल एवं गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पत्रकारिता पर कार्यशाला 2022 का आयोजन आज

**कुम्हारी।** प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के तत्वावधान में दिनांक 25 सितंबर दिन रविवार को एक दिवसीय पत्रकारिता पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला महामाया रोड वार्ड क्रमांक 3 स्थित मांगलिक भवन पर आयोजित किया जायेगा कार्यशाला के अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंट मीडिया से अमृत संदेश के वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा होंगे वहीं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भारत 24 की छ. ग. ब्यूरो प्रियंका कौशल द्वारा वक्तव्य दिया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डी. श्याम कुमार करेंगे कार्यशाला में पत्रकारिता में शुचिता, स्तरीय समाचार लेखन के लिए दिशा निर्देश, समाचार विषय चयन, प्रस्तुतिकरण एवं साक्षात्कार जैसे महत्वपूर्ण विषय बिन्दुओं पर युवा एवं पेशेवर पत्रकारों को स्तरीय जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने दी।



# ग्राहक बनकर पहुँचे आयुक्त, प्रतिबंधित पॉलीथिन किया जब्त, चेतावनी देकर छोड़ा



**दुर्ग।** आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अपने नियमित सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान वार्ड 21 तितुरडीह ने आयुक्त ने ग्राहक बनकर सब्जी लेने पहुचे, दुकानदार से पॉलीथिन जब्त कर चेतावनी देकर छोड़ा कहा प्रतिबंधित पॉलीथिन दोबरा उपयोग करने कर जुर्माना की कार्रवाही की जाएगी। दुर्ग में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है।प्रतिदिन बाजारों में चलाया गया अभियान, आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश में अलग-अलग जोन में अभियान चलाया जा रहा है।निगम दस्ते ने पर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त के साथ जुर्माना वसूला भी वसूला जा रहा है।निगमायुक्त प्रकाश सर्वे दुर्ग शहर का प्रतिदिन सुबह - सुबह जायजा ले रहे हैं वह किसी भी क्षेत्र में कर रहे है।शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश महापौर धीरज बाकलीवाल दिए है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रतिदिन सुबह सफाई का वार्ड क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया।आयुक्त निरीक्षण के दौरान पब्लिक फीडबैक भी प्राप्त कर रहे हैं। लोगों से चर्चा कर शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।जनभागीदारी के माध्यम से शहर को हमर स्वच्छ एवं सुंदर बनाने आम नागरिकों को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। निगमायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान मुख्य सड़क के किनारे से अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

# भिलाई-3 के सोमनी में केपशूल वाहन की ठोकर से युवती की मौत



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई-3 के नजदीक सोमनी गांव में शनिवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां पर एक कैपशूल ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। मृतका पायल साहू पिता अशोक साहू (18 वर्ष) नजदीक के डुंडेरा की रहने वाली है। वह अपने पिता को एनएसपीसीएल पावर प्लांट छोड़ने जा रही थी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक पायल साहू के पिता डुंडेरा निवासी अशोक साहू सोमनी से लगे एनएसपीसीएल पावर प्लांट में वाहन चालक है। सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास पायल अपने पिता अशोक साहू को जूपिटर वाहन सीजी 07 बीटी 6672 में कार्यस्थल छोड़ने जा रही थी। स्कूटी सवार युवती सोमनी से भिलाई तीन की ओर जा रही थी। इसी दौरान पावर प्लांट के राखड़ बांध से निकलने वाली केपशूल ट्रक सीजी 07 बीपी 8495 ने जूपिटर वाहन में सवार पिता व पुत्री को चपेट में ले लिया। इस हादसे में पायल साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पिता को सामान्य चोटें आई है। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और भारी वाहनों की यहां से आवाजाही रोकने के लिए सड़क पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची पुरानी भिलाई थाने की पुलिस पहुंचकर ग्रामीणों को चक्काजाम खत्म करने समझाइश देती रही।

## बंदियों को दी प्ली-बारगेनिंग की जानकारी

# उपजेल बेमेतरा में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के पदेन अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जयदीप विजय निमोणकर के निर्देशन में जसविंदर कौर अजमानी मलिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर उपजेल में उपस्थित बंदियों को प्ली-बारगेनिंग (सौदा अभिवाक) के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये बताया कि यह संशोधन अधिनियम वर्ष 2005 में जोड़ा गया है, जिसके प्रावधान अनुसार 07 वर्ष तक की सजा वाले अपराध में यदि आरोपी चाहे तो प्रार्थी पक्ष के साथ न्यायालय के अनुमति से सौदा अभिवाक कर सकता है। इसके तहत आरोपी को न्यायालय में यह आवेदन व शपथ पत्र देना होता है कि उसने अपराध के दंड के प्रकृति को भलिभांति समझ लिया है और इसके पूर्व उसी अपराध में उसे किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं किया गया है। आरोपी अभियोजन पक्ष और प्रार्थी को पारस्परिक संतोषप्रद निपटारे के लिये न्यायालय अवसर देती है। यदि पक्षकार के मध्य संतोषप्रद निपटारा हो जाता है।तब न्यायालय आरोपी को दंड के विषय पर उक्त अपराध के लिये उपबंधित दंड को ध्यान में रखते हुये अभियुक्त को परीविक्षा पर छोड़ सकता है, या फिर अपराध के न्यूनतम दंड के आधे दंड से दंडित कर सकता है या फिर निर्धारित दण्ड के एक चौथाई दण्ड से दंडित कर सकता है। शिविर के दौरान उपजेल अधीक्षक बंजारे एवं उपजेल कर्मचारी, जेल प्रहरी व बंदीगण उपस्थित थे।

# एसपी ने चिटफंड कंपनी के एजेन्टों से संपत्ति के बारे में में लिया गया जानकारी



**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिये गये निदेर्शों के पालन में पुलिस महानिदेशक (DGP) महोदय अशोक जुनेजा (भापुसे) एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बी. एन. मीणा (भापुसे) के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा बेमेतरा जिले के थानो में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने हेतु चिटफंड कंपनियों के एजेंटो की बैठक लेकर हजारो लोगो से करोडो की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनियों के फरार डायरेक्टरों को गिरफ्तार करने उनकी चल-अचल सम्पत्ति एवं कंपनी के नाम से खरीदे गये संपत्ति का भी चिन्हाकंन कर संम्पत्ति कुर्की कार्यवाही हेतु चर्चा की गई तथा चिटफण्ड कंपनी से संबंधित संपत्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। तथा चिटफंड कंपनियों से संबंधित और किसी भी चल-अचल संपत्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के संबंध में बताया गया।

# कलेक्टर टीएल का हुआ निराकरण, बिना अनुमति भूदान जमीन पर दुकान का निर्माण किया, निगम ने चलाया जेसीबी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर टीएल शिकायत का हुआ निराकारण नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर लोक कर्म विभाग के भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी, नायब तहसीलदार सतेंद्र शुक्ला, सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी शर्मा व टीम के साथ कार्यवाही करने पहुचे। निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 53, पोटिया पुलगांव रोड, पोटियाकला पहुँचे। दुर्ग में सोनिया पति लक्ष्मण एवं भुखन लाल आ, लक्ष्मण द्वारा पोटियाकला प.ह.नं. 55 ख.नं. 3/5 रकबा 0.202 हे.भूदान जमीन पर बिना अनुमति दुकानों का निर्माण किया गया है, उक्त निर्माण के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अनावेदकों को नोटिस प्रेषित की गई थी, परंतु अनावेदकों द्वारा निर्माण के संबंध में किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। तत्संबंध में किये गये निर्माण को स्वयं से हटाये जाने अनावेदकों को अंतिम नोटिस दी गई. नोटस देने के बाद भी नही अवैध निर्माण नही हटाया गया था।निगम की नोटिस को हल्के में लेना महंगा पड़ा अवैध निर्माणकर्ता को कार्रवाही कर बिना अनुमति के दुकान निर्माण को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया साथ ही पोटिया सड़क क्षेत्र में अतिक्रमण को भी तोड़कर हटवाया गया।

# शुक्ल व ब्रह्म योग के साथ प्रारम्भ होगा शारदीय नवरात्रिः पं द्विवेदी

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्री राक्षस नम्बद्ध 2022 में मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा व प्रस्थान भी हाथी पर ही होगा। मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान वाहन से देश पर व आम जनमानस पर क्या असर पड़ेगा पं अतुल द्विवेदी के अनुसार देवी पुराण के अनुसार माना जाता है कि नवरात्रि के पहले और आखरी दिन से मां के आगमन और प्रस्थान इस बार हाथी पर होगा।

अगर मां का आगमन रविवार व सोमवार को हो रहा है तो यह हाथी पर होता है। मंगलवार व शनिवार को अश्व पर। गुरुवार व शुक्रवार को मां का आगमन पालकी पर होता है। बुधवार को मां का आगमन नौका पर होता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 2022 में मां का आगमन हाथी पर हो रहा है अतः यह देश के लिए व देशवासियों के लिए मिलाजुला संदेश है। मां का वाहन हाथी ज्ञान व समृद्धि का प्रतीक है जिसकी वजह से देश के व लोगों के सुखों व ज्ञान की वृद्धि होगी व आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी। मां का प्रस्थान भी हाथी पर हो रहा है यह समृद्धि का सूचक है। जिससे देश में वर्षा अधिक होगी।

### इस लिए मनाई जाती है शारदीय नवरात्रि

नवरात्रि का पर्व मनाए जाने के पीछे कई तरह की मान्यता है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार, महिषासुर नाम का एक दैत्य था। ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान पाकर वह देवताओं को सताने लगा था। महिषासुर के अत्याचार से परेशान होकर सभी देवता शिव, विष्णु और ब्रह्मा के पास गए। इसके बाद तीनों देवताओं ने आदि शक्ति का आवाहन किया। भगवान शिव और विष्णु के क्रोध व अन्य देवताओं से मुख से एक तेज प्रकट हुआ, जो नारी के रूप में बदल गया। अन्य देवताओं ने उन्हें अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए। इसके बाद देवताओं से शक्ति यां पाकर देवी दुर्गा ने महिषासुर को ललकारा। महिषासुर और देवी दुर्गा का युद्ध शुरू हुआ, जो 9 दिनों तक चला। फिर दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया। मान्यता है कि इन 9 दिनों में देवताओं ने रोज देवी की पूजा-आराधना कर उन्हें बल प्रदान किया। तब से ही नवरात्रि का पर्व मनाने की शुरुआत हुई।

# शहर सहित अंचल में विराजेगी मां दुर्गा की प्रतिमाएं, अड़भार चंद्रपुर देवी शक्तिपीठों में भी नवरात्रि पर्व पर रहेगी धूम

### शक्ति शहर में नवरात्रि पर्व पर 29 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को होगा रास गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर सहित पूरे जिले में 26 सितंबर से मां जगदंबे की आराधना का पर्व नवरात्रि बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने तैयारियां की जा रही हैं, 26 सितंबर से ही अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की जयंती का पर्व भी इसी दिन समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जाएगा तो वही 26 सितंबर को शक्ति शहर के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पंडालों में मां जगदंबे की पूजा-अर्चना के साथ ही नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होगा,वही शक्ति शहर के आदि शक्ति मां महामाई दाई मंदिर, मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाला मंदिर, शहर के शनि मंदिर के पास स्थित मां दुर्गा मंदिर, अड़भार स्थित मां अष्टभुजी देवी मंदिर, चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर में जहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे, तो वही नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष साज-सज्जा एवं तैयारियां की जा रही हैं, तथा शहर में भी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर दुर्गा समितियां



जोर- शोर के साथ जुटी हुई हैं, एवं इस वर्ष दुर्गा पंडालों को भी भव्य रूप देने एवं आकर्षक साज-सज्जा के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है, वही 26 सितंबर को अग्रवाल समाज द्वारा भी कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की जयंती का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, तथा इस दिन जहां समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाएगी तो वही 26 सितंबर की रात्रि जयंती समारोह के भी मुख्य आयोजन एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के पुरस्कार वितरण होंगे, साथ ही अग्रसेन जयंती को लेकर भी समाज के सभी वर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है वही शक्ति जिले के देवी शक्तिपीठों में भी नवरात्रि पर्व पर होने वाली भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन भी पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जुटा हुआ है,तो वहीं जिला प्रशासन ने भी देवी शक्तिपीठों की प्रबंध समितियों को भी नवरात्रि पर्व पर आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं, उल्लेखित हो की शक्ति शहर में नवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित होता है, तथा पूरे नवरात्रि पर्व भर जहां सार्वजनिक भंडारे का आयोजन भी देखा जाता है, तो वही शहर में भी लोगों की काफी भीड़ रहती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है, तथा पूरे नवरात्रि पर्व पर जस गीत एवं भजन- कीर्तन के भी कार्यक्रम जोर शोर के साथ होते हैं।

# अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही लगातार कार्यवाही

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर की जा रही लगातार कार्यवाही, 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाला 01 आरोपी चढ़ा थाना पामगढ़ पुलिस के हत्थे आरोपी को भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

ग्राम मेकरी निवासी परदेसी यादव अपने कब्जे में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है जिसकी सूचना पामगढ़ पुलिस को प्राप्त होने पर पर तत्काल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया जहाँ आरोपी के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में अपराध आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपी परदेशी यादव निवासी मेकरी द्वारा अवैध शराब की बिक्री करना पाये जाने पर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उनि ओमप्रकाश कुर्रे, सउनि अरूण सिंह, प्र.आर. राजेश कोसले, आर. श्रीकांत सेंगर, उमेश दिवाकर, जीवन वैष्णव, भुवनेश्वर साहू एवं म.आर. सविता पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

### नगर के सबसे भीडभाड वाले गोल बाजार को अब राहत की उम्मीद

# वन-वे की मांग को देखते हुए गोल बाजार के लिए रूट डायवर्ट की व्यवस्था, अवयवस्थित पार्किंग की समस्या से मिलेगी निजात

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com





नगर के सबसे भीडभाड वाले गोल बाजार को अब राहत की उम्मीद नजर आने वाली है, काफी समय से नगर के गोल बाजार में यातायात का दबाव लगाता बढ़ता जा रहा है। जिसको देखते हुए काफी लंबे समय से वन वे की मांग की जा रही थी जिसको देखते हुए पुलिस विभाग ने आगामी शनिवार से गोल बाजार के लिए रूट डायवर्ट की व्यवस्था की जा रही है साथ ही अवयवस्थित पार्किंग की समस्या से भी अब नगर वासियों को निजाद मिलनी जी उम्मीद नजर आने लगी है। गौरतलब हो कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका द्वारा बीते दिनों पार्किंग और यातायात के दबाव को देखते हुए कार्यवाही कि गई थी , जिसके बाद अब विभाग द्वारा पार्किंग के लिए गुलशन लेडिस कार्नन के सामने हनुमान मंदिर के पास साथ ही बडे हनुमान मंदिर के पास पार्किग की बनाया जायेगा। वही गोल बाजार में प्रवेश के लिए सिटी कोतवाली से प्रवेश एवं प्रेमआर्या के घर के पास से निकासी की व्यवस्था की जा रही है उसी प्रकार बालानी चैक से वाहनो को प्रवेश देकर बडा बाजार में निकासी की व्यवस्था की जा रही है । वही विभागिय अधिकारी के अनुसार जिन व्यापारियों द्वारा नाली चैडीकरण में हुए पाटे को कब्जा किया गया है उनसे अपली की गई है कि शनिवार तक उसे हटा लिया जाये अन्यथा जब्ति की कार्यवाही की जायेगी।

तीन माह पहले सीटी कोतवाली से गोल बाजार तक चैडी करण की कार्यवाही की थी उसी को आगे बढाते हुए आज की कार्यवाही की गई है, और अवैध निमार्ण को तोडा गया है इस कार्यवाही से नगर के सकरे और व्यस्ततम गोल बाजार में यातायात की व्यवस्था सुधरेगी । इसके लिए 2 प्रवेश के लिए एवं निकासी के लिए दो पाईन्ट बनाए गये है साथ ही पुराना बस स्टैण्ड में पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी।

-अनुविभागिय अधिकारी मुंगेली

# अग्रसेन जयंती समारोह में रुचि अग्रवाल की प्रस्तुति को मिली सराहना




पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के प्रतिष्ठित परिवार की रुचि राजेश अग्रवाल ने शहर में अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्री अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान विज्ञापन बोलो प्रतियोगिता में बहुत ही सुंदर ढंग से वेशभूषा के माध्यम से शहर के प्रमुख संस्थानों को प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रस्तुति दी, जिस पर लोगों ने रूचि की इस प्रस्तुति की सराहना की, तो वही रूचि अग्रवाल खरसिया शहर के भी अग्रसेन जयंती समारोह में विगत वर्षों विभिन्न प्रतिस्पर्धाओ में अपनी शानदार प्रस्तुति के लिए सदैव समाज बंधुओं के बीच लोकप्रिय रही हैं, एवं उनके द्वारा अग्रवाल समाज के इस वार्षिक कार्यक्रम में जहां बढ़-चढ़कर सहभागीता की जाती रही है, तो वहीं अन्य लोगों को भी जयंती समारोह के आयोजनों के लिए प्रेरित भी किया जाता है, शक्ति के जयंती समारोह में रुचि अग्रवाल की प्रस्तुति की जहां लोग सराहना कर रहे हैं, तो वहीं रूचि अग्रवाल भी कहती हैं कि अग्रवाल समाज का वर्ष भर में यह एक बड़ा आयोजन होता है जिसमें वे पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करती हैं।

### बेजुबान पशु अपने अधिकार के लिए डटे हुए है सड़कों पर

# पशुओं की दुख दर्द समझने वाला कोई नहीं, वही गौ तस्कर प्रशासन की निक्रियता का उठा रहे लाभ

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



बेजुबान पशु अपने अधिकार के लिए डटे हुए है सड़को पर पशुओं की दुख दर्द को समझने व सुनने वाला अब कोई नही। भूखे प्यासे सड़को पर दिन हो या रात बैठे देखे जा रहे है, जो आये दिन रात में तेज रफतार वाहनो और तसकरो के शिकार होते जा रहे है। जिस पर न तो विभाग की कोई पकड नजर आ रही है और न ही पुलिस विभाग इन पर कोई नकेल कसते नजर आ रहा है। जिसका हालिया उदाहरण बीती रात पथरिया ब्लाक में सामने आया। जब एक घर में भूख प्यास से लगभग 20 गायो की मौत हो गई । वही कुछ गायो की हालत नाजुक बताई जा रही है। बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग पर इन बेजुबान मवेशियों को सडक पर झुण्ड बनाये देखा जा सकता है। इस मार्ग से सांसद, विधायक, जिले के आला अधिकारियों हमेशा आना जाना रहता है। मुंगेली जिले में लाखो रुपये खर्च कर बनाया गया आदर्श मॉडल गौठान में पशुओं के लिए चारा, पानी, छाया, चिकित्सा सुविधा नही होने के चलते बेजुबान पशु भूखे प्यासे सड़को में बैठे के लिए मजबूर है। नगर पालिका सहित जिला प्रशासन द्वारा भी कई बार पशु मालिको पर जुर्माने को लेकर मुनियादी कराई गई किंतु इसका न तो जिला प्रशासन ने कडाई से पालन कराया और न ही नगर पालिका द्वारा ही इस दिशा पर कोई सकारात्मक पहल सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार लोरमी चिल्फी डिंडौरी फास्टरपुर सेतगंगा जरहांगांव सहित ऐसे कई ईलाके है जहां बीते कुछ समय से गौ तरस्करी के मामलो में इजाफा देखा गया है जिस पर पुलिस द्वारा यदाकदा कार्यवाही भी सामने आती है किंतु ऐसे लोगो पर कडी कार्यवाही नही होने के चलते इनके हौसले बुलंद नजर आ रहे है । सूत्रो के मुताबिक स्थानीय तस्करो के संपर्क में रहने वाले अन्य प्रदेशो से आये ये लोग मध्यरात्रि के बाद बेखौफ ट्रको में भर कर इन बेजुबान मवेशियो को उत्तर प्रदेश पंजाब हरियाणा जैसे जगहो पर ले जाते है।

# व्यवस्था परिवर्तन के लिए आम आदमी पार्टी का बैठक भोलेनाथ की पावन नगरी तुरी धाम में

- पुरुषों के साथ महिला कार्यकर्ता भी हाथ से हाथ मिलाकर कार्य करने को तैयार व्यवस्था परिवर्तन की दिख रही है नजर

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com





नवीन जिला शक्ति के जैजैपुर, चंद्रपुर, शक्ति एवं कोरबा जिला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र का बैठक किया गया द्य जिसमें कि जितेंद्र फुलारा नार्थ जोन प्रभारी दिल्ली से आए हुए आम आदमी पार्टी के लोगों को पार्टी में व्यवस्था परिवर्तन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए द्य जहां पर भारी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भोलेनाथ की नगरी तुरीधाम में एकत्रित हुए और उन्होंने सकल्पल्य की शक्ति जिले के जैजैपुर ,चंद्रपुर एवं शक्ति विधानसभा को 2023 के चुनाव में जिता कर विधायक भेजेंगे द्य इस तरह से इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने भी अपना विचार रखा एवं कार्यकर्ताओं से भी विचार लिए इस तरह से आम आदमी पार्टी के आनंद मिरी प्रदेश उपाध्यक्ष ,विशाल केलकर प्रदेश प्रवक्ता कोरबा, विंधेश सिंह राठौर प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला प्रभारी ,जीवन लाल साहू जिला अध्यक्ष ,अमर सिंह बरेट अध्यक्ष शक्ति विधानसभा, भरत लाल साहू अध्यक्ष जैजैपुर विधानसभा, नर हरि बघेल चंद्रपुर विधानसभा, आत्माराम मननेवार अध्यक्ष रामपुर विधानसभा ग्राम तुरी धाम में अनेकों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली एवं जी जान से पार्टी को जिताने के लिए संकल्पित हुए इस तरह से देखा जा रहा है कि आने वाले 2023 के चुनाव के पहले सभी 90 सीटों पर आम आदमी पार्टी मजबूत दिखाई पड़ रही है जोकि अपना सत्ता हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं को कराने में दिशा निर्देश दे रहे हैं! जिस तरह से दिल्ली के बाद पंजाब के साथ अब आने वाले गुजरात चुनाव में भी आम आदमी पार्टी अन्य पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आतुर दिखाई पड़ रही है। महिला सशक्तिकरण के सामने कांग्रेसी एवं भाजपा में घबराहट उत्पन्न हो गई है!

# स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मछली पालन से जोड़ा

### मछली बीज वितरण जिले में मछली उत्पादन को बढ़ावा मिले

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने चातरखार' में मछली बीज वितरण किया जिले में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिकता से कार्य किए जा रहे है। इसके साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए उन्हें मछली पालन जैसे गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है।


इसी कड़ी में विगत दिनों मुंगेली लोरमी पथरिया विकासखण्ड अंतर्गत शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान स्थित डबरी, तालाबों और पट्टे पर आबंटित तालाबों में 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान एवं डी.एम.एफ मद से 25 महिला समूह के महिलाओं को को मछली बीज तथा मछली पेंटी एवं जाली निःशुल्क वितरण किया गया। 'जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर' सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के द्वारा मछली बीज तथा प्लैंकटान ग्रोअर का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर मछली पालन विभाग के सहायक संचालक सीमा चन्द्रवंशी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सम्मेलन के अध्यक्ष मित्तल ने पत्र लिखकर अग्रवाल समाज की ओर से रखे सुझाव

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने अग्रसेन जयंती को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती-प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व दिवस आने वाले अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 श्री अग्रोहा नरेश महाराजाधिराज अग्रसेन जयंती जी महाराज की जयंती पर्व दिवस इसे राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने 21 सितंबर को संगठन की ओर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर की है, तथा सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया है कि पूरे देश-दुनिया में अग्रसेन जयंती का पर्व एक छोटे से छोटे गांव, कस्बे एवं शहरों में धूमधाम के साथ मनाया जाता है, तथा इसी दिन आदि शक्ति मां जगदंबे की आराधना का पर्व नवरात्रि का भी शुभारंभ होता है, एवं सम्मेलन द्वारा आप से पूर्व में भी अग्रसेन जयंती दिवस अवकाश घोषित करने की मांग की जा चुकी है,पत्र में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पर राष्ट्रीय पर्व घोषित करने हेतु समस्त अग्रवंशियो द्वारा अपील के रूप में आग्रह करते हुये श्री मित्तल ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सदस्य की ओर से श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की आपसे अपनी अपील रखता है, ताकि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती को पुरे देश के लोग पर्व के रूप में मना सके,महाराजा श्री अग्रसेन जी एक पौराणिक कर्मयोगी, लोकनायक, समाजवाद के प्रणेता, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी थे, महाराजा अग्रसेन जी का जन्म अश्विन शुक्ल (एकम) प्रतिपदा हुआ, जिसे



अग्रसेन जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। महाराजा अग्रसेन जी पहले ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने एक रुपया एक ईट के सन्देश के साथ समाजवाद का पाठ पढ़ाया-श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पर महाराजा श्री अग्रसेन जी के वंशज द्वारा श्री अग्रसेन महाराज की भव्य झांकी व शोभायात्रा निकाली जाती हैं,और अग्रसेन जी महाराज का पूजन पाठ, आरती की जाती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक कार्यक्रम जैसे भंडारा, गरीब लोगो को भोजन, कपड़ा दान एवं मेडिकल कैम्प लगाकर मरीजो का इलाज भी प्राथमकिता में रख कर किया जाता है। उनके योगदान और दी गयी शिक्षा के बारे में लोगो को बताया जाता है,अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा है कि इस दिन सम्पूर्ण अग्रवाल समुदाय उनको याद करता है, और उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करता है एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए संदेश को जन समुदाय में प्रेषित करता है,भारत सरकार ने महाराजा अग्रसेन जी के सम्मान में 24 सितम्बर 1976 को डाक टिकट जारी किया एवं 14 मार्च 1995 को महान आदर्शो के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जलपोत का अनावरण भी हुआ था। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की कृपा करे,उल्लेखित हो कि पूरे देश भर में अग्रसेन जयंती दिवस राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा निरंतर की जा रही है,एवं समाज बंधुओं का कहना है कि आज अग्रसेन जी के कार्य पूरी दुनिया के सामने सेवा के रूप में दर्ज है, तथा इस दिन राष्ट्रीय पर्व घोषित होने से यह दिवस लोगों को एक प्रेरणा रूपी सेवा के कार्य के रूप में देखा जाएगा।

## प्रीति कोखर चकीहार ने किया जिला कार्यक्रम अधिकारी का पदभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता < बैकुंठपुर

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रीति कोकर चकीहार के द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद ही महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के विभाग प्रमुखों की आवश्यक बैठक आयोजित कर यह साफ संकेत दे दिया कि काम को लेकर लापरवाही या कामचोरी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने कार्य को लेकर तेजतर्रार छवि के रूप में जाने वाली जिला कार्यक्रम अधिकारी पूर्व में चांपा जिले में पदस्थ रही। कोरिया जिले में जैसे ही उनके स्थानांतरण की जानकारी अधिकारी कर्मचारियों को प्राप्त हुई सभी अपनी कार्यशैली को सुधारने में लग गए और पहले दिन ही समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नए जमाने के स्थानीय व्यवसायों को उनकी ऑडियंस से जोड़ने वाला एक डिजिटल विज्ञापन समाधान

पायनियर संवाददाता < रायपुर

'ग्लोकल' एडटेक प्लेटफॉर्म छोटे शहरों में विज्ञापनदाताओं और प्रकाशकों को राष्ट्रव्यापी डिजिटलीकरण लहर का लाभ उठाने में मदद करता है। समय के साथ अधिक दूरस्थ भारतीय क्षेत्रों में डिजिटलीकरण के प्रवेश ने छोटे शहरों और शहरों में काम करने वाले व्यवसायों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने स्थानीय दर्शकों तक पहुंचने के कई अवसर प्रदान किए हैं। क्षेत्रीय दर्शकों के अजीबोगरीब स्वाद और वरीयताओं को पूरा करने के लिए, एडटेक प्लेटफॉर्म, एडजेब्रा विज्ञापनदाताओं और डिजिटल प्रकाशकों को आला, क्षेत्रीय विज्ञापन पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने में मदद करता है, जिसका भारत में काफी कम उपयोग किया जाता है। 10+ क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल विज्ञापनों का अनुवाद करने से लेकर क्षेत्रीय तत्वों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन दिखाने तक, Adgebra FMCG उत्पादों, आभूषणों, स्थानीय स्वास्थ्य उत्पादों, जैविक उत्पादों आदि में काम करने वाले स्थानीय व्यवसायों की मदद करता है। अपने उत्पादों को स्थानीय दर्शकों के लिए प्रभावी ढंग से विज्ञापित करता है। दूसरी ओर, AdTech प्लेटफ़ॉर्म प्रकाशकों को ऐसे मूल विज्ञापन दिखाने में मदद करता है जो एक दर्द भरे अंगूठे की तरह चिपके रहने के बजाय वेबपेज के एक हिस्से की तरह दिखते हैं।

## स्पीच थेरेपी सेंटर में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग

पायनियर संवाददाता < रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मूक एवं बधिर दिव्यांग बच्चों के लिए स्पीच थेरेपी सेंटर में आने वाले बच्चों के विकास की जानकारी लेने के लिए अभिभावकों से चर्चा किया गया साथ ही ऐसे बच्चो के साथ अभिभावकों को कैसा व्यवहार करना चाहिए इसकी भी काउंसिलिंग किया गया। अभिभावकों ने स्पीच थेरेपी से होने वाले लाभ से अपने अनुभव से अवगत कराते हुए संतुष्टि व्यक्त किये। स्पीच थेरेपी के विशेषज्ञ डॉक्टर कुसुम कांत वर्मा के मार्गदर्शन एवं अन्य वाणी वाचन विशेषज्ञ की उपस्थिति में आगे की कार्य योजना पर विचार किया गया। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रेश शाह, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल एवं राजेन्द्र निगम उपस्थित रहे।

## डाइट संस्थान में शिक्षार्थियों ने की संस्थान परिसर में साफ-सफाई



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत जिले में चल रहे दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण क्षमता निर्माण एवं गृह आधारित दिव्यांग छात्र छात्राओं के शिक्षा सहित सर्वांगीण विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहत डाइट संस्थान में ठहरे शिक्षार्थियों द्वारा नवाचार कार्य का परम्परा शुरू करते हुए डाइट संस्थान परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। शिक्षार्थियों द्वारा किये गए इस रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य का संस्थान के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने सराहना करते हुए प प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक और पालक गण साधुवाद के पात्र है। शिक्षार्थियों को इस कार्य मे नेतृत्व विकासखंड मनोरा के प्राथमिक शाला कुमेकेला के प्रधान पाठक ध्यानलाल राम के द्वारा किया गया।

## चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को शाला परिवार कलेण्डा ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत 8 से14 सितंबर के दौरान जिले के शिक्षण संस्थानों में विविध आयोजन किए गए. इस दौरान निबंध, चित्रकला, रंगोली, भाषण, मेहंदी, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों में से जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा विकासखंड स्तर पर सभी स्पर्धा में दो -दो विद्यार्थियों का प्रथम एवं द्वितीय रूप में चयन किया गया। जिसमें शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कलेण्डा (तोरेसिंहा) के तीन छात्राएं चयनित हुई.चित्रकला प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की छात्रा दुर्गेशिनी प्रथम रहीं.निबंध लेखन में सातवीं कक्षा की योगिता प्रथम एवं आठवीं कक्षा की सीमा द्वितीय स्थान प्राप्त किए. जिन्हें कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. विजेता छात्राओं को शाला परिवार कलेण्डा द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उक्त प्रशस्ति पत्र को प्रदान करते हुए विद्यालय की ओर से भेंट दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरलीधर भोई, सरपंच प्रतिनिधि मिनकेतन पटेल, प्रबंधन समिति के सदस्य लोकनाथ चौधरी, देवेंद्र साहू, शास.उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य एस.सी. चौधरी, संस्था के प्रधान पाठक सेवा शंकर साहू, शिक्षक मीना साहू ,बसंत पटेल,प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेंद्र पटेल सहित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के सभी छात्र छात्राएं सम्मिलित रहे।

## रमेश तिवारी का निधन

पायनियर संवाददाता < रायपुर



ग्राम केसरा, पाटन विधानसभा क्षेत्र के निवासी रमेश तिवारी पिता गेंद लाल तिवारी 73 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया है। दाह संस्कार कार्यक्रम निवास स्थान द्वारका विहार से दलदल सिवनी मुक्ति धाम में किया गया, वे ललित तिवारी के पिता एवं मंगेश तिवारी, अशोक तिवारी, सुंदरलाल तिवारी, परमेश्वर तिवारी, भानु तिवारी, द्वारका तिवारी, भोला तिवारी, शंकर लाल तिवारी के चाचा थे।

# एनएमडीसी आईटीआई, भांसी के 43 छात्रों का सुजुकी मोटर्स में चयन, प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ चयन









पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी, बचेली व एनएमडीसी आईटीआई संस्थान स्थानीय युवाओं की प्रगति हेतु व योजगार उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है जिसके परिणामस्वरुप संस्थान में राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर योग्य छात्रों को रोजगार प्रदान करने में सहयोग दे रही है। इसी कड़ी में 24 सितम्बर को एनएमडीसी आईटीआई, भांसी में सुजुकी मोटर्स द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से योग्य छात्रों व उम्मीदवारों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। सुजुकी मोटर्स द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 94 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से 43 छात्रों ने सफलता पूर्वक साक्षात्कार को पास कर रोजगार प्राप्त किया है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक (सीएसआर एवं सीसी), एनएमडीसी, बचेली द्वारा सरस्वती पूजन कर की गई जिसके पश्चात संस्था के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए प्लेसमेंट ड्राइव सम्बन्धी जानकारी साझा की तथा छात्रों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने को कहा। ततपश्चात मोहन, एच आर (सुजुकी मोटर्स) ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकल कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की समझाईश दी। उन्होंने कैंपस में चयन के उपरांत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक (सीएसआर एवं सीसी), एनएमडीसी, बचेली ने अपने वक्तव्य में सभी छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु सफल लोगों के विभिन्न उदाहरण दिए तथा उनकी सफलता एवं संघर्ष की कहानियां भी बताई जिसका उद्देश्य छात्राओं में उत्साह जागृत करना था। आगे मुख्य अतिथि ने छात्रों को आशापूर्ण रहने, मेहनत करने व अपने काम के प्रति ईमानदार रहने को कहा। उन्होंने छात्रों को बस्तर क्षेत्र से बाहर निकलकर अन्य राज्यों की कंपनियों में मिल रहे रोजगार के अवसर को एक वरदान बताते हुए संस्था द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे संसाधनों का पूरा लाभ उठाने को कहा। सभी चयनित छात्रों को 7 महीने के कार्यकाल के उपरांत उनके प्रदर्शन के आधार पर साल भर के परिवीक्षा में रखा जायेगा और 3 साल के कार्यकाल अवधि समाप्त करने के उपरांत उन्हें स्थाई किया जाएगा। जिसके बाद सुजुकी कंपनी से आए टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशांत ने कंपनी में उपयोग किए जाने वाले तकनीकों से सम्बंधित जानकारियाँ साझा कीं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि एनएमडीसी, बचेली अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत विभिन्न विकासशील योजनाएं चला रही है जिसमें एनएमडीसी आईटीआई, भांसी एक अहम भूमिका निभाती है। एनएमडीसी, आईटीआई आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राओं को तकनिकी शिक्षा प्रदान कर उनके जीवन में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक प्रभाव ला रही है तथा उनको रोजगार योग बनने में भी सहयोग कर रही है। यहाँ उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से संस्था एवं छात्रों के बेहतरीन प्रदर्श को देखते हुए अनेक छात्र-छात्राओं का चयन कई प्रसिद्ध कम्पनियों में जैसे कि एनएमडीसी प्रोजेक्ट, अडानी सोलर पावर, मारुती सुजुकी मोटर्स, मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट, स्काई ऑटोमोबाइल, स्नाइडर इलेक्ट्रिक, योकोहामा टायर्स इत्यादि में होता आ रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## कन्या स्कूल में खाकी के रंग-स्कूल के संग एवं हमर बेटी हमर मान अभियान



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस चौकी भंवरपुर क्षेत्र के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में खाकी के रंग-स्कूल के संग एवं हमर बेटी हमर मान अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चो को यातायात नियम, नशे से दूर रहने, पॉक्सो एक्ट, सायबर से होने वाले अपराध, बैंक फ्रॉड ,अभिव्यक्ति एप्प, बच्चों पर होने वाले अपराध, गुड टच बैड टच, छेड़खानी, यौन शोषण, सोशल मीडिया क्राइम से बचाव और उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। किसी ज्ञात या अज्ञात व्यक्ति द्वारा परेशान करने पर या उनके साथ हो रहे किसी प्रकार के अपराध की पुलिस को सूचना देने चौकी का मोबाइल नंबर दिया गया साथ ही डायल 112 का महत्व और उपयोगिता की जानकारी देते हुए शासन एवं पुलिस अधीक्षक महासमुंद की महिलाओ एवं बच्चों के प्रति चलाये जा रहे अभियान/योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में चौकी प्रभारी भंवरपुर उप निरीक्षक योगेश कुमार सोनी, आरक्षक यूचन्द बंशे, जैलेंद्र देवांगन, जंबू पटेल,प्राचार्य फागू लाल बरिहा, वरिष्ठ व्याख्याता विजेंद्र सिंह सिदार, खिरमय सिंह चौहान ,रोहित शर्मा, ज्योति दास एवं स्कूल की समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुशील सन्नी अग्रवाल ने गरियाबंद में नोनियों, महतारियों एवं श्रमिक सियान को रू. 84,20,000 वितरण किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





शनिवार को अध्यक्ष, छ.ग. भवन एवं अन्य कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा जिला गरियाबंद का दौरा किया गया। अध्यक्ष की उपस्थिति में गरियाबंद वन विभाग के आडिटोरियम हॉल में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 2 हजार श्रमिक, मजदूर संगठन के पदाधिकारियों सहित वृहद संख्या में आमजन नागरिक भी सम्मिलित हुए सम्मेलन में मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल राशि रू. 84,20,000 का चेक अध्यक्ष के हाथों निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रित पुत्रियों को प्रदान किया गया है जैसे- नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 169 नोनियों को राशि रू. 33,80,000, मिनीमाता महतारी सेवा जतन योजना के अंतर्गत 152 महतारियों को राशि रू. 30,40,000 एवं मुख्यमंत्री दिव्यांग एवं मृत्यु सहायता योजना के अंतर्गत 20 हितग्राहियो को रू. 20 लाख, सहायता राशि वितरण की गई। श्रमिक सम्मेलन में श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए कर्मकार मंडल के अध्यक्ष, सुशील सन्नी अग्रवाल जी ने कहा कि छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कर्मकार मंडल द्वारा श्रमिक एवं जन हितैषी योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रमिक हितैषी योजनाएं बनाया गया है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप पूर्व में मृत्यु योजना के तहत् दी जाने वाली रू. 30 हजार के स्थान पर सामान्य मृत्यु पर राशि रू. 1 लाख, प्रसूति योजना पर राशि रू. 10 हजार के स्थान पर बच्चे के जन्म पश्चात् राशि रू. 20 हजार, नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में रू. 20 हजार इसी प्रकार श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत एकमुश्त राशि रू. 10 हजार दी जाकर निरंतर मंडल के संचालित योजनाओं में श्रमिकों को दी जाने वाली राशि में वृद्धि की जा रही है।

## संसदीय सचिव यू. डी. मिंज दुलदुला ब्लॉक में विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल

### सेवादल के माध्यम से कांग्रेस की नीति रीति को जन-जन तक पहुंचाना है: यू. डी. मिंज

पायनियर संवाददाता < जशपुर
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव विधायक यू. डी. मिंज ने कुनकुरी विधानसभा अंतर्गत दुलदुला ब्लॉक के दौरे पर विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए.सर्वप्रथम संसदीय सचिव विधायक यू. डी. मिंज दुलदुला छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल कार्यकारिणी के विस्तार बैठक में शामिल हुए. उनके साथ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव,सुखदेव भगत सेवादल के कार्यकर्त्ता सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर पर उन्होंने सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवादल के माध्यम से कांग्रेस की नीति रीति को जन-जन तक पहुंचाना हैकांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में सेवादल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सेवादल से अधिक से अधिक लोगों को जोड़े, जिससे कांग्रेस मजबूत हो सके।

विधायक यू. डी. मिंज ने दुलदुला रसोइया संघ के द्वारा किये जा रहे हड़तालियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर उसे गंभीरता से लिया और उनकी जायज माँग सरकार तक पहुँचाने का आश्वासन भी दिया. उन्होंने कहा कि रसोइया संघ की माँग को वह यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को प्रत्यक्ष मिलकर उनकी मांगो को पूरा करने के संबंध में चर्चा करेंगे. निश्चित ही संवेदनशील मुख्यमंत्री उनकी मांगो पर विचार करेंगे।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनसे शासकीय महाविद्यालय दुलदुला के छात्रों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया. विधायक यू. डी. मिंज दुलदुला महाविद्यालय के साईकिल स्टैंड, खेल मैदान की समस्या का जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया। शासकीय महाविद्यालय दुलदुला में उन्होंने सभी का अवलोकन कर अधिकारियों को अवश्यक निर्देश दिया।

## स्वर्गीय रामचंद्र सिंह देव स्पोर्ट्स सोसाइटी करेगी रावण दहन

पायनियर संवाददाता < बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में विगत 15 वर्षों से रावण दहन का कार्यक्रम होता रहा है जिस का संचालन कोरिया विकास मंच के द्वारा किया जाता रहा है। 2 वर्षों से करोना काल में कोई कार्यक्रम नहीं हुआ लेकिन इस वर्ष कार्यक्रम को लेकर सत्ता पक्ष रावण दहन कार्यक्रम कराने को लेकर अड़ गया जिसमें दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए कई दौर की बैठक के बाद प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रावण दहन का कार्यक्रम स्वर्गीय रामचंद्र सिंह देव स्पोर्ट्स सोसाइटी के द्वारा किया जाएगा

**कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बड़े स्टार कलाकारों का होगा जमावड़ा**

5 अक्टूबर को होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में इशिता विश्वकर्मा विनर ऑफ सारेगामापा 2019 और फर्स्ट रनरअप इंडिया गोट टैलेंट रही है जो राज़ इमनश ग्रुप जबलपुर के साथ अपनी प्रस्तुति देने आ रही हैं। इसके अलावा आयोजको के द्वारा और भी बहुत सारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बात कही जा रही है जिससे अभी से ही दर्शकों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आ रहा है।

**दूसरे पक्ष ने आयोजन को लेकर जताई आपत्ति**

15 वर्षों से भाजपा की सत्ता होने के कारण लगभग ऐसे सभी आयोजन सत्ता पक्ष के द्वारा ही कराया जाता रहा है लेकिन इस बार सत्ता हाथ में आते हैं कांग्रेस पार्टी कोई भी आयोजन अपने हाथ से नहीं निकलने देना चाहती है ऐसे में दोनों पक्षों का आमने सामने आना लाजमी है जिसे लेकर भाजपा के देवेंद्र तिवारी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रशासन दबाव में आकर हमारा हक छीन रही है जो सरासर गलत है। जिसकी जितनी भी कड़ी निंदा की जाए कम है।

## शांतिनिकेतन कॉलेज में वेलकम फ्रेशर्स पार्टी





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन महाविद्यालय, चंगोराभाठा, रायपुर में 24 सितंबर दिन शनिवार को फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु कॉलेज कैम्पस में वेलकम फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन सेकण्ड ईयर एवं फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर मुकेश गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करतें हुए सर्वप्रथम सरस्वती मांता की फोटो पर माल्यार्पण किया एवं दिप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का परिचय देते हुए डायरेक्टर महोदय ने महाविद्यालय के बारें में जानकारियां दी - जैसा कि आप सभी जानतें है कि हम अपने प्रतिष्ठित कॉलेज में फ्रेशर्स का स्वागत करने हेतु यहां एकत्रित हुए है। इस कॉलेज में मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों के ज्ञान आपको प्राप्त हो यहीं हमारा उद्धेश्य है। कॉलेज की सुविधाओं को बताते हुए नये विद्यार्थीयों को शांतिनिकेतन परिवार से जुड़ने की बधाई दी एवं सभी परीक्षाओं में सफल होने का आर्शीवचन दिया। इस कार्यक्रम के बाद संकाय अध्यापकों का विद्यार्थियों से परिचय हुआ एवं सभी प्राध्यापकों ने अपने आर्शीवचन विद्यार्थियों को प्रदान किये। कार्यक्रम में स्वागत हेतु महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रथम वर्ष की छात्रा विधि एवं ग्रुप के द्वारा मिक्सप गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा के द्वारा बंजारा गीत प्रस्तुत किया गया। द्वितीय वर्ष के छात्र होमकरण के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। अंतिम वर्ष के छात्र पंकज एवं साथियों ने मिलकर कॉमेडी डांस ग्रुप परफ ॉरमेंस दी। मिस फ्रेशर का खिताब फर्स्ट ईयर की छात्रा विधि गोस्वामी एवं मिस्टर फ्रेशर का खिताब फर्स्ट ईयर के छात्र यश बारडे को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन फाइनल ईयर के छात्र केषव कडोपी, जान्हवी साहू, भावना साहू, करीना कटरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साक्षी सोनी, दिव्या साहू, पंकज नायक, जयेष रघुवंषी, अंकित, चेतन दास, चितरंजन, अभिषेक, वंदना, कौषल, कुलदीप, महेष, शेखर, रितिक नंदा, धर्मेष, इत्यादी सभी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थीयों की सक्रिय भूमिका रही।

**अब तक 1.20 लाख हुई आमदनी, आलू की खेती व मछली पालन से 8 लाख का लक्ष्य**

## बगीचा पंडरापाठ गौठान के समूह की महिलाएं जैविक, खाद निर्माण और अन्य कार्यों से हो रहीं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण औद्योगिक केंद्र के रूप में गौठान का विकास किया जा रहा है। गौठानों में आजीविका संवर्धन की विविध गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं पशुपालकों को नियमित रोजगार उपलब्ध हो रहा है। गोधन न्याय योजना के तहत ग्रामीण गोबर बेचकर धनार्जन कर रहे हैं। वहीं महिला स्व-सहायता समूह को जैविक खाद निर्माण और विक्रय से रोजगार मिल रहा है। महिलाओं को अतिरिक्त आमदनी प्रदान करने के लिए गौठानों में साग-सब्जी का उत्पादन मुर्गी-बकरी पालन सहित अन्य गतिविधियां भी की जा रही है। जो उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन गया है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है एवं अपने परिवार की आय बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है।

**पाठ इलाका भी समृद्धि की ओर**

इसी कड़ी में जशपुर जिले के जनपद पंचायत बगीचा अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरापाठ गौठान के महिला स्व सहायता समूह द्वारा गौठान में जैविक खाद उत्पादन के साथ ही अन्य विविध गतिविधियां कर रही है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ ही सामाजिक रूप से सुदृढ़ भी हुई हैं। गौठान से जुड़ी तीन महिला समूहों के द्वारा लगभग गौठान के 7 एकड़ भूमि में 150 क्विंटल आलू की खेती की गई है। जिसमें ज्योति स्वसहायता समूह, कृष्णा स्व सहायता समूह एवं लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाएं शामिल है। महिलाओं द्वारा हल्दी व मक्का की फसल ली गई है एवं साग सब्जी उत्पादन के रूप में टमाटर एवं भिंडी की भी खेती की गई है।

**1.20 लाख की हुई आमदनी**

समूह की महिलाओं ने बताया कि गौठान में संचालित सभी गतिविधियों से अब तक उन्हें लगभग 1.20 लाख की आमदनी हुई है। साथ ही इस वर्ष आलू की खेती एवं मछली पालन से उन्हें लगभग 8 लाख तक की आय प्राप्त होगी। महिलाओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना से ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिवार को अत्यधिक लाभ हुआ है। उनकी परिवार की आय बढ़ी है एवं आर्थिक रूप से मजबूत हुए है। उन्होंने गौठान में संचालित मल्टी एक्टिविटी गतिविधियों से जो?कर महिलाओं को उद्यमिता की राह पर अग्रसर करने हेतु प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

**आलू पर टिकी निगाहें**

समूह की महिलाओं का कहना है की इस वर्ष आलू का फसल अच्छी हुई है, जिससे पर्याप्त मात्रा में आलू का उत्पादन होगा एवं उसके विक्रय से उन्हें लगभग 7 लाख तक की आमदनी प्राप्त होगी। उनकी मक्का, टमाटर व भिंडी की फसल भी जल्द ही तैयार हो जाएगी। स्थानीय बाजार एवं मंडियों में कर जिसके विक्रय से उन्हें त्वरित लाभ होगा। समूह की महिलाओं ने बताया कि आजीविका गतिविधियों के रूप में उनके द्वारा गौठान में आलू चिप्स बनाना, एवं तेल पिराई का भी कार्य किया जाता है। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन भी कर रही है। इस हेतु पशुपालन विभाग द्वारा उन्हें मुर्गी बकरी यूनिट प्रदान की गई है एवं रख रखाव हेतु आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा इस वर्ष गौठान परिसर में निर्मित डबरी में मछली पालन भी किया गया है। जिसके विक्रय से भी उन्हें अच्छा लाभ होगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अब तक गौठान में पशुपालकों से 46,662 किलोग्राम गोबर क्रय किया गया है। जिससे अब तक लगभग 20 क्विंटल जैविक खाद का निर्माण भी किया जा चुका है। जिसे सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को विक्रय किया जा रहा है। साथ ही टाको में भरे खाद का नियमित रूप से छनाई एवं पैकिंग का कार्य महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

# आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित...

## हताश आदिवासियों ने कहा, समाधान नहीं तो मतदान नहीं, चुनाव बहिष्कार का ऐलान

■ ग्राम पिट्टेमेटा में समस्याओं से ग्रसित ग्रामीणों ने लिया फैसला

पायनियर संवाददाता ◀ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

नवगठित जिला मोहला-मानपुर में यूं तो कई गांव ऐसे हैं जो आजादी के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इन्ही अभागे गांवों में शुमार है मानपुर ब्लॉक का ग्राम पिट्टेमेटा। जहाँ के बाशिंदे मूलभूत सुविधाओं के अभाव से त्रासदी पूर्ण जिंदगी जी रहे हैं। वहीं आजादी के बाद से अब तक न तो किसी सफेद पोश जिम्मेदार नेता ने इनकी सुध ली और न ही नौकरशाहों ने इनकी समस्याओं के निदान की जहमत उठाई। खुद को केवल और केवल वोट देने की इंसानी मशीन मान बैठे पिट्टेमेटा के आदिवासी ग्रामीण शासन-प्रसासन की बेरुखी से अब इस कदर हलाकान हो गए हैं कि वे लोकतंत्र की खिलाफत पर उतारू हो गए हैं वहीं अब इन्होंने ऐलान कर दिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं, तब तक मतदान नही। आजादी के दशकों बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे इन ग्रामीणों के पास वैसे अब इसके अलावा कोई चारा भी नहीं है । सरकारें बदलती गईं, नौकरशाह आते रहे जाते रहे लेकिन इन ग्रामीणों की किसी ने सुध नहीं ली जिसका नतीजा अब यह निकला है कि सीधे तौर पर चुनावी बहिस्कार की घोषणा कर दी गई है ।



### सोलर प्लेट चार्ज नहीं, तो पानी भी नहीं नदी व झरिया से बुझती है प्यास

गांव में 35 परिवारों का घर है जिसमे 180 लोग निवासरत है, गांव में विभाग के द्वारा एक सिन्टेक्स पानी टंकी लगाई गई जो गांव में पानी की पूर्ति नही कर पाता। बारिश की वजह से सौर ऊर्जा से चलने वाली इस पानी टंकी में पानी की कमी हो जाती है, दरअसल मौसम में परिवर्तन के कारण पानी टंकी तक पानी पहुँच नही पाने के कारण समस्या बनी रहती है। कई वर्षो से पानी की सुविधाओं के लिए जद्दोजहद करते ग्रामीणों अब उम्मीद की आस में है कि अब कही कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस गांव में आये और समस्या का निराकरण करे । वहीँ सूर्य देवता अगर नहि दिखे तो सोलर प्लेटें चार्ज नही होती। ये चार्ज नही तो नल पानी ही नही उगलता। ऐसे में नदी व झरिया के पानी सेग्रामीण प्यास बुझाने मजबूर हो जाते हैं।

### बिजली की समस्या से हैं परेशान, ग्रामीण क्षेत्रों का कब होगा समाधान

हलोरा पंचायत के पिटेमेटा में ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए बताया कि सालों से बिजली की समस्या से हम जूझ रहे हैं। गांव में सौर ऊर्जा के जरिये यहां सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है लेकिन यह सिर्फ दिखावा साबित हो रही है, नाम मात्र की सौर ऊर्जा से चलने वाली बिजली शाम को चालू होती है लेकिन मात्र एक से दो घंटे तक ही सहारा देती है उसके बाद पूरा गांव अंधेरे में ही रात गुजारता है। ग्रामीण बारिश के दिनों में कई मुश्किलों से गुजरते हैं बारिश में जंगली जानवरों के साथ सांप, बिच्छू, कीड़े मकोड़े घर मे घुसते हैं जिससे ख़तरा बना रहता है। सौर ऊर्जा बारिश के दिनों में चार्ज नही होने के कारण गांव घनघोर अंधेरे में समा जाता है। वहीँ इस सिस्टम को सुधारने में क्रेडा विभाग तनिक भी दिलचस्पी नही दिखा रहा।

### बीहड़ों में 35 परिवारों का नारकीय जीवन, राशन के लिए भी दस किमी का सफर



नवगठित जिले के अंचल क्षेत्र मानपुर ब्लाक के हलोरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पिटेमेटा गांव में 35 घर है जिसकी जनसंख्या 180 है। यहाँ के ग्रामीण स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, पुलिया के लिए तरस रहे है। नवीन जिले मुख्यालय से मात्र 50 किलोमीटर दूर अंचल क्षेत्र हलोरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम में कोई भी जनप्रतिनिधि, अधिकारी इस गांव का हाल जानने नही पहुँचा है, ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान पहुँचने के लिए दस किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है बारिश के दिनों में पुल नही होने के कारण आवागमन बाधित रहता है। तमाम दुश्वारियों का सामना कर इक्क सवीं सदी में भी ये ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं ।

### उधर उन्नत शिक्षा के दावे, इधर बच्चों की पढ़ाई चिमनी और टार्च के भरोसे

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के प्रति नई नई योजनाएं से एक मुकाम हासिल कर अलख जगा रही रही है वही वनांचल के नए जिले के मानपुर ब्लॉक के हलोरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पिटेमेटा के ग्रामीण अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित हैं। दरअसल यहाँ बिजली की समस्या के चलते बच्चे रात में टार्च और चिमनी की रोशनी से पढ़ाई करते रहे है। गांव के प्राथमिक स्कूल में एक शिक्षक और लगभग 30 बच्चे अध्यनरत है, छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को लेकर लाख दावे कर रही है लेकिन जमीनी हकीकत में शिक्षा पित्तेमेटा गांव में अंधकार में पढ़ाई कर रहा है। सौर ऊर्जा से चलने वाली बिजली एक घण्टे बाद बंद हो जाती है जहाँ बच्चों को रात में पढ़ाई करने में दिक्कतें होती है बिजली से लेकर शिक्षा का गुणगान करने वाली सरकार शायद पित्तेमेटा गांव को भूल गई है।

### अब भी झाड़फूंक का सहारा

गांव के अभागे ग्रामवासी स्वास्थ्य सुविधा के लिए अभाव के कारण झाड़-फूंक का सहारा लेते हैं स्वास्थ्य महकमा की टीम भी इस गांव में आज तक कदम नहीं रखी है बारिश के दिनों में कई परेशानियों से गुजरने वाले गांव के लोग अपनी परेशानी की दस्ता किसे सुनाएं यह भी एक सवाल है। गांव में अगर कोई बीमार पड़ जाए तो नेटवर्क नहीं होने के कारण अपनी बीमारियों को झाड़-फूंक के सहारे ठीक करते हैं ग्रामवासी बताते हैं कि मेडिकल यूनिट की टीम इस गांव में कभी नहीं पहुंची है शायद स्वास्थ्य महकमा की टीम को पता है की यहां आने का रास्ता नहीं है ।

## अधिकारियों ने लिया दशहरा मैदान और दुर्गा पंडाल का जायजा


पायनियर संवाददाता ◀ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



गंडई तहसीलदार टीआर वर्मा, थाना प्रभारी राजेश देवदास, नगर पंचायत अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने दशहरा मैदान और दुर्गा पंडालों का जायजा लिया जहां उनके द्वारा दुर्ग रोड़ स्थित पारख मैदान में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन के स्थल का निरीक्षण किया । नवरात्र में ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं दशहरा के दिन सभी मार्गो पर पार्किंग व्यवस्था किया जाएगा। शहर मार्केट के अंदर सभी वाहनो को घुसने की अनुमति नही दिया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था के साथ साथ हुड़दंग करने वालों पर भी नजर रखी जायेगी। शांति पूर्वक नवरात्र और दशहरा मनाने की अपील किया गया है। इस वर्ष व्यापारी संगठन गंडई द्वारा रायपुर से 51 फिट का रावण आकर्षण का केंद्र रहेगा। व्यापारी संघ के द्वारा दुर्गा अष्ठमी दिनांक 3 अक्टूबर को मनीष सोनी महाराष्ट्र का जगराता का कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही विजयादशमी दिनांक 5 अक्टूबर को गरिमा - स्वर्णा दिवाकर के अँजोर सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है। दुर्ग रोड में आकर्षक झांकी भी लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा वार्ड नम्बर 07 शीतला वार्ड के द्वारा भी रावण दहन किया जाएगा साथ ही वार्ड नम्बर आठ रावण पारा में परम्परा अनुसार गंडई राजा के द्वारा रावण दहन किया जाएगा। जिसके लिए अधिकारियों के द्वारा तैयारी का जायजा लिया गया है। वहीं समितियों की सदस्यों से बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है।

## तीन दिन बाद पांगरी पुल के पास से युवक का शव बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अंबागढ़ चौकी कस्बे के शिवनाथ नदी के एनीकट में डूबे युवक का शव तीन दिन बाद गोताखोरों के हाथ लगा। तकरीबन तीन दिनों तक गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर पूरे नदी के ओर-छोर को खंगाला। उफनती नदी में नहाने के दौरान बहे युवक के तलाश में गोताखोरों के 9 सदस्यीय टीम ने कई बार शिवनाथ नदी के विपरीत बहाव के बीच डुबकियां लगाई। आखिरकार शुक्रवार देर शाम को तलाशी अभियान में युवक का शव मिल गया।

मिली जानकारी के मुताबिक करण यादव अपने एक साथी के साथ शिवनाथ नदी में नहाने गया और उस दौरान नदी के तेज बहाव में गहरे पानी में चला गया। पानी में बहते दूसरे युवक ने किसी तरह अपनी जान बचाई और उसने करण यादव के पानी में बहने की जानकारी दी। इस खबर के बाद शहर में हडकंप मच गया और गोताखोरों को विशेष आपरेशन के लिए भेजा गया। गोताखोरों ने शिवनाथ नदी के बहाव वाले क्षेत्र में जमकर मेहनत की। आखिरकार पांगरी पुल के नीचे युवक का शव फंसी हुई हालत में मिला। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किसी तरह शव को हासिल किया और शव को पोस्टामार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शव की तलाश में एक आपरेशन के रूप में राजनांदगांव के नगर सैनिकों और मनगटा के गोताखोरों की टीम ने पूरा जोर लगाया।

### तीन दिनों तक मेहनत करती रही टीम




लगातार तीन दिनों तक दुर्ग व राजनांदगांव की एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही थी। इसी बीच घटनास्थल से करीब डेढ़ किमी दूर करन का शव डेढ़ किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी के पांगरी पुल पर किनारे में उफनते हुए दिखा ।

## छुईखदान मंडल भाजपा ने मनाया सेवा पखवाड़ा सप्ताह



पायनियर संवाददाता ◀ छुईखदान
www.dailypioneer.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा छुईखदान मंडल द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'वोकल फॉर लोकल' के तहत छुईखदान के स्थानीय कंडरा/ बँसोड द्वारा निर्मित उत्पादों को ख़रीदकर मनाया गया। कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं एवं देश हित में लिए गए निर्णयों के लिए उनको पोस्टकार्ड लिखकर धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य राजलक्ष्मी पंसारी, पूर्व नप. अध्यक्ष डा. दीपाली जैन, ज़िला कार्यसमिति सदस्य आशीष जैन , कृष्णकांत महोबिया, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैव्या वैष्णव, किशन सिलोटिया, कमलेश साहू, केकती देवांगन, आरती यादव, लता गांगेय आदि उपस्थित रहे।

## विभाग स्तरीय मेला में छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◀ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित विज्ञान/गणित मेला कसारीडीह दुर्ग में संपन्न हुआ। जिसमे सरस्वती शिशु मंदिर गंडई के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं जैसे विज्ञान प्रश्नमंच, विज्ञान प्रदर्श, विज्ञान प्रयोग, विज्ञान पत्र वाचन, वैदिक गणित प्रश्नमंच, गणित प्रदर्श, गणित प्रयोग, वैदिक गणित पत्रवाचन में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। इस विज्ञान/गणित मेला में कुल 36 छात्र-छात्राओं ने भाग लिए। जिसमे 26 छात्र- छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किये एवं 8 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को आगामी 29 सितंबर से सीतामणी कोरबा में प्रांत स्तरीय विज्ञान/गणित मेला में भाग लेने के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बकरकट्टा के ग्राम पण्डरीपथरा से भोथली जाने वाले मार्ग में 7 किलो का टिफिन बम बरामद


पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



लगातार चलाये जा रहे नक्सल विरोदी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंकिता शर्मा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को सर्चिंग के दौरान नुकसान पहुँचाने एवं हथियार लूटने की नियत से ग्राम पण्डरीपथरा से भोथली जाने वाले रास्ते पर एक टिफिन बम लगाये गये है। उक्त सूचना की पुनः तस्दीक कराया गया। सूचना की पुष्टि होने पर उपरोक्त टिफिन बम को बरामद करने हेतु थाना बकरकट्टा, कैम्प मलैदा एवं कैम्प बुढानभाठ की सयुक्त सर्चिंग टीम तैयार कर थाना बकरकट्टा से कुन्ही, केकराझोला, पण्डरीपथरा, भोथली जंगल, मरकाटोला, सरोधी की ओर भेजा गया। बेस कैम्प बुढानभाट से एसी श्यामलाल आईटीबीपी बुढानभाट के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की सयुक्त पार्टी कुकरापाठ, दुतागढ़, दैहान एवं मिरचाही की ओर तथा बेस कैम्प मलैदा से भदौरिया हॉक फोर्स कैम्प मलैदा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, हॉक फोर्स मलैदा एवं आईटीबीपी मलैदा की सयुक्त पार्टी ग्राम खम्हारडीह, घोडापाठ, टांगला व कौहाबहरा की ओर रवाना किया गया। टीम राजनांदगांव के नेतृत्व में निकली सयुक्त पार्टी पण्डीपथरा, भोथली की ओर सर्चिंग करते आगे बढ़ रही थी कि सुबह करीबन 08.30 बजे पण्डरीपथरा के लूटाही जंगल भोथली जाने वाले जंगल रास्ते के पास वायर दिखायी दिया, जिसे बीडीएस टीम द्वारा सतर्कता पूर्वक सर्च कर लगभग 07 किलों का टिफिन बम निकाला गया, तत्पश्चात सुरक्षागत कारणों को ध्यान में रखते हुये ब्लास्ट किया गया। उक्त टिफिन बम नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को सर्चिंग के दौरान नुकसान पहुँचाने एवं हथियार लूटने की नियत से लगाया गया था।

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर निकाय के लिए 3 करोड़ स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप निकायों में विकासकार्यों के लिए अधोसंरचना मद से राशि स्वीकृत किये गए हैं। इसी तारतम्य में नगर पंचायत डोंगरगांव में मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 3 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त स्वीकृति से नगर पंचायत क्षेत्र में विकासकार्य कराये जायेंगे।

इस संदर्भ में नगर पंचायत अध्यक्ष हीराभाई निषाद एवं नगर व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने पॉयनियर को बताया कि मुख्यमंत्री ने निकायों के सुदृढ़ीकरण हेतु स्तर अनुपात में राशि प्रदाय करने की घोषणा मार्च माह में की थी। उक्त घोषणा पर अमल करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति आदेश जारी कर दिए हैं। नगर पंचायत परिवार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### हितग्राही लगातार नेताओं व अफसरों के चक्कर काट रहे, मंगलवार को दुकान खाली करने का निगम ने दिया अल्टीमेटम

## 40 साल से काबिज दुकानदारों को निगम ने बताया अपात्र, महापौर- आयुक्त ने साधी चुप्पी, परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लखोली में बने मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की दुकानों से पात्र हितग्राहियों को वंचित कर दिया गया है। इन हितग्राहियों की जगह दुकान का आवंटन किसी अन्य को कर दिया गया है। अब इन हितग्राहियों को नगर निगम ने दुकानें छोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया है और कहा है कि मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में उन्हें हटा दिया जाएगा। विरोध के चलते निगम प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मंगलवार को दुकान खाली कराने जाने की बात कह रहा है।

गंभीर बात यह है कि जिन दुकानदारों को अपात्र बताया जा रहा है, वह उक्त स्थल में पिछले 40 साल से दुकान चला रहे थे। जिन्हें साल 2019 में नोटिस देकर जगह खाली कराया गया और दुकान बनने के बाद प्राथमिकता के साथ दुकानें आबंटित करने की बात कही गई। लेकिन जब दुकानें बनकर तैयार हुई तो उन्हें अब अपात्र बता दिया गया है। हितग्राही भागवत यादव, घनश्याम साहू, दुर्गेश मानकर और उर्मिला यादव ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, सांसद और कलेक्टर तक से की हैलेकिन अब तक इन्हें कोई समाधान प्राप्त नहीं हुआ है । इधर महापौर और निगम आयुक्त से भी मिलकर उन्होंने अपनी समस्या बताई। लेकिन उन्हें किसी तरह का सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया। महापौर हेमा देशमुख ने दुकानों के आवंटन को पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के समय का बता दिया। वहीं आयुक्त ने इस मामले में किसी तरह की मदद नहीं कर पाने की बात कही दी। इससे हितग्राही परेशान हैं।





### दुकान से चलती है परिवार की आजीविका

हितग्राहियों ने बताया कि दुकान के माध्यम से ही उनके परिवार की आजीविका चलती है। लेकिन अब उनसे इस दुकान को भी षड़यंत्र पूर्वक छिना जा रहा है। जिसके बाद उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पात्र होने के बाद भी उन्हें अपात्र बताकर दुकानों से वंचित किया जा रहा है। अगर उनकी समस्या सुनी गई तो वे अपने परिवार सहित आत्मदाह के लिए विवश होंगे। उन्होंने निगम परिसर में ही आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

### 2019 में बनाई गई दुकानें, नोटिस भी जारी किया

नगर निगम ने साल 2019 में लखोली के पुरानी चौकी के सामने दुकानों का निर्माण शुरू किया। इस दौरान वहां चारों दुकानदार अपनी अस्थाई दुकानें लगाकर व्यवसाय कर रहे थे। मौके पर निगम ने 7 दुकानें मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत बनाई है। प्राथमिकता के मुताबिक चारों हितग्राहियों को दुकानें देना था, लेकिन उन्हें अब निगम प्रशासन ने अपात्र बता दिया है। इससे इन दुकानदारों के सामने संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

### निगम ने कब्जा छोड़ने का दिया है नोटिस

दुकान बनने के बाद भी जब उन्हें दुकानें आबंटित नहीं की गई तो हितग्राहियों ने अलग-अलग दुकानों में कब्जा कर लिया। अपना ताला जड़कर उन्होंने व्यवसाय शुरू किया है। जिसे अब निगम खाली करने का नोटिस दे रही है। बीते दिनों भी निगम की टीम दुकानें खाली कराने के लिए मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब हंगामे और वार्डवासियों के विरोध के बाद टीम वापस लौट आई। अब निगम ने मंगलवार को दल बल के साथ मौके पहुंचकर दुकानें खाली कराने की तैयारी की है।

### दुकान आवंटन में लगातार गड़बड़ी की शिकायत, सरकार की बदनामी

नगर निगम पर दुकान आवंटन में मनमानी का यह पहला मामला नहीं है। इसके पहले ही कमला कॉलेज रोड में बनी दुकानों में ऐसी गड़बड़ सामने आ चुकी है। जहां के हितग्राहियों ने अपनी दुकान के लिए चक्का जाम तक किया था। इसके बाद भी जब राहत नहीं मिली तो हितग्राहियों ने हाईकोर्ट में अपील की है। जहां से नए सिरे से दुकानों के आवंटन को लेकर निर्देश जारी किया गया है। अलग-अलग हिस्सों में भी इस तरह की गड़बड़ी निगम प्रशासन के ऊपर लगातार लग रहा है।

### हितग्राहियों से आयुक्त ने कहा, महापौर का प्रेशर है

पायनियर से चर्चा के दौरान हितग्राहियों ने खुलकर बताया कि इस मामले को लेकर वो निगम कमिश्नर से भी मिल चुके हैं लेकिन उनका सॉफ्टेर पर ये कहना है कि महापौर का उन पर बहुत प्रेशर है इस मामले को लेकर इसलिए वो कुछ कर नहीं सकते ।

# दो साल के इंतजार बाद शुरू हुआ एनसीसी कैडेट्स का ट्रेनिंग

## सेकंड लाइन ऑफआर्मी की तैयारी, 3500 कैडेट्स ले सकेंगे प्रशिक्षण

■ 1 सीजी बटालियन की स्थापना के साथ ही 3500 एनसीसी कैडेट्स के पद स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



जिले में 1 सीजी बटालियन की स्थापना के साथ ही 3500 एनसीसी कैडेट्स के पद स्वीकृत किए गए थे। छत्तीसगढ़ के 4 जिले कोरबा, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार और सूरजपुर के लिए कोरबा का मुख्यालय बनाया गया था । मंशा थी कि यहां से एनसीसी के कैडेट कर तैयार होंगे। लेकिन कोरोना के 2 साल में यह गतिविधियां पूरी तरह से बंद थी। अब एक बार फिर से एनसीसी की गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

दो साल के दौरान कोरोना वायरस के कारण के कारण पूरी दुनिया ने नुकसान झेला। खासतौर पर खेलकूद और छात्र जीवन से जुड़ी कई गतिविधियों पर ग्रहण लग गया। कोरबा जिले में एनसीसी कैडेट्स को तैयार करने के लिए 3500 कैडेट क्षमता वाले 1 सीजी बटालियन की स्थापना 2020 में की गई थी लेकिन कोरोना वायरस के कारण 2 साल पूरी तरह से बर्बाद हो गये। एनसीसी की गतिविधियां लगभग शून्य रहीं। अब एक बार फिर से इन गतिविधियों को शुरू कर दिया गया है। जिले के पीजी कॉलेज के पास 1 सीसी बटालियन में कर्नल, लेफ्टिनेंट कर्नल और सूबेदार रैंक के आर्मी अधिकारियों द्वारा एनसीसी केडेट्स को ट्रेनिंग दी जा रही है ।कर्नल के पास 42 स्कूल और कॉलेज ने एनसीसी गतिविधियों को अपनी संस्था में शुरू करने के लिए आवेदन किया है। 2 साल बाद ही सही अब कोरबा जिले में सेकंड लाइन ऑफ आर्मी की तैयारी शुरू हो चुकी है।1 सीजी बटालियन कोरबा की कमान कर्नल रितोब्रोतो सेनगुप्ता के हाथ में है ।वह यहां के कमांडिंग ऑफिसर हैं ।कर्नल ने बताया कि एनसीसी का छात्र जीवन में खासा महत्व होता है ।हम बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाते हैं, जो अनुशासन में रहकर जीवन जियें और अपने कर्तव्यों को पूरा करें। कॉलेज में पहुंचकर यदि किसी कैडेट ने सी सर्टिफिकेट हासिल कर लिया है तो उसे कई प्रतियोगी परीक्षाओं में 5 नंबर का बोनस अंक मिलता है ।इसके साथ ही आर्मी या किसी भी तरह के डिफेंस की परीक्षा में उन्हें लिखित परीक्षा नहीं देनी पड़ती है ।वह सीधे इंटरव्यू में एक विशेष कोटा के तहत शामिल होते हैं।

### 600 कैडेट्स ले रहे प्रशिक्षण

कोरबा में स्थापित बटालियन की कुल क्षमता 3500 है। यह कोरबा, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार और सूरजपुर में एनसीसी गतिविधियों का मुख्यालय है। 2 साल बाद शुरू होने के कारण यहां कई संसाधन उपलब्ध नहीं है। फिलहाल यहां सिर्फकोरबा जिले के 9 अलग अलग संस्थाओं के 600 कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं । इन्हें आर्मी के जवानों द्वारा एनसीसी से जुड़ी सभी तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है. परेड के साथ ही हथियारों का प्रशिक्षण भी कैडेट्स को दिया जा रहा है। एनसीसी कैडेट ही स्वतंत्रता, गणतंत्र और कई तरह के परेड में हिस्सा लेते हैं। जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान मिलता है।

# नौकरी का झांसा देकर ठग लिए लाखों रुपए

## बेरोजगारों से किया गया धोखा, एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



बढ़ती बेरोजगारी के दौर में रोजगार की आस लिए बैठे लोगों को ठगी का शिकार होना पड़ा है। निजी कंपनी का मुखिया बताकर और सामान तथा आईडी कार्ड के एवज में लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। दो माह से वेतन नहीं मिलने पर ठगी का खुलासा हुआ और ठगे हुए लोगों ने पुलिस के पास पहुंचकर व्यथा बताई। एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार दिनेश दास महंत पिता जेठू दास महंत 35 वर्ष हरदीबाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के भिलाई बाजार का रहने वाला है। बेरोजगार होने के कारण वह काम की तलाश में लगा हुआ था। इस बीच उसकी मुलाकात प्रमोद राउत निवासी संजय नगर कोरबा से हुई, जिसने खुद को एमएसके कंपनी का हेड बताया और कार्यालय बाईपास रोड मुड़ापार में होने की जानकारी दी। दिनेश को प्रमोद ने बताया कि एसईसीएल के मानिकपुर, कुसमुण्डा, गेवरा, दीपका और बालको प्लांट में सेम्पलर और सुपरवाईजर के पद पर करीब 600 लोगों को भर्ती करना है। प्रत्येक कर्मचारी को बीमा और ईपीएफका लाभ दिया जाएगा साथ ही काम करने के लिए जूता, यूनीफार्म और प्रतिदिन 600 रुपए के मान से वेतन हर माह 18 हजार रुपए दिया जाएगा। नियुक्ति और प्रक्रिया के लिए 30 हजार रुपए दिनेश दास से प्रमोद राउत ने अपने कार्यालय मुड़ापार में 12 जुलाई को लिया। 28 जुलाई को कंपनी में काम करने के लिए जैकेट, जूता और एमएसके कंपनी का आई कार्ड प्रदान किया। दो महीने काम करने के बाद भी न तो कंपनी के बारे में कोई जानकारी मिली और न ही कार्यस्थल (साइट) का पता चला। कर्मचारियों को धोखे में रखकर कभी एसईसीएल गेवरा परिसर के आसपास या खदान के नर्सरी में बैठा दिया जाता है लेकिन काम का कोई वेतन भी नहीं मिला है। संदेह होने पर पता किया तो फर्जी कंपनी में नौकरी देने की बात सामने आई। करीब 200 लोगों से अलग-अलग रकम लेकर धोखाधड़ी करना ज्ञात होने पर इन लोगों ने मानिकपुर पुलिस चौकी पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।सैकड़ों की संख्या में ठगे हुए लोगों ने पुलिस चौकी पहुंचकर एमएसके कंपनी के कथित हेड के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर यहां एएसपी अभिषेक वर्मा, सीएसपी योगेश कुमार साहू भी पहुंचे और पूरी जानकारी ली। पीड़ितों ने ठगे गए रुपए वापस दिलाने का आग्रह पुलिस से किया है। दिनेश दास की रिपोर्ट पर प्रमोद के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# लाइटर नहीं जला अन्यथा पेट्रोल पंप में लग जाती आग,मानसिक रोगी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




नेहरू चौक स्थित पेट्रोल पंप में एक मानसिक रोगी युवक ने आग लगाने का प्रयास किया। पेट्रोल पंप कर्मी जब गाड़ियों में पेट्रोल डाल रहे थे। उसी समय युवक ने पेट्रोल के पाइप को लूटकर नोजल में लाइटर से आग लगाने की कोशिश की। इससे आसपास हड़कंप मच गया। वहां से लोग गाड़ियों को छोड़कर भागने लगे। फिर युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया। शनिवार की दोपहर 12 बजे नेहरू चौक स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम पम्प में पेट्रोल डलवाने के लिए लोग लाइन लगाकर खड़े थे। इस बीच एक युवक पम्प पहुंचा। उन्होंने कर्मचारी के हाथ से नोजल पाइप को लूटकर लाइटर जलाने लगा। युवक की हरकत की वजह से लोगो की जान खतरे में पड़ गई। पेट्रोल पंप कर्मी और आसपास के लोगों ने समय रहते युवक को पकड़ लिया। जिससे एक बड़ी घटना टल गई। उसके बाद कुछ पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और उन्होंने भीड़ के बीच से युवक को बचाया। फिर उसे हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाना ले गए। पुलिस ने युवक के कब्जे से तीन मोबाइल और कई संदिग्ध चीजें भी जब्त की गई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि नेहरू चौक पर आज एक युवक द्वारा आपत्तिजनक कृत्य करके जनता को परेशानी में डालने संबंधी कृत्य किए जाने की सूचना पर तत्काल सिविल लाइन पुलिस पेट्रोलिंग भेजकर उस युवक को थाना लाकर पूछताछ करने का प्रयास किया गया।

# गूगल में सर्च कर कस्टमर केयर का नंबर ढूंढना महिला को भारी पड़ा, 98 हजार रुपए की लगी चपत

## किसी भी तरह के कस्टमर केयर नंबर की जानकारी गूगल से ढूंढने की कोशिश ना करें

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस द्वारा साइबर ठगों से सावधान रहने की बार बार अपील और जानकारी के बाद भी लोग साइबर ठगी करने वालों के झांसे में आ जा रहे है और उनका बैंक अकाउंट खाली हो रहा है। एक महिला ने जिओ कस्टमर केयर का नबर पता करने गुगल में सर्च करने की भूल कर बैठी और इस चक्कर में उसे 98 हजार रुपए की चपत लग गई। पीड़िता आकृति दुबे को आइडिया कंपनी का कस्टमर नंबर चाहिए था। उन्होंने गूगल सर्च इंजन से नंबर तलाश किया जिस पर कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने उन्हें झांसे में लेते हुए फोन पे के माध्यम से क्रमशः 49,912,39, 912 और 8999 इस तरह कुल98,872 ठग लिए। इसकी रिपोर्ट सरकंडा थाने में दर्ज की गई थी। इस मामले में सरकंडा पुलिस ने एसीसीयू की भी मदद ली।

वही साइबर सेल ने तकनीकी जानकारी जुटाने शुरू की तो एनएसडीएल बैंक खाते की जानकारी मिली। इस खाते में 29 सितंबर को 48,500 शिवराम यादव और राम बाबू के पेटीएम बैंक अकाउंट में और 49,999 एचडीएफसी बैंक में ट्रांसफर हुए थे। जिसके बाद पुलिस ग्राम बिशनपुरा जिला वैशाली नगर पहुंची और आरोपी उदय शंकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बैंक अकाउंट में मौजूद 3 लाख 75 हज़ार 289 होल्ड करा दिया गया है। पुलिस ने अपील की है कि किसी भी तरह के कस्टमर केयर नंबर की जानकारी कभी भी गूगल से ढूंढने की कोशिश ना करें। यहां अक्सर ठगों के नंबर दिए होते हैं, जिनके द्वारा इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया जाता है।

# राष्ट्रीय पोषण माह में विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संरक्षक प्राचार्य जी पी लहरे तथा कार्यक्रम अधिकारी राकेश टंडन के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। ग्राम पंचायत उतरदा के महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर सहोद्रा साहू के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय पोषण आहार माह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का प्रदर्शन, पोष्टिक भाजी, सब्जी, फलों का प्रदर्शन, पोषण की जानकारी पर परिचर्चा एवं छोटे बच्चों का पोषण से संबंधित फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। प्राचार्य जी पी लहरे द्वारा बताया गया कि हमको अपने बच्चों को बाल्यावस्था से ही विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों को खाना सिखाना चाहिए ताकि उनके अंदर इन खाद्य पदार्थों को धीरे-धीरे खाने की आदत बने। जिससे उनको संतुलित आहार मिल सके और उन बच्चों का संपूर्ण शारीरिक विकास हो । जिससे निश्चित ही उनके सकारात्मक मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास होगा। इसलिए समस्त आगंतुक माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, किशोरी बालिकाओं तथा अन्य ग्रामीणों को संदेश देते हुए कहा कि हमको सभी बच्चों को स्वस्थ बनाना हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी है। अन्नपूर्णा जगत, नीलाक्षी टंडन, विनीता कांत, अभिलाषा मिरी, आस्था राठौर, आकांक्षा सिदार, गुलिस्ता भारद्वाज, अंजू जगत, अंजू मरावी सहित अन्य बालिका स्वयंसेवकों के द्वारा राज गीत का गायन किया गया।

# पदोन्नति और वरिष्ठता के मामले में मुख्य सचिव और राजस्व सचिव को नोटिस

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एक डिप्टी कलेक्टर के पदोन्नति और वरिष्ठता के मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन एवं सचिव, राजस्व विभाग को नोटिस जारी किया है। स्टेशनपारा, महासमुन्द निवासी शंकरलाल सिन्हा डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। पूर्व में शंकरलाल सिन्हा के साथ तहसीलदार पद पर प्रमोशन प्राप्त सभी अधिकारियों का वर्ष 2016 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर प्रमोशन कर दिया गया था परन्तु शंकरलाल सिन्हा के विरूद्ध एक विभागीय जांच लंबित होने के कारण उन्हें डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन से वंचित कर दिया गया था । माह अगस्त 2018 में विभागीय जांच में पूर्ण रूप से दोषमुक्त हो जाने पर सिन्हा द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर कर विभागीय जांच में पूर्ण दोषमुक्ति के आधार पर वर्ष 2016 से अपने साथियों के समान डिप्टी कलेक्टर पद पर सीनियरिटी की मांग की गई ।उच्च न्यायालय द्वारा याचिका को स्वीकार कर मुख्य सचिव , सामान्य प्रशासन एवं सचिव राजस्व विभाग को यह निर्देशित किया गया था कि वे 4 ( चार ) माह के भीतर याचिकाकर्ता का मामला निराकृत करे लेकिन समयावधि बीत जाने के पश्चात् भी कलेक्टर के पद पर सीनियरिटी प्रदान न किये जाने से क्षुब्ध होकर सिन्हा द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष अवमानना याचिका प्रस्तुत की गई । उक्त अवमानना याचिका में सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए एवं गंभीर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग कुलभूषण टोप्पो एवं सचिव, राजस्व विभाग- नीलम नामदेव एक्का को अवमानना नोटिस जारी कर तत्काल जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ।

# हेल्थ इंश्योरेंस पालिसी के नाम पर ठगी करने का आरोपी दिल्ली से पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चकरभाठा गरिमा द्विवेदी के मार्गदर्शन में साइबर फ्राड के आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है। प्रार्थी विद्याभूषण द्विवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि था कि अज्ञात नंबर से फोन आया और उन्हें बताया गया कि प्रार्थी ने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी एचडीएफसी एर्गो से ली है, उसकी वार्षिक प्रीमियम राशि डायरेक्ट पेमेंट करने से एजेंट को मिलने वाला कमीशन नहीं लगेगा और कम रुपए में इंश्योरेंस पॉलिसी किस्त जमा हो जाएगी। प्रार्थी को बार बार फोन कर इंक्वायरी कर कुछ जानकारियां अज्ञात आरोपी ने ली तथा प्रार्थी द्वारा रूपए जमा नहीं करने पर आरोपी ने प्रार्थी के इंश्योरेंस पॉलिसी के नॉमिनी का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी चेंज कर दिया जिससे इंश्योरेंस का लाभ प्रार्थी या परिजन को नहीं मिलता और इंश्योरेंस पॉलिसी डिस्कंटीन्यू होने से अगली किश्त में प्रिंसिपल अमाउंट से अधिक रुपए लगे। रिपोर्ट अनुसार थाना चकरभाठा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान आरोपी का दिल्ली में होना पाया गया जिस पर टीम दिल्ली गई थी किंतु आरोपी घर छोड़कर अन्यत्र निवास कर रहा था जिस वजह से आरोपी नहीं मिला था।पुनः आरोपी के संबंध में तकनीकी जानकारी एकत्र कर चकरभाटा पुलिस टीम दिल्ली जाकर सात दिवस रह कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी मनप्रीतसिंह उर्फ प्रीतम सिंह पिता जगपाल सिंह उम्र 26 वर्ष साकिन पटेल नगर दिल्ली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया।आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व मोबाइल नंबर को जप्त किया गया है। आरोपी पूर्व में कॉल सेंटर में काम कर चुका है जिस वजह से उसे इंश्योरेंस पॉलिसी व किश्तों की जानकारी है।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।आरोपी से हुई जप्ती के अनुसार अन्य राज्य एवं अन्य जिलों में भी अन्य व्यक्तियों से आरोपी द्वारा ठगी की गई होगी जिनसे संपर्क कर जानकारी एकत्र कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक, प्रधान आरक्षक प्रवीण पाण्डेय, आरक्षक सतीश यादव, सतपुरण जांगड़े, नूरुल कादीर का योगदान रहा।

# वनभूमि पर वर्षों से काबिज लोगों को पट्टा देने सर्वे शुरू, पाली के 11 वार्ड होंगे लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



जंगल वाले हिस्से में काबिज लोगों को मौके पर स्थायी रूप से बने रहने के लिए सरकार ने योजना बनाई है। लगातार इसके तहत लाभ दिया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र पाली में इसके लिए सर्वे को औपचारिक रूप से शुरू किया गया है। प्रक्रियाओं के तहत आगामी दिनों में संबंधितों को पट्टा की पात्रता सुनिश्चित की जाएगी। इस विषय पर विधायक मोहितराम केरकेट्टा एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष उमेश चंद्रा व राज्य गौ सेवा आयोग सदस्य प्रशांत मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाददाताओं से बातचीत की। योजनाओं के पहलुओं को स्पष्ट किया गया। बताया गया कि नगर पंचायत में कुछ वार्ड की भौगोलिक संरचना बड़े झाड़ के जंगल वाली है। यहां मौजूदा आबादी का वास्ता काफी समय से है। सरकारी रिकार्ड के आधार पर इस बारे में खाका तैयार किया जाना है। उक्तानुसार वन भूमि पट्टा दिए जाने के लिए सर्वे किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए जो पॉलिसी बनाई है उसे फॉलो किया जाएगा और पात्रता रखने वाले लोगों के नाम सूची में शामिल किए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चन्द्रा ने बताया कि पेपर वर्क और अन्य औपचारिकता पूर्णता के बाद भविष्य में मुख्यमंत्री के हाथों ऐसे लोगों को जमीन के पट्टे प्रदान कराए जाएंगे। अध्यक्ष के अनुसार नगरीय क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। हमने यहां की प्राथमिकताओं के बारे में आगे जानकारी भेजी है। विश्वास है कि इस परिप्रेक्ष्य में अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

# किडनी में फैल चुका था इंफेक्शन, एनकेएच में मिली नई जिंदगी

**कोरबा।** किडनी में गंदा पानी जमा हो जाने और इंफेक्शन के कारण महज ढाई वर्ष के मासूम आदि कुमार की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही थी। मासूम के हाथ-पैर में सूजन, पेशाब का नहीं होना, बुखार रहना और खाना-पीना नहीं खा सकने की समस्या बढ़ती जा रही थी।

कोरबा जिले के ग्राम भादा (कनकी) के रहने वाले माता-पिता ने अपनी क्षमता अनुसार गांव के डॉक्टर से बच्चे का ईलाज कराया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। इसके बाद किसी से जानकारी मिलने पर , बच्चे के परिजन अत्यंत गंभीर स्तिथि में बच्चे को न्यू कोरबा हॉस्पिटल ले कर आए थे। यहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नागेन्द्र बागरी से जांच कराया।

## कोरोना काल के बाद पटरी पर नहीं लौंट रही ट्रेनें

# रद्द ट्रेनों के परिचालन लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा।
www.dailypioneer.com




कोरोना संक्रमणकाल के बाद से यात्री ट्रेनें पटरी पर लौट नहीं पा रही हैं। कुछ दिनों के लिए ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया था। इसके बाद रेलवे ने एक बार फिर कई ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया है। कोरोना संक्रमण काल के दो साल बाद भी यात्री ट्रेनों का परिचालन सामान्य नहीं हो पाया है। दूर के साथ ही आसपास की यात्रा करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन मार्ग से यात्रा बंद होने के कारण लोगों का गुस्सा भी फूटने लगा है। ज्ञापन में बताया कि कोरोना काल के बाद से देखा जा रहा है कि रेलवे द्वारा मनमानि करते हुए माल गाड़ियों के परिचालन को बढ़ाया जा रहा है और लगातार यात्री ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया जाता है और जो यात्री ट्रेनें चल रही है वह भी 6 से 8 घण्टा विलम्ब से चल रही है जिससे यात्रियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है यात्री अपने परिवार के साथ में स्टेशन पर ही भूखे प्यासे ट्रेनों के इंतजार में बैठे रहते है रेलवे द्वारा कई यात्री ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया गया है जिसमें रोजाना एक लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं , साथ ही अभी पितृ पक्ष का समय चल रहा है और लोगो को अपने परिजनों को तर्पण देने हेतु गया जी जाना होता है ट्रेनों के परिचालन रद्द होने से उन्हें काफी कठिनाईयां झेलनी पड़ रही है कुछ दिनों में नवरात्रि का महापर्व शुरू होने वाला है जिसमें लोग देवी दर्शन करने हेतु डोंगरगढ़ मेहर व कलकत्ता जाते है साथ ही छत्तीसगढ़ में निवासरत पश्चिम बंगाल के लोग नवरात्रि में बंगाल जाते है यात्री ट्रेनों के रद्द होने से उनमें भी काफी रोष है जिले के शासकीय व अशासकीय संस्थानों में काम करने के लिए बिलासपुर, रायपुर,रायगढ़ व कोरबा से अनेक लोग काम करने के लिए ट्रेनों से आते जाते है साथ ही जांजगीर-चांपा के लोग भी काम करने के लिए अन्य शहर ट्रेनों के माध्यम से करते है परन्तु रेलवे द्वारा कभी भी किसी भी समय यात्री ट्रेनों के परिचालन को रद्द कर दिया जाता है जिससे उन्हें काफी समस्या उत्पन्न होती है अगर यात्री ट्रेनों के परिचालन को रद्द किया गया है उन्हें तत्काल प्रभाव से व नियमित रूप से परिचालन करने हेतु आदेश जारी नही किया गया तो जांजगीर-चाम्पा की जनता को साथ लेकर रेलवे का घेराव करते हुए मालगाड़ियों को रोका जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी, पार्षद नागेंद्र गुप्ता, पार्षद गोविंद देवांगन, उमेश तिवारी, किशन सोनी, मो. अली, राजू शर्मा, तहमीद अंसारी, राजीव मिश्रा, महेश पटेल, वासुदेव शर्मा, जुम्मन खान, तुषार यादव, विनय कर्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व रेलवे स्टेशन में उपस्थित यात्रीगण मौजूद थे ।

# जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे

## वार्ड पार्षद ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ✓ चांपा।
www.dailypioneer.com



चांपा नगर के वार्ड नंबर 26 जगदल्ला में सरकारी प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर हालत में है वार्ड पार्षद पुसऊ सिंह सिदार ने भवन के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, कलेक्टर को पत्र लिखकर भवन के पुनर्निर्माण की मांग की है। ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 26 जगदल्ला में सरकारी प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर हालत में है। वार्ड पार्षद ने भवन के मरम्मत के लिए लिखित में मांग की है स्कूल भवन हालात बहुत खराब है चारों तरफ जंगली पौधे, घास फूस उग आए है स्कूल के बच्चे अपने जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं उक्त शाला भवन की मरम्मत की मांग कई बार कर चुके है लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया है यहां पेड़-पौधो कारण सांप बिच्छू का खतरा लगा रहता है बारिश का मौसम अभी पूरा तरह खत्म नहीं हुआ है और पानी गिरने से जहरीले जीव जंतुओं द्वारा बच्चों के काटने की कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# खस्ताहाल सड़क, सीएम नाराज

## बघेल की दो टूक : सड़कों की मरम्मत, कार्य न होना लापरवाही दर्शाता है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में पीडब्लूडी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में राज्य में सड़कों की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राशि स्वीकृति के बाद भी सड़कों की मरम्मत और कार्य ना होना आपकी लापरवाही दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन सड़कों पर तेजी से कार्य करायें और जिन सड़कों में पैचवर्क की आवश्यकता है वहां तत्काल पैचवर्क करें। सड़कों की खराब स्थिति पर एक सप्ताह बाद दोबारा समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ रोड एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिसंबर 2022 तक 150 सड़कों और 15 पुल, मार्च 2023 तक 160 स?क और 20 पुल, जून 2023 तक 74 सड़क और 25 पुल तथा दिसंबर 2023 तक 34 सड़क और 5 पुल का कार्य पूरा करा लिया जायेगा। इस प्रकार कुल 520 कार्यों में से दिसंबर 2023 तक 483 कार्य पूर्ण करा लिये जाएंगे। बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत कटघोरा-हरदीबाजार-बलौदा-अकलतरा मार्ग में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिला रायगढ़ अतंर्गत चंद्रपुर-डभरा-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग का नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है जिन्हें शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा। जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत फरगुम से डभरा होते हुये चंद्रपुर मार्ग, जिला दुर्ग अंतर्गत दुर्ग अण्डा उतई पाटन अभनपुर मार्ग, दुर्ग के एसीसी चौक जामुल से नंदिनी अहिवारा मार्ग, जिला बालोद के आदमाबाद घोटिया डौंडी मार्ग, जिला जशपुर के बतौली-बगीचा-चरईडांड मार्ग, जिला सरगुजा के अंबिकापुर-दरिमा-नवानगर मार्ग, जिला बस्तर के जगदलपुर बायपास मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग, एडीबी परियोजना एवं बजट में सम्मिलित विभिन्न योजना के तहत निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़क और पुल के कार्य तेजी से पूर्ण कराये जा रहे हैं। बैठक में लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, वित्त विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, डॉ. एस. भारतीदासन, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, मुख्यमंत्री की उप सचिव सौम्या चौरसिया, सीजीआरआईडीसीएल के प्रबंध संचालक सारांश मित्तर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा व आरएसएस की विचारधारा में आदिवासियों के प्रति घृणा और अपमान : विकास तिवारी

■ मोहन मरकाम आदिवासी है इसलिये उनका अपमान कर रही है भाजपा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मनोकामना पदयात्रा के मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि भारतीय जानता पार्टी की विचारधारा में आदिवासी समाज के लिये कोई भी स्थान नहीं है संघ और भाजपा आदिवासियो को हेय दृष्टि से देखती है उनको प्रताड़ित करती है जिसका बड़ा उदाहरण तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के दिन अपमानित करके पद से हटाया और अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं आदिवासियों के बड़े नेतृत्वकर्ता मोहन मरकाम का अपमान भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव ने किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा था कि मोहन मरकाम अपने नेता राहुल गाँधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कहाँ था की वे दंतेश्वरी माता के दर्शन करने के लिये एक दिन में पचास किलोमीटर की पदयात्रा करते हैं। जो सरासर झूठ है और इस बयान का मजाक अरुण साव ने उठाया था।चूकि मोहन मरकाम एक आदिवासी है। माता दंतेश्वरी के भक्त है इसलिये मोहन मरकाम को अपमानित करने में भाजपा और आरएसएस के नेताओ को आनंद प्राप्त हो रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक अरूण साव ने मोहन मरकाम को झूठा कहां और माता दंतेश्वरी के प्रति उनकी आस्था का मखौल उड़ाया।

मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने बताया की आज जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने भाजपा अध्यक्ष अरुण साव,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वाराकिये जा रहे चार दिवसीय मनोकामना पदयात्रा जिसका उद्देश्य प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना है इस पदयात्रा में शामिल होने का निमंत्रण पत्र सौपा।

## राज्यपाल ने एसईसीएल के सैनिक विश्रामगृह का उद्घाटन किया



**बिलासपुर** । एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में भूतपूर्व सैनिकों के लिए सैनिक विश्रामगृह का निर्माण कराया है। उक्त कार्य हेतु सार्वजनिक उपक्रम ने सीएसआर मद से 1.09 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की थी। नवनिर्मित सैनिक विश्रामगृह, जगदलपुर का उद्घाटन राज्यपाल अनुसुईया उइके द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस पुनीत कार्य के लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, जगदलपुर को बधाई दी तथा एसईसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403